www.deshbandhu.co.in ख़बरें लगातार...

राष्ट्रीय संस्करण

SUNDAY

नई दिल्ली, रविवार, 8 अक्टूबर, 2023

वर्ष – 16 | अंक – 183 | पृष्ठ – 10

मूल्य – 3.00 रु.

www.deshbandhu.co.in ख़बरें लगातार...

पत्र नहीं मित्र

# देशबन्धु



साहित्य

फिल्म 'स्वामी' : गणेश आचार्य पृष्ठ 06

रूटीन वैक्सीन से मिलने वाली इम्युनिटी कैंसर से लड़ने में सक्षम पृष्ठ 10

भारत लोकतंत्र की जननी : ओम बिरला पृष्ठ 02

■ वायु प्रदूषण के खिलाफ सरकार गंभीर : राय
■ हमें प्रकृति के प्रति आदर व प्यार करना होगा जागृत : राजेन्द्र सिंह 03

■ गाजा से हमले के बाद युद्ध की स्थिति में इजरायल : नेतन्याहू
■ लीबिया संसद ने नव स्वीकृत चुनाव कानूनों को संयुक्त राष्ट्र ... 07


## पुरुष टीम ने आठवीं बार कबड्डी में जीता सोना



**हांगझोउ।** एशियाई खेलों में कबड्डी स्पर्धा के फाइनल में भारत ने ईरान को करीबी मुकाबले में 33-29 से परास्त कर आठवीं बार खिताब अपने नाम किया। 2018 में जकार्ता एशियाई खेल में भारत सेमीफाइनल में ईरान से हार गया था। इससे पहले बीजिंग 1990 में एशियन गेम्स में कबड्डी की शुरुआत के बाद से भारत ने सभी सात स्वर्ण पदक जीते थे।

### महिला कबड्डी टीम का भी स्वर्णिम प्रदर्शन

**हांगझोउ।** भारतीय महिला कबड्डी टीम ने पांच साल के अंतराल के बाद एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक हासिल कर लिया। भारतीय टीम ने चीनी ताइपे को एक अंक से हराकर खिताब अपने नाम किया।







### तीरंदाजी में ओजस व ज्योति सुरेखा रहे अव्वल

**हांगझोऊ।** मौजूदा विश्व चैंपियन भारत के तेजस प्रवीण देवतले ने शनिवार को हांगझोऊ में 19वें एशियाई खेलों में कंपाउंड पुरुष व्यक्तिगत तीरंदाजी प्रतियोगिता के फाइनल में अपने ही देश के अभिषेक वर्मा को हराकर एशियाई खेलों का खिताब अपनी झोली में डाल लिया। वहीं व्यक्तिगत तीरंदाजी स्पर्धा में ज्योति सुरेखा वेन्नम ने फाइनल में कोरिया गणराज्य की सो चैवोन को हराकर कंपाउंड महिला स्वर्ण पदक जीत लिया।



## सात्विक-चिराग ने रचा इतिहास

### बैडमिंटन में भारत के लिए जीता स्वर्ण

**हांगझोउ।** एशियाई खेलों में बैडमिंटन कोर्ट ने कई यादगार पल देखे हैं, लेकिन दो युवाओं द्वारा अपनी त्वरित सजगता, सटीक शॉट्स और जबरदस्त पावरप्ले से कोरिया गणराज्य की युगल जोड़ी को चौंका देने वाला अनोखा नजारा कभी नहीं देखा गया। एशियाई खेलों में बैडमिंटन के इतिहास में भी कभी किसी भारतीय जोड़ी ने स्वर्ण पदक नहीं जीता है। शनिवार को सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की युगल जोड़ी ने एशियाई खेलों में बैडमिंटन में भारत के लिए पहला स्वर्ण पदक जीतकर इतिहास रच दिया।

## सार संक्षेप

### इमरान मसूद ने की कांग्रेस में वापसी




**नई दिल्ली।** पश्चिमी उत्तर प्रदेश के बड़े मुस्लिम चेहरों में शुमार इमरान मसूद ने आखिरकार फिर से कांग्रेस पार्टी में घर वापसी कर ली हैं। बसपा से निष्कासित होने के बाद नए राजनीतिक ठिकाने की तलाश में लगे थे। कांग्रेस संचार विभाग के प्रभारी पवन खेड़ा, वरिष्ठ नेता राजीव शुक्ला व उत्तर प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष अजय राय भी इस अवसर पर मौजूद रहे।

### प्रधानमंत्री मोदी ने इजराइल के साथ एकजुटता दिखाई



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इजरायल में आतंकवादी हमलों पर गहरा दुख जताया है और इस कठिन समय में इजरायल के साथ एकजुटता व्यक्त करने के साथ ही निर्दोष पीड़ितों एवं उनके परिवारों के प्रति संवेदना प्रकट की है। प्रधानमंत्री मोदी ने एक्स पर पोस्ट किया, इजरायल में आतंकवादी हमलों की खबर से गहरा सदमा लगा। हमारी संवेदनाएँ और प्रार्थनाएँ निर्दोष पीड़ितों और उनके परिवारों के साथ हैं।

### संजय सिंह के करीबी विवेक ईडी के समक्ष पेश



**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी (आप) के गिरफ्तार राज्यसभा सांसद संजय सिंह के करीबी सहयोगियों में से एक विवेक त्यागी शनिवार को कथित शराब घोटाले के संबंध में पूछताछ के लिए प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के सामने पेश हुए।

जीएसटी काउंसिल की बैठक में फैसला

## मोटे अनाज से बने उत्पादों पर अब टैक्स नहीं

### ज्वार, बाजरा और रागी आदि से बने फूड को टैक्स से छूट दी गई

**नई दिल्ली,** 7 अक्टूबर (देशबन्धु)। गुड्स एंड सर्विसेज टैक्स यानी जीएसटी काउंसिल की 52वीं बैठक में बिना ब्रांड के 70 फीसदी मिलेट्स वाले आटे पर जीएसटी नहीं लगेगा का फैसला लिया गया है। वहीं मिलेट्स वाले ब्रांडेड आटे पर 18 फीसदी से घटाकर 5 फीसदी कर दिया गया है। वहीं मोलासिस पर जीएसटी 28 फीसदी से घटाकर 5 फीसदी किया गया है। शनिवार को वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की अध्यक्षता में ये बैठक हुई। पाउडर के रूप में मिलेट्स यानी मोटे अनाज जैसे–ज्वार, बाजरा और रागी आदि से बने फूड को टैक्स से छूट दी गई है। अभी इन पर 18 फीसदी टैक्स लगता है। मोदी सरकार ने जी–20 प्रेसिडेंसी में मिलेट्स को खूब प्रचारित किया था। बता दें कि साल 2021 में यूनाइटेड नेशंस जनरल असेंबली में साल 2023 को इंटरनेशनल ईयर ऑफ मिलेट्स घोषित किया गया है।



#### क्रूज शिप्स पर आईजीएसटी हटाया

पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए क्रूज शिप्स पर आईजीएसटी हटाया गया। इस पर पहले 5 फीसदी टैक्स लगता था। वहीं इंडस्ट्रियल इस्तेमाल में आने वाले एक्स्ट्रा न्यूट्रल एल्कोहल पर 18 फीसदी जीएसटी वसूलने का फैसलस लिया गया है।

#### बैठक में लिए गए अहम फैसले

- सभी तरह की जरी वाली चीजों पर 5 फीसदी जीएसटी लगेगा।
- एक्स्ट्रा न्यूट्रल एल्कोहल पर 18 फीसदी जीएसटी लगेगा।
- 70 फीसदी मिलेट्स वाले ब्रांडेड आटे पर 5 फीसदी जीएसटी लगेगा।
- मोलासिस पर जीएसटी 28 फीसदी से घटाकर 5 फीसदी किया गया।

#### सितंबर में जीएसटी से 1.63 लाख करोड़ जुटाए

केंद्र सरकार ने सितम्बर 2023 में गुड्स एंड सर्विसेज टैक्स से 1.63 लाख करोड़ रुपए जुटाए हैं। ये एक साल पहले यानी सितंबर 2022 के मुकाबले 10.2 फीसदी ज्यादा है। तब त्रस्ज्ञ से 1.47 लाख करोड़ रुपए जुटाए गए थे।

नेशनल मेडिकल कमीशन ने जारी की ई-बुकलेट

## पर्चे पर सिर्फ नाम व डिग्री ही लिखे डॉक्टर

**नई दिल्ली,** 7 अक्टूबर (एजेंसियां)। नेशनल मेडिकल कमीशन (एनएमसी) ने डॉक्टरों को सलाह दी है कि उन्हें साइनबोर्ड, विजिटिंग कार्ड और प्रचार के जरिए जनता को भ्रमित करने से बचना चाहिए। कमीशन ने कहा कि साइनबोर्ड और डॉक्टरों के पर्चे पर डॉक्टर का नाम, योग्यताएं, टाइटल, विशेषज्ञा और रजिस्ट्रेशन नंबर के अलावा कुछ नहीं होना चाहिए।

एनएमसी ने यह भी कहा है कि डॉक्टरों को केमिस्ट शॉप या ऐसी किसी जगह साइन बोर्ड नहीं लगाना चाहिए. जहां वे ना तो रहते हैं और ना ही काम करते हैं। ये सभी बातें कमीशन के एथिक्स एंड मेडिकल रजिस्ट्रेशन बोर्ड ने अपनी ई–बुक 'प्रोफेशनल कंडक्ट रिव्यू–लेसंस फ्रॉम केस आर्काइव्स' में कही हैं।




- बड़े साइनबोर्ड के जरिए जनता को ना करें भ्रमित
- दवाईयों की दुकान पर क्लीनिक का पर्चा लगाना भी गलत

#### डॉक्टर–मरीज के बीच भरोसा जरूरी

इस किताब में यह भी कहा गया है कि डॉक्टर–मरीज के रिश्ते में भरोसा नहीं होता तो इस वजह से डॉक्टरों के ऊपर केस किए जाने का चांस बढ़ता है। डॉक्टरों के खिलाफ शिकायतों का सबसे आम कारण होता है कम्युनिकेशन गैप। कमीशन ने कहा कि मेडिकल प्रैक्टिसनर्स किसी फील्ड से जुड़े अलग–अलग एरिया में स्किल और ट्रेनिंग हासिल कर सकते हैं, लेकिन कंसल्टेंट या स्पेशलिस्ट का टाइटल सिर्फ उन डॉक्टरों को इस्तेमाल करना चाहिए, जो उस खास फील्ड में क्वॉलिफाइड हैं।

#### सीख के आधार पर किताब

ई–बुक के एडिटर और एथिक्स एंड मेडिकल रजिस्ट्रेशन बोर्ड के सदस्य डॉ. योगेन्द्र मलिक के अनुसार बोर्ड डॉक्टरों के खिलाफ दुर्व्यवहार के मामलों की सुनवाई करता रहा है और इनमें फैसले सुनाता रहा है। इन मामलों से जो सीख मिलती है, उसे डॉक्टर्स तक पहुंचाने की जरूरत शुरू से ही महसूस की गई थी। उन्होंने कहा कि इस विचार को बोर्ड के साथ शेयर किया गया और विशेषज्ञों का एक ग्रुप बनाया गया। उनका सार खोए बिना उन्हें संक्षिप्त में लिखा।

सर्वोच्च अदालत ने की अहम टिप्पणी

## महिलाओं के खिलाफ अपराध के मामलों में संवेदनशील हो अदालतें

**नई दिल्ली,** 7 अक्टूबर (एजेंसियां)। सुप्रीम कोर्ट ने महिला अपराधों से जुड़े मामलों में सुनवाई को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने अहम टिप्पणी की है। शीर्ष कोर्ट ने कहा है कि अदालतों को महिलाओं के खिलाफ अपराध के मामलों की सुनवाई के दौरान संवेदनशील होना चाहिए।

जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस प्रशांत कुमार मिश्रा की पीठ ने शुक्रवार को मामले में फैसला सुनाया था। साथ ही अदालत ने एक व्यक्ति और उसकी मां द्वारा अपनी पत्नी के साथ क्रूरतापूर्ण व्यवहार करने की सजा के खिलाफ दायर अपील को खारिज कर दिया। बता दें कि पीड़ित पत्नी की जहर के कारण मृत्यु हो गई थी। अपील खारिज करते हुए शीर्ष अदालत ने यह भी कहा कि अदालतों से यह उम्मीद की जाती है कि अदालतें अपराधियों को प्रक्रियात्मक अपूर्ण जांच या सबूतों में कमियों के कारण सजा से बचने नहीं देंगी। अगर ऐसा होगा तो पीड़ित



- जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस प्रशांत कुमार मिश्रा की पीठ ने सुनाया फैसला

पूरी तरह हतोत्साहित हो जाएंगे कि अपराधियों को सजा नहीं मिलेगी। शीर्ष कोर्ट ने यह फैसला उत्तराखंड हाई कोर्ट के मार्च 2014 के आदेश को चुनौती देने वाली दो दोषियों की अपील पर दिया है। उत्तराखंड हाई कोर्ट ने इस मामले में निचली अदालत के फैसले को कायम रखा था। निचली अदालत ने 2007 में दर्ज मामले में मृतका के पति और सास को दोषी ठहराया था। निचली अदालत ने मृतका के पति बलवीर सिंह को भारतीय दंड संहिता की धारा 302 (हत्या) और 498–ए (एक विवाहित महिला के साथ क्रूरता करना) के तहत अपराध के लिए दोषी ठहराया गया था। साथ ही मृतका की सास को आईपीसी की धारा 498–ए (किसी महिला के पति या पति के रिश्तेदार द्वारा उसके साथ क्रूरता करना) के तहत दोषी ठहराया गया था।

#### संदिग्ध परिस्थितियों में हुई थी मौत

शीर्ष अदालत में दी गई दलीलों के मुताबिक, मृतका का विवाह दिसंबर 1997 में बलवीर सिंह से शादी की थी। वहीं, जून 2007 में, उसके पिता ने एक मजिस्ट्रेट अदालत में एक आवेदन दायर किया था जिसमें मई 2007 में संदिग्ध परिस्थितियों में उनकी बेटी की मौत के संबंध में पुलिस को एफआईआर दर्ज करने का निर्देश देने की मांग की गई थी। बाद में मामले में एफआईआर दर्ज की गई और महिला के पति और सास को गिरफ्तार कर लिया गया। ट्रायल कोर्ट में दोषी ठहराए जाने पर दोनों ने हाई कोर्ट का दरवाजा खटखटाया था।

## संयुक्त राष्ट्र ने मणिपुर हिंसा पर चिंता जताई

**इंफाल,** 7 अक्टूबर (एजेंसियां)। मणिपुर में दूसरी बार हिंसा भड़कने के बाद संयुक्त राष्ट्र ने राज्य के हालात पर चिंता जताई है। यूनाइटेड नेशंस ह्यूमन राइट्स कमीशन ने सोशल मीडिया पर लिखा कि हम मणिपुर हिंसा पर बोलने वाले मानवाधिकार एक्टिविस्ट बबलू लिथोंगबम को मिल रही धमकियों से चिंतित हैं। 5 अक्टूबर को हिंसक भीड़ ने इंफाल पश्चिम के कैथेलमांगबी में बबलू लिथोंगबम के घर पर हमला किया था। यूएन ने इस घटना के पीछे मैतेई लिपुंस और अरामबाई तेंगोल को जिम्मेदार ठहराया। साथ ही अधिकारियों से बबलू लिथोंगबम, उनके परिवार और घर को सुरक्षा देने की मांग की। मानवाधिकार कार्यकर्ता बबलू लिथोंगबम मैतेई कट्टरपंथी संगठन मैतेई लिपुंस और अरामबाई तेंगोल की आलोचना करते रहे हैं। मैतेई लिपुंस ने 5 अक्टूबर को बबलू लिथोंगबम और बृंदा थौनाओजम का बायकॉट करने का ऐलान किया था। 5 अक्टूबर की शाम को ही बबलू लिथोंगबम के घर पर भीड़ ने तोड़–फोड़ की। हालांकि तब बबलू घर पर नहीं थे।

UNHCR

- मानवाधिकार कार्यकर्ता को सुरक्षा देने की अपील
- पांच अक्टूबर को घर पर हमला हुआ था

#### लिथोंगबम ने मुख्यमंत्री बीरेन की आलोचना भी की

हमले के बाद बबलू लिथोंगबम का सोशल मीडिया में एक वीडियो सामने आया, जिसमें उन्होंने मणिपुर हिंसा के शुरुआती दिनों में दिए गए एक इंटरव्यू में अपने बयान के लिए मणिपुर के लोगों से माफी मांगी। बबलू लिथोंगबम राज्य के मुख्यमंत्री एन बीरेन के आलोचक रहे हैं।


34 YEARS OF ACADEMIC EXCELLENCE

Shobhit University
EDUCATION EMPOWERS

National Commission for Indian System of Medicine

KUNWAR SHEKHAR VIJENDRA AYURVED MEDICAL COLLEGE & RESEARCH CENTRE

Admission Notice 2023

BAMS (10th Batch)
MS Shalya Tantra
MS Prasuti Tantra & Stri Roga
MD Kayachikitsa
MD Kriya Sharir
MD Rachna Sharir
MD Ayurveda Samhita & Sidhanta


Admission Criteria:
For BAMS: NEET-2023 score | For MD/MS: AIAPGET-2023 score

RANKED AS INDIA'S TOP 13 AYURVED COLLEGE

For Admission in BAMS / MS / MD please fill your choice at:
www.upayushcounseling.upsdc.gov.in

7830810052 | 9719356005

Babu Vijendra Marg, Gangoh-247341
Saharanpur, Uttar Pradesh
www.sug.ac.in



Approved by NCISM, Ministry of AYUSH, Govt of India

# देश

**उवाच**

मैंने कई बार कहा है कि पिछले साल जब हमारी सरकार बनी थी, उसी दिन मैंने भविष्यवाणी की थी कि तलाशी और छापे शुरू होंगे। मेरा नाम आरोप पत्र में नहीं था लेकिन पूरक आरोप पत्र में डाल दिया गया था।

-तेजस्वी यादव, बिहार के उपमुख्यमंत्री



| तापमान | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| दिल्ली | 34.0 | 27.0 |
| मुंबई | 30.0 | 27.0 |
| कोलकाता | 29.0 | 27.0 |
| चेन्नई | 30.0 | 28.0 |

# भारत लोकतंत्र की जननी : ओम बिरला

## आईआईआरएसआई सम्मेलन के उद्घाटन समारोह को किया सम्बोधित

**नई दिल्ली,** 7 अक्टूबर (देशबन्धु)। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने शनिवार को 'इंडियन इंट्राओकुलर इम्प्लांट एंड रिफ्रैक्टिव सोसाइटी ऑफ इंडिया' (आईआईआरएसआई) सम्मेलन के उद्घाटन समारोह को सम्बोधित किया। भारत की लोकतान्त्रिक विरासत का उल्लेख करते हुए लोस अध्यक्ष ओम बिरला ने बताया कि देश लोकतंत्र की जननी है क्यूंकि वैदिक काल से ही भारत के सभी कार्य और प्रथाएं लोकतान्त्रिक रही हैं।

इस अवसर पर बिरला ने आईआईआरएसआई के नेत्र विशेषज्ञों और अन्य गण्यमान्य व्यक्तियों की नेत्र चिकित्सा के क्षेत्र में योगदान के लिए सराहना की। उन्होंने कहा कि देश के नेत्र चिकित्सकों की योग्यता का लोहा पूरे विश्व ने माना है। लोस अध्यक्ष ने कहा कि नवीनतम इनोवेशन, रिसर्च और टेक्नोलॉजी के आधार पर नेत्र चिकित्सा के लिए समर्पित भारतीय डॉक्टरों ने सम्पूर्ण विश्व में भारत की ताकत और योग्यता दिखाई है। आईआईआरएसआई के योगदान का उल्लेख करते हुए बिरला ने कहा कि पिछले चार दशकों से आईआईआरएसआई ने चर्चा-संवाद के आधार पर नई टेक्नोलॉजी, अनुभव, रिसर्च, नवाचार साझा करके नेत्र चिकित्सा से जुड़े सभी पहलुओं पर बड़ा योगदान दिया है। ओम बिरला ने आगे कहा कि आईआईआरएसआई के डॉक्टर नियमित रूप से अपने विचार, अनुभव, टेक्नोलॉजी,



- देश के नेत्र चिकित्सकों की योग्यता का लोहा पूरे विश्व ने माना : ओम बिरला
- लोस अध्यक्ष ने आईआईआरएसआई के योगदान का किया उल्लेख
- वैदिक काल से ही भारत के सभी कार्य व प्रथाएं लोकतांत्रिक रहीं

रिसर्च का आदान प्रदान करते हैं जिससे जनता और समाज का कल्याण का कार्य सुनिश्चित होता है। ओम बिरला ने आगे कहा कि नेत्र चिकित्सकों ने जन सेवा में पुण्य कमाया है और दूर दराज के गांवों के लोगों के लिए जागरूकता और सेवा की दिशा में कार्य किया है। यह उल्लेख करते हुए कि नेत्र विशेषज्ञ अक्सर गांवों के लोगों लिए कैंप लगा कर जानकारी और इलाज प्रदान करते हैं जिससे आम लोगों को सुविधा मिलती है और अंतिम व्यक्ति तक आधुनिक और प्रभावी चिकित्सा मुहैया होती है, बिरला ने हर्ष व्यक्त किया कि उनके प्रयासों के परिणाम अत्यंत उत्साहजनक रहे हैं। बिरला ने याद किया कि पुराने दिनों में अज्ञान के कारण लोग कई बार आंखों का इलाज नही कराते थे, लेकिन अब व्यवस्था में बहुत बदलाव आया है।

जागरूकता बढ़ने के कारण लोग आज समय रहते डॉक्टर से आंखों का इलाज कराते हैं। बिरला ने हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि आज के समय में भारत में हुए नए रिसर्च, इनोवेशन को दुनिया के विकसित देशों द्वारा अपनाया जा रहा है। उन्होंने आगे कहा कि भारत के डॉक्टर विश्व में अपनी कार्यकुशलता, नवाचार और रिसर्च के लिए जाने जाते हैं। स्वस्थ जीवन शैली के महत्व पर बल देते हुए बिरला ने कहा कि आज के समय में कई बार बच्चों को छोटी उमर में चश्मा लग जाता है। इस बात पर चिंता व्यक्त करते हुए बिरला ने कहा कि लम्बे समय तक बच्चों का मोबाइल फोन का इस्तेमाल आंखों पर प्रतिकूल असर डालता है। उन्होंने माता पिता को इस दिशा में ध्यान देने के लिए आग्रह किया।

### बली राम भगत की जयंती पर की पुष्पांजलि अर्पित



लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने शविार को पूर्व लोकसभा अध्यक्ष बली राम भगत को उनकी जयंती पर संविधान सदन के सेंट्रल हॉल में उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की। राज्यसभा के उपसभापति, हरिवंश संसद सदस्यों, पूर्व सदस्यों और अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने भी संविधान सदन के केंद्रीय कक्ष में बाली राम भगत के चित्र पर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर लोकसभा के महासचिव उत्पल कुमार सिंह और लोक सभा सचिवालय तथा राज्य सभा सचिवालय के वरिष्ठ अधिकारियों ने भी पुष्पांजलि अर्पित की। स्वतंत्रता सेनानी तथा व्यापक संसदीय अनुभव संपन्न और संसदीय पद्धतियों और प्रक्रियाओं के ज्ञाता, बली राम भगत को 5 जनवरी, 1976 को पांचवी लोकसभा का अध्यक्ष चुना गया था। वह अंतरिम संसद पहली, दूसरी, तीसरी, चौथी, पांचवी, सातवीं और आठवीं लोकसभा के सदस्य रहे। केंद्रीय मंत्री के रूप में उन्होंने वित्त, योजना, रक्षा, विदेश, विदेश व्यापार और आपूर्ति, इस्पात और हैवी इंजीनियरिंग सहित अनेक महत्वपूर्ण मंत्रालयों का कार्यभार संभाला। उन्होंने फरवरी, 1993 से चार महीने के लिए हिमाचल प्रदेश के राज्यपाल तथा 30 जून, 1993 से 1 मई 1998 तक राजस्थान के राज्यपाल का कार्यभार संभाला। बली राम भगत का निधन 2 जनवरी 2011 को नई दिल्ली में हुआ। इस कार्यक्रम में भाग लेने वाले विशिष्टजनों को लोकसभा सचिवालय द्वारा हिंदी और अंग्रेजी में प्रकाशित दादाभाई नारोजी के जीवनवृत्त वाली पुस्तिका भी भेंट की गई।

# कृषि संबंधित तकनीक का पूरा फायदा उठाएं किसान : धनखड़

**नई दिल्ली/सूरतगढ़,** 7 अक्टूबर (एजेंसियां)। उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कृषि में बदलावों की आवश्यकता पर बल देते हुए शनिवार को कहा कि भारत के किसान को कृषि संबंधित तकनीक का पूरा फायदा उठाना चाहिए ताकि उत्पादकता और गुणवत्ता में सुधार हो सके। धनखड़ ने सूरतगढ़ में राष्ट्रीय बीज निगम के परिसर में किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि तकनीक न केवल उत्पादन के क्षेत्र में, बल्कि निर्यात, आयात और विपणन के क्षेत्र भी किसानो लिए फायदेमंद साबित हो सकते हैं।

उन्होंने कहा कि किसान बदलाव का केंद्र बिंदु बने और किसान कृषि उत्पादों के व्यापार में अपना उचित स्थान बनाए। किसान कृषि अनुसंधान एवं विकास का केंद्र बने और निर्यात में हमारे बच्चे प्रमुख भूमिका निभाएं। धनखड़ ने कहा कि कृषि उत्पादों का मार्केट बहुत बड़ा है, लेकिन इसमें किसानों की भागीदारी पर्याप्त नहीं है। उन्होंने किसान को कृषि उत्पादकों के व्यापार पर अपना यथा उचित स्थान तथा कृषि सम्बंधित अनुसंधान और विकास को बढ़ावा देने के लिए प्रेरित किया जिससे किसानों को समृद्धि की दिशा में अग्रसर करने और देश के



- उपराष्ट्रपति ने कृषि में बदलावों की आवश्यकता पर दिया जोर
- सूरतगढ़ में आयोजित कार्यक्रम में किसानों को किया संबोधित

निर्यात क्षेत्र में नए पीढ़ियों को अवसर मिले। उपराष्ट्रपति ने कहा कि किसानों को तकनीक का पूरा फायदा उठाना चाहिए। उत्पादन की अगर गुणवत्ता बढ़ती है, तो उसका मूल्य कई गुना होता है पर आप तक फायदा तब आयेगा जब उत्पादन के साथ उसकी मार्केटिंग और निर्यात में आपकी भागीदारी हो।

### हल्दी बोर्ड के गठन को किसानों के लिए बताया महत्वपूर्ण

उपराष्ट्रपति ने हल्दी बोर्ड के गठन को किसानों और उनके बच्चों के लिए महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि यह बोर्ड उनके लिए नई दुनिया के दरवाजे खोलेगा। उन्होंने कहा कि भारत, पश्चिम एशिया और यूरोप आर्थिक गलियारे को दुबारा जीवित करने का महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया है जिससे किसानों को बड़ा फायदा होगा और उनके जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाएगा। किसानों को समर्थन और सशक्तिकरण की दिशा में सरकार के प्रयासों की सराहना करते हुए उन्होंने कहा की देश का किसान इतना सक्षम हो गया है कि पीएम किसान सम्मन निधि के माध्यम से भेजी जाने वाली राशि किसान सीधे अपने बैंक खाते में प्राप्त कर रहा है, इसमें कोई बिचौलिया नहीं है, और न ही किसी प्रकार का कमीशन देना पड़ता है।

## सार संक्षेप

### मनोज सिन्हा वॉकथॉन को दिखाई हरी झंडी

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने पुलिस गोल्फ कोर्स से निशात बाग, श्रीनगर तक वन्यजीव सप्ताह 2023 के एक भाग के रूप में वॉकथॉन 'वॉक फॉर वाइल्ड लाइफ' को शनिवार को हरी झंडी दिखाई। वन्यजीव संरक्षण पर जागरुकता फैलाने के लिए वन्यजीव संरक्षण विभाग द्वारा आयोजित पांच किमी लंबे वॉकथॉन में प्रमुख नागरिकों, वन्यजीव संरक्षण और इको क्लब के सदस्यों, स्वयंसेवकों, एनसीसी कैडेटों, छात्रों ने बड़ी संख्या में भाग लिया। उपराज्यपाल ने वन्यजीव संरक्षण, अद्वितीय व समृद्ध पारिस्थितिक विरासत की सुरक्षा एवं आर्थिक विकास को आगे बढ़ाने तथा सही संतुलन बनाकर पर्यावरण को संरक्षित करने के लिए जम्मू-कश्मीर प्रशासन की प्रतिबद्धता की पुष्टि की।

### मध्य प्रदेश के दौरे पर आएंगे राहुल व प्रियंका

**भोपाल।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी और महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा विधानसभा चुनाव के मद्देनजर अगले सप्ताह मध्य प्रदेश की यात्रा पर रहेंगे। प्रदेश कांग्रेस के मीडिया विभाग के अध्यक्ष के के मिश्रा ने यहां बताया कि गांधी 10 अक्टूबर को शहडोल जिले के ब्यौहारी में जनसभा को संबोधित करेंगे। इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ और अन्य वरिष्ठ नेता भी मौजूद रहेंगे। सभा दोपहर में होगी। उन्होंने कहा कि इसके अलावा प्रियंका गांधी वाड्रा 12 अक्टूबर को आदिवासी बहुल मंडला में जनसभा को संबोधित करेंगी।

### नीतीश ने एशियन खेलों में शानदार प्रदर्शन पर दी बधाई

**पटना।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने एशियन गेम्स 2023 में भारत के शानदार प्रदर्शन करने और पहली बार 100 से अधिक पदक जीतने पर भारतीय खिलाड़ियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। कुमार ने शनिवार को अपने शुभकामना संदेश में कहा कि एशियन गेम्स में भाग ले रहे भारत के सभी खिलाड़ी इस ऐतिहासिक उपलब्धि के लिए बधाई के पात्र हैं। सभी खिलाड़ियों ने अपनी बेहतरीन प्रतिभा का प्रदर्शन कर यह उपलब्धि हासिल की है। सभी देशवासी इस महत्वपूर्ण उपलब्धि पर गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं।

### शहीद सरोज को दिया गया गार्ड ऑफ ऑनर

**भुवनेश्वर।** सिक्किम बाढ़ में शहीद हुए ओडिशा के जवान सरोज कुमार दास के पार्थिव शरीर को यहां बीजू पटनायक अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा पहुंचा, जहां उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। ओडिशा के राज्यपाल प्रोफेसर गणेशी लाल द्वारा शहीद को श्रद्धांजलि देने के बाद गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने भी हवाई अड्डे पर शहीद दास को श्रद्धांजलि अर्पित की।

# मध्य प्रदेश भाजपा में हताशा अपने चरम पर : कमलनाथ

## शिवराज के चर्चित बयानों के बीच कसा तंज

**भोपाल,** 7 अक्टूबर (एजेंसियां)। मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के हाल ही में दिए गए चर्चित बयानों के बीच वरिष्ठ कांग्रेस नेता कमलनाथ ने तंज कसते हुए आज कहा कि राज्य भाजपा में हताशा अपने चरम पर है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ ने सोशल मीडिया एक्स पर अपनी पोस्ट में लिखा है, 'मध्य प्रदेश भाजपा में हताशा अपने चरम पर है। पहले प्रधानमंत्री मोदी ने मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान का नाम लेना बंद कर दिया और उन्हें मुख्यमंत्री की दौड़ से बाहर कर दिया। इसके जवाब में प्रधानमंत्री पर दबाव बनाने के लिए पहले तो मुख्यमंत्री ने जनता के बीच यह पूछना शुरू किया कि मैं चुनाव लड़ूं या नहीं लड़ूं और अब सीधे पूछ रहे है कि मोदी जी को प्रधानमंत्री होना चाहिए या नहीं। पीएम और सीएम की जंग में, भाजपा में जंग होना तय है।



जिन्हें टिकट मिला, वह लड़ने को तैयार नहीं है और जो टिकट की रेस से बाहर हैं, वह सबसे लड़ते फिर रहे हैं।' चौहान ने शुक्रवार को डिंडोरी जिले में आयोजित एक सार्वजनिक कार्यक्रम में जनता के समक्ष पूछा, 'मैं अच्छी सरकार चला रहा हूं या बुरी। मामा को मुख्यमंत्री बनना चाहिए कि नहीं, प्रदेश में भाजपा की सरकार आना चाहिए या नहीं।' इसके अलावा पिछले तीन चार दिनों में उन्होंने अपने गृह क्षेत्र बुधनी के अलावा बुरहानपुर और सीहोर की जनसभाओं में भी भावुक अंदाज में जनता से इसी तरह बात की। उन्होंने कहा, 'मै चला जाऊंगा तो बहुत याद आऊंगा।' 'मैं चुनाव लड़ूं या नहीं। यहां से लड़ूं या नहीं।'

# बिहार में मंडी कानून लागू करे राज्य सरकार : टिकैत

## किसानों के विभिन्न मुद्दों को लेकर आंदोलन की दी चेतावनी

**पटना,** 7 अक्टूबर (देशबन्धु)। भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष राकेश टिकैत तीन दिवसीय दौरे पर पटना पहुंचे। यहां वे सरकार के साथ-साथ कई किसान नेताओं से मुलाकात करेंगे। दिल्ली से पटना पहुंचे किसान नेता ने पटना एयरपोर्ट पर मीडिया कर्मियों से बातचीत में बिहार सरकार से मांग की कि राज्य में मंडी कानून लागू किया जाए। उन्होंने बड़ी-बड़ी कंपनियों द्वारा बिहार के किसानों की जमीन हड़पने की साजिश को लेकर भी अपनी बात कही और आने वाले समय में किसानों के विभिन्न मुद्दों को लेकर आंदोलन की चेतावनी दी। राकेश टिकैत ने कहा कि मेरा बिहार का 3 दिन का कार्यक्रम है। सबसे पहले बिहार में बाजार समिति लागू होनी चाहिए हजारों ट्रक यहां से रोज धान जाता है। यहां के किसानों को एमएसपी नहीं मिलती है, यह व्यवस्था बंद हो। भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष राकेश टिकैत ने किया कि यहां के किसान फसल पैदा करते हैं, लेकिन इनको उचित मूल्य मिले। बड़ी-बड़ी कंपनियां बिहार से फसल खरीदती हैं और बाहर जाकर ऊंचे दामों में बेचती हैं। यहां तीन दिन रुकूंगा और यहां के सिस्टम को देखूंगा। यहां मंडी सिस्टम लागू होनी जरूरी है और हम लोगों की पहली मांग है की मंडी कानून लागू किया जाए। उन्होंने लालू प्रसाद यादव से मिलने के सवाल पर कहा कि यहां हूं तो सारे नेताओं से मिलेंगे, सरकार से भी मिलेंगे। तीन दिवसीय यात्रा पर पटना पहुंचे राकेश टिकैत ने आंदोलन करने की बात कही। राकेश टिकैत कहा कि बिहार में एमएसपी से कम दाम मिलने और किसानों के विभिन्न मुद्दों पर बिहार में जल्द आंदोलन होगा। भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष राकेश टिकैत ने आगे कहा कि एमएसपी गारंटी कानून के लिए बिहार के किसानों का साथ दे।

**एमएसपी गारंटी कानून के लिए बिहार के किसानों का दे साथ**



बड़ी-बड़ी कंपनियों द्वारा किसानों की जमीन हड़पने की हो रही साजिश : राकेश टिकैत

### किसानों की आज जमीन लेंगे तो आज का दाम देना होगा

राकेश टिकैत ने कहा कि किसानों की आज जमीन लेंगे तो आज का दाम देना होगा। बिहार अपनी दो बातों के लिए जाना जाता था, पहली स्कूल और शिक्षा। लेकिन, अब बिहार के लोग बाहर जाने लगे हैं, साजिश के तहत पलायन किया जा रहा। बड़ी बड़ी कंपनिया किसानों की जमीन छीनने पहुंच रहे हैं। बाजार कानून के कारण ये हालात है। मीडियाकर्मियों द्वारा किए गए इस सवाल पर कि सरकार चौथा कृषि रोड मैप लेकर आ रही है, क्या इससे किसानों को क्या फायदा मिलने वाला है। इसके जवाब में राकेश टिकैत ने कहा कि हम पहले चौथे कृषि रोड मैप को पढ़ेंगे, उसके बाद ही बता पाएंगे कि इसमें सरकार ने किसानों के लिए क्या-क्या किया है।

# सरकार की गरीबों को सस्ते घर व सौर ऊर्जा योजना को लागू करने की तैयारी

## प्रधानमंत्री मोदी ने उच्चस्तरीय बैठक में लिया जायजा

**नई दिल्ली,** 7 अक्टूबर (देशबन्धु)। स्वतंत्रता दिवस के संकल्पों को मूर्त रूप देने के दृढ़ प्रयास में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लालकिले के भाषण के दौरान अपने दो प्रमुख घोषणाओं की समीक्षा लेकर शनिवार को उच्च स्तरीय बैठक की। इस दौरान उन्होंने देश के वंचितों के उत्थान और नवीकरणीय ऊर्जा के गंभीर मुद्दे को संबोधित करने की अटूट प्रतिबद्धता के साथ, प्रधानमंत्री ने गरीबों व मध्यम वर्ग को सस्ते आवास उपलब्ध कराने के लिए किफायती दर पर ऋण उपलब्ध कराने और घरों के लिए सौर उर्जा के कार्यान्वय को लेकर जमीनी कार्यों का आकलन किया। उल्लेखनीय है कि हाल ही स्वतंत्रता दिवस की 75वीं वर्षगांठ के मौके पर लालकिले से किए अपने संबोधन में प्रधानमंत्री



मोदी ने समाज के हासिए पर रहने वाले लोगों को किफायती आवास समाधान प्रदान करने के अपने दृटिकोण को व्यक्त किया था।

इस महत्वपूर्ण के अनुरूप शनिवार की बैठक में इस दृटिकोण को वास्तविकता में बदलने के लिए तैयार की गई व्यापक योजनाओं पर चर्चा हुई। तात्कालिकता की स्पष्ट भावना के साथ प्रधानमंत्री ने शीघ्र निष्पादन की आवश्यकता पर जोर दिया। इस दौरान प्रधानमंत्री ने कहा कि किफायती आवास उपलब्ध करना केवल एक वादा नहीं है, यह लाखों लोगों की आकांक्षाओं के प्रति एक गंभीर प्रतिबद्धता है। सपनों और वास्विकता के बीच की खाई को खत्म करने का संकल्प है।

जहां हर भारतीय अपनी कमजोर आर्थिक पृष्ठिभूमि के बावजूद एक घर खरीदन की आकांक्षा कर सकता है। इसके अलावा उनकी दूसरी घोषणा जिसमें उन्होंने घरो के लिए सौर उर्जा सुनिश्चित करके अधिक टिकाउ और उर्जा कुशल भारत के लिए अपना दृटिकोण रखा था, इसको क्रियान्वय को लेकर भी समीक्षा की गई। बैठक में जमीनी स्तर पर सौर ऊर्जा को अपनाने की सुविधा के लिए तकनीकी व्यवहार्यता, बुनियादी ढांचे की आवश्कताओं व वित्तीय मॉडल को लेकर भी चर्चा की गई।

### ईडी ने अभिनेता नवदीप को दस अक्टूबर को किया तलब

**हैदराबाद,** 7 अक्टूबर (एजेंसियां)। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने टॉलीवुड अभिनेता नवदीप को मादापुर मादक पदार्थ मामले में नोटिस जारी कर 10 अक्टूबर को पूछताछ के लिए कार्यालय में पेश होने को कहा है। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार, ईडी ने यह नोटिस नारकोटिक्स ब्यूरो (टीएसएनएबी) मामले में जारी किया है। इससे पहले टीएसएनएबी ने उनसे छह घंटे तक पूछताछ की थी। जांच के दौरान पता चला कि अभिनेता नवदीप संदिग्ध लोगों के संपर्क में है। पुलिस ने संकेत दिया है अभिनेता ने गिरफ्तार व्यक्तियों में से एक रामचंदर से मादक पदार्थ प्राप्त किया था और उनके पास सबूत हैं। इसके अलावा, अधिकारियों ने अभिनेता का मोबाइल फोन भी जब्त कर लिया है और उनके मोबाइल कॉल डेटा और व्हाट्सएप चैट को फिर से खंगाने की कोशिश कर रहे हैं।

# हत्या से जुड़े में मामले केके पाठक की बढ़ सकती हैं मुश्किलें

## डेढ़ साल पुराने मामले में न्यायिक जांच शुरू

**मुजफ्फरपुर/पटना,** 7 अक्टूबर (देशबन्धु)। बिहार के चर्चित और कड़क आईएएस अधिकारी केके पाठक की मुश्किलें बढ़ती हुई दिख रही हैं। मुज़फ्फरपुर स्थित जिला न्यायालय में उनके विरुद्ध एक केस में न्यायिक जांच शुरू कर दी गई है। यह मामला हत्या से जुड़ा है। मर्डर के इस पुराने मुकदमे में केके पाठक पर संगीन आरोप लगे हैं जिसके तहत कोर्ट ने शनिवार को परिवादी का बयान दर्ज किया। दरअसल, मामला करीब डेढ़ साल पुराना है। 23 जनवरी 2022 को जब के के पाठक बिहार में उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग के मुख्य सचिव हुआ करते थे उस दौरान एक वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग मीटिंग के दौरान मुजफ्फरपुर उत्पाद न्यायालय के स्पेशल पीपी बजरंग प्रसाद सिंह को उन्होंने काफी बुरा भला कह डाला था। मीटिंग अटेंड करने की रात ही बजरंग प्रसाद सिंह की हार्ट अटैक से मौत हो गई थी। इस घटना के बाद मुजफ्फरपुर के अधिवक्ता सुधीर



कुमार ओझा ने बजरंग प्रसाद सिंह की मौत की वजह के के पाठक द्वारा प्रताड़ित करना बताते हुए सीजीएम कोर्ट में केस किया था जिसमें केके पाठक और अन्य के विरुद्ध हत्या का मुकदमा दर्ज कराया गया था। शनिवार को कोर्ट ने मामले में संज्ञान लेते हुए परिवादी सुधीर कुमार ओझा का बयान दर्ज किया। इसके साथ ही कोर्ट ने अन्य गवाहों के बयान के लिए 8 नवंबर की तिथि मुकर्रर की है। मालूम हो कि केके पाठक वर्तमान में शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव हैं और अपने कड़े तेवर के कारण वो फिर इन दिनों सुर्खियों में हैं। शिक्षा विभाग की कमान मिलते ही उनकी भिड़ंत विभाग के मंत्री चंद्रशेखर से काफी लंबे समय तक चली थी जिसे सीएम के हस्तक्षेप से समाप्त कराया गया था।

**योजना** *मप्र में 36 लाख से अधिक बहनों को मिलीं खुशियां*

# लाडली बहनों के खाते की 219 करोड़ की राशि स्थानांतरित

**भोपाल,7 अक्टूबर (देशबन्धु)। मध्य प्रदेश की बहनों को लिए छह अक्टूबर का दिन खुशियां लेकर आया। मध्य प्रदेश शासन की ओर से प्रदेश की 36 लाख से अधिक बहनों के खाते में मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने सिंगल क्लिक से 219 करोड़ रुपए अंतरित किए। बहनों को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री चौहान ने कहा कि मेरी बहनों की जिंदगी में कोई कष्ट।**

न रहे, उनके चेहरे पर मुस्कान और घर-आंगन में खुशियां हों, यही मेरी जिंदगी मिशन है। मैंने भोपाल में आयोजित कार्यक्रम में सिंगल क्लिक के माध्यम से प्रदेश की 36 लाख से अधिक प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना की हितग्राही बहनों और लाड़ली बहनाओं के खाते में गैस रिफिल योजना की 219 करोड़ की अनुदान राशि अंतरित कर सभी को बधाई व शुभकामनाएं दीं। एकजुट हों बहनें, सरकार है उनके साथ



- शिवराज ने गैस रिफिल योजना की अनुदान राशि अंतरित कर दी शुभकामनाएं

प्रदेश की महिलाओं को लेकर सरकार की प्रतिबद्धता को मुख्यमंत्री ने एक बार फिर दोहराया। अब बहनों को प्रति माह 450 रुपए में सिलेंडर उपलब्ध कराने की स्थाई व्यवस्था कर दी गई है।

गैस सिलेंडर की कीमत और 450 रुपए के बीच के अंतर की राशि राज्य सरकार द्वारा भरवायी जाएगी। बहनों को गैस कंपनी को उतनी ही राशि का भुगतान करना होगा जितनी राशि का गैस सिलेंडर है। गैस कंपनी के गैस सिलेंडर की कीमत और 450 रुपए के बीच के अंतर की राशि बहनों के खाते में राज्य शासन द्वारा जारी की जाएगी। इस प्रकार बहनों को गैस सिलेंडर 450 रुपए में ही पड़ेगा। इस प्रकार अब प्रतिमाह बहनों को 450 रुपए में ही सिलेंडर प्राप्त होगा। मुख्यमंत्री चौहान ने यह भी कहा कि बहन बेटियों का सभी आदर सम्मान करें इसी उद्देश्य से मैं प्रदेश के सभी कार्यक्रम बहन-बेटियों की पूजा से आरंभ करता हूं। बहन-बेटियों को मैं दुख-दर्द से मुक्त करना चाहता हूं इसीलिए राज्य शासन द्वारा महिलाओं के कल्याण की कई योजनाएं संचालित की जा रही है। बहनों की जिंदगी आसान और सम्मानजनक बनाना ही मेरे जीवन का मिशन है। बहनें आत्मविश्वास और आत्मसम्मान के साथ रहें यही हमारा उद्देश्य है, लाड़ली बहन योजना बहनों का मान सम्मान बढ़ाने में सहायक सिद्ध हुई है। बहनें संगठित रहकर समस्याओं का सामना करें और आगे बढ़ती रहें इसी उद्देश्य से लाड़ली बहना सेना का गठन किया गया है। बहनें एकजुट होकर आगे बढ़ें- हमारी सरकार हर कदम पर उनके साथ है। मुख्यमंत्री ने कहा कि बेटी के जन्म पर सभी खुशियां मनाएं, इसलिए लाड़ली लक्ष्मी योजना शुरू की। योजना में तय किया कि बेटी अगर पैदा होगी तो लखपति पैदा होगी।

यह निश्चय किया कि बेटियों को बोझ नहीं वरदान बनाएंगे। बेटी पैदा हुई तो लाडली लक्ष्मी, स्कूल जाए तो किताबें निशुल्क, दूसरे गांव जाए तो साइकिल।

उल्टा पुल्टा

पत्नी : तुम्हारे इस नरक में तुम्हारी गुलामी करते-करते मैं तंग आ गई। लगता है पिछले जन्म में मैंने बहुत बुरे कर्म किए होंगे।
पति : तो अब तो अच्छे कर लो।
मायके जाओ और मेरे घर को स्वर्ग बनाओ...!!!
फिर हुई पतिदेव की जोरदार कुटाई...

# कैपिटल ज़ोन

# वायु प्रदूषण के खिलाफ सरकार गंभीर : राय

## धूल-कण प्रदूषण की रोकथाम के लिए अभियान की हुई शुरुआत

**नई दिल्ली,** 7 अक्टूबर (देशबन्धु)। दिल्ली के पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने राजधानी में धूल-कण प्रदूषण की रोकथाम के लिए शनिवार को महीने भर का एक अभियान शुरू किया और कहा कि संबद्ध नियमों का उल्लंघन करते पाए जाने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। केंद्र के वायु गुणवत्ता पैनल ने शुक्रवार को राष्ट्रीय राजधानी के प्राधिकारों को होटलों और रेस्तराओं में कोयले के इस्तेमाल पर रोक लगाने तथा प्रदूषणकारी उद्योगों एवं ताप बिजली संयंत्रों के खिलाफ दंडात्मक कदम उठाने का निर्देश दिया था क्योंकि दिल्ली में वायु गुणवत्ता खराब श्रेणी में पहुंच गई है। यह कदम केंद्र सरकार की प्रदूषण नियंत्रण योजना के तहत उठाया गया है। यह योजना क्रमबद्ध प्रतिक्रिया कार्य योजना के नाम से जानी जाती है और इसे सर्दियों के मौसम में वायु प्रदूषण से निपटने के लिए लागू किया जाता है। अभियान के तहत शनिवार को पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने वजीरपुर हॉट स्पॉट का औचक निरीक्षण किया। राय ने कहा कि खराब होती वायु गुणवत्ता के मद्देनजर धूल-कण विरोधी अभियान शुरू किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इसमें 500 वर्गमीटर से अधिक दूरी पर सभी स्थानों पर धूल-कण नियंत्रण उपकरण लगाया जाना शामिल है तथा वेबपोर्टल के माध्यम से वास्तविक समय पर उसकी निगरानी की जाएगी। उन्होंने कहा कि धूल-कण नियंत्रण नियमों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए 591 टीम गठित की गई हैं, 530 वाटर स्प्रिंकलर (जल छिड़काव मशीनों) की मदद ली जा रही है तथा 258 धूल-कण रोधी चलंत उपकरणों की भी सेवा ली जाएगी। राय ने कहा कि दिल्ली में सबसे अधिक प्रदूषण वाले 13 स्थानों के लिए अलग-अलग एवं विशिष्ट कार्ययोजनाएं तैयार की गई हैं और उसके लिए 40 वायु गुणवत्ता निगरानी स्टेशनों के वायु गुणवत्ता आंकड़ों को आधार बनाया गया है। राय ने आगे बताया कि इस बार प्रदूषण को कम करने के लिए हॉट स्पॉट पर विशेष निगरानी की जा रही है। 13 हॉट स्पॉट के लिए अलग-अलग लोकल स्तर पर कार्य योजना बनाई गई है। जिसके आधार पर कार्रवाई की जा रही है। इसकी मॉनिटरिंग ग्रीन वॉर रूम से की जा रही है। निरीक्षण के दौरान एमसीडी, डीपीसीसी, जल बोर्ड, डीएसआईआईडीसी, दिल्ली ट्रैफिक पुलिस और पीडब्ल्यूडी के अधिकारी भी मौजूद रहे।

**पर्यावरण मंत्री ने वजीरपुर हॉट स्पॉट का किया औचक निरीक्षण**



**धूल-कण नियंत्रण नियमों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए 591 टीम गठित : गोपाल राय**

### सुबह-शाम सड़कों पर होगा पानी का छिड़काव

पर्यावरण मंत्री गोपाल राय को अधिकारियों ने बताया कि यहां बढ़ते प्रदूषण का मुख्य वजह अवैध पार्किंग, यातायात जाम की समस्या, सड़क के पास निर्माण का कार्य आदि है। ऐसे में राय ने सभी संबंधित विभाग के अधिकारियों को तत्काल आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही सुबह-शाम सड़कों पर पानी का छिड़काव करने के निर्देश दिए गए हैं। राय ने कहा कि दिल्ली में प्रदूषण को रोकने के लिए दिल्ली सरकार सक्रिय रूप से कार्य कर रही है।

## पुलिस ने नकली नोट गिरोह का भंड़ाफोड़ किया, चार गिरफ्तार

**नई दिल्ली,** 7 अक्टूबर (देशबन्धु)। दिल्ली पुलिस ने चार करेंसी तस्करों को गिरफ्तार किया है। एक अधिकारी ने शनिवार को बताया की आरोपियों के पास से 18.5 लाख रुपये के नकली भारतीय नोट और 46 लाख से अधिक की नेपाल की करेंसी बरामद की गई। आरोपियों की पहचान छवि राम (25), आसिब उर्फ आसिफ (37), इमरान (26) और दिनेश कुमार झा (25) के रूप में हुई है। पुलिस के मुताबिक, 28 सितम्बर को एक पुलिसकर्मी ने आनंद विहार बस टर्मिनल के अंदर एक व्यक्ति को बैग लेकर संदिग्ध रूप से घूमते देखा। उसके बैग की जांच की गई तो उसके अंदर 1,22,000 रुपए (100 रुपये के 466 नोट और 200 के 377 नोट) भारतीय नकली नोट (एफआईसीएन) पाए गए। व्यक्ति की पहचान छवि राम के रूप में हुई। पुलिस उपायुक्त (पूर्व) अमृता गुगुलोथ ने कहा, चूंकि बड़ी मात्रा में नकली नोट जब्त किए गए थे और इसके तार अन्य राज्यों से जुड़े हुए पाए गए थे। इसलिए मामले ने नकली नोटों की तस्करी में लगे एक महत्वपूर्ण सिंडिकेट की संलिप्तता का संकेत दिया। जांच के दौरान, इस सिंडिकेट के कॉल डिटेल रिकॉर्ड्स का विश्लेषण किया गया। जिससे पता चला कि दिनेश नाम का एक व्यक्ति इस गिरोह के मास्टरमाइंड के रूप में काम करता है।

## हमें प्रकृति के प्रति आदर व प्यार करना होगा जागृत : राजेन्द्र सिंह

**जल पर केन्द्रित उत्सव सबके लिए जल, जल के लिए सब का हुआ आयोजन**



**नई दिल्ली,** 7 अक्टूबर (देशबन्धु)। जलवायु परिवर्तन एक ग्लोबल समस्या है, लेकिन इस ग्लोबल समस्या का हल लोकल है, वह है प्यार प्रकृति से प्यार, धरती से प्यार, पानी से प्यार और हवा से प्यार। जब यह प्यार होगा तो धरती बेहतर होगी, इसलिए इस ग्लोबल क्लाइमेट चैलेंज का सोल्यूशन एक्सप्लोर करना है तो हमें प्रकृति के प्रति रिस्पेक्ट और प्यार जागृत करना होगा। यही हमारी धरती को पानी देगी, हरा-भरा करेगी और जब धरती हरी-भरी होगी तो वातावरण से कार्बन का सिकरीशन करने का काम हरियाली करती है, जब ऐसा होगा तो लोग सुकून व शांति से रहेंगे। यह बात भारत के जल पुरूष के नाम से प्रख्यात डॉ.राजेन्द्र सिंह ने जल पर केन्द्रित दो दिवसीय उत्सव 'सबके लिए जल, जल के लिए सब' के उद्घाटन समारोह के दौरान कहीं। 'सबके लिए जल, जल के लिए सब' यानि' वाटर फॉर ऑल, ऑल फॉर वाटर' अंतरराष्ट्रीय स्तर पर लोकप्रिय जर्मनी के 'आर्ट क्रिएट्स वाटर फेस्टिवल' का भारतीय संस्करण था। जिसका आयोजन वायवा कॉन एगुआ इंडिया और वेलथंगरहिल्फ इंडिया द्वारा गोएथे-इंस्टीट्यूट, मैक्स मूलर भवन, नई दिल्ली के साथ साझेदारी में आयोजित किया गया। इस अवसर पर वेल्थुंगरहिल्फे इंडिया की कंट्री डायरेक्टर निवेदिता वार्ष्णेय ने कहा कि जल ही जीवन है और हम सभी इसका एहसास करते हैं, लेकिन कला, संगीत और संस्कृति की सार्वभौमिक भाषा के माध्यम से इसे सुदृढ़ करना और हमारे व्यवहार को स्पष्ट कार्रवाई की ओर बदलना-यही इस उत्सव का उद्देश्य है। हमें उम्मीद है कि हर कोई प्रेरित और उत्साहित महसूस करेगा।

**सार संक्षेप**

### पाम ऑयल एंटीऑक्सिडेंट व विटामिन से समृद्ध है : केतन मेहता

**नई दिल्ली।** पाम ऑयल प्राकृतिक रूप से विटामिन ई और विटामिन ए सहित एंटीऑक्सिडेंट और विटामिन से समृद्ध है, जो इसे इन आवश्यक पोषक तत्वों के लिए एक मूल्यवान आहार स्रोत बनाता है। ये कहना है प्रसिद्ध कार्डियोलॉजिस्ट और वाइस प्रेजिडेंट इंडियन मेडिकल एसोसिएशन मुंबई वेस्ट के डॉ. केतन मेहता का। उपभोक्ताओं को पाम ऑयल के वास्तविक लाभों के बारे में शिक्षित करने के प्रयास में, मलेशियाई पाम ऑयल काउंसिल एमपीओसी ने हाल ही में भारत के कोलकाता में फोरम कोर्टयार्ड मॉल में एक उपभोक्ता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया जिसमें डॉ. मेहता ने कहा कि इसके अलावा, यह ट्रांस-फैट-मुक्त है और इसमें कोई कृत्रिम योजक या प्रिजर्वेटिव्स नहीं है, जो इसे स्वास्थ्य के प्रति जागरूक उपभोक्ताओं के लिए एक अच्छा विकल्प बनाता है। प्रोफेसर पुबाली धर, कलकत्ता विश्वविद्यालय ने इस बात पर जोर दिया कि पाम ऑयल, अन्य सभी ऑयल की तरह, संतुलित आहार का एक स्वस्थ घटक है। पाम ऑयल और उसका अंश, पाम ओलीन खाना पकाने के लिए उपयोग किए जाने वाले अन्य आम तौर पर उपभोग किए जाने वाले खाद्य तेलों और वसा के साथ समान पाचनशक्ति वाले गुण साझा करते हैं।

### अमेजन ग्रेट इंडियन उत्सव आज से

**नई दिल्ली।** भारत में सबसे बड़ा त्योहारी उत्सव अमेजन ग्रेट इंडियन फेस्टिवल 2023 आज से शुरू होगा, जिसमें प्राइम मेंबर्स के लिए 24 घंटे पहले एक्सेस होगा। त्योहारी सीजन को शानदार डील्स, बड़ी बचत, ब्लॉकबस्टर मनोरंजन और अमेज़ॅन. इन पर सभी श्रेणियों में 5,000 से अधिक नए उत्पाद लॉन्च के साथ मनाएं। अमेज़न ग्रेट इंडियन फेस्टिवल के दौरान, ग्राहक सैमसंग स्मार्टफोन और अप्लायंसेज, इंटेल लैपटॉप, सोनी प्लेस्टेशन 5, लैक्मे, मेबेलिन, हाइसेंस के टेलीविज़न, एलजी अप्लायंसेज, सर्फ एक्सेल, कम्फर्ट, विम और हॉर्लिक्स जैसे ब्रांडों से शानदार मूल्य के ऑफर की उम्मीद कर सकते हैं। ग्राहकों को अमेजन पे वॉलेट और शॉपिंग के रूप में 1000 रुपए जीतने का मौका मिलता है। उन्हें इस ऑफर को अनलॉक करने के लिए किसी भी बिल का भुगतान करना होगा या अपने मोबाइल या डीटीएच को रिचार्ज करना होगा।

## ऑनलाइन गेमिंग उद्योग को दिए गए टैक्स नोटिस को वापस लिया जाए : आतिशी

### निवेशक भी भारतीय स्टार्ट-अप्स में निवेश करने से कतराएंगे

**नई दिल्ली,** 7 अक्टूबर (देशबन्धु)। देश में तेजी से बढ़ते ऑनलाइन गेमिंग इंडस्ट्री को भारी टैक्स के बोझ के तले दबने से बचाने के लिए वित्त मंत्री आतिशी 52वीं जीएसटी काउंसिल की बैठक में ऑनलाइन गेमिंग इंडस्ट्री को दिए गए 1.5 लाख करोड़ के टैक्स नोटिस को वापस लेने की मांग उठाएंगी। वित्त मंत्री आतिशी ने शनिवार सुबह डिजिटल प्रेस कॉन्फ्रेंस के माध्यम से ये बात साझा कि। उन्होंने कहा कि, भारी टैक्स के बोझ तले देश में स्टार्टअप इंडस्ट्री के सबसे तेजी से बढ़ते सेक्टर ऑनलाइन गेमिंग की कमर टूट जाएगी। नए जीएसटी दर के साथ-साथ भारी टैक्स के नोटिस से न केवल ऑनलाइन गेमिंग इंडस्ट्री पर बुरा प्रभाव पड़ेगा बल्कि निवेशक भी भारतीय स्टार्ट-अप्स में निवेश करने से कतराएंगे और पूरे स्टार्ट-अप्स इको-सिस्टम पर इसकी मार पड़ेगी। एक तरफ केंद्र सरकार स्टार्ट-अप्स को प्रमोट करने की बात करती है और दूसरी ओर स्टार्ट-अप्स से निकली ऑनलाइन गेमिंग इंडस्ट्री को टैक्स के बोझ के तले दबाना चाह रही है। उन्होंने कहा कि ऑनलाइन गेमिंग इंडस्ट्री की वर्तमान में कुल वैल्यूएशन 23,000 करोड़ रुपये है। उसके आड़ केंद्र द्वारा उस पर 1.5 लाख करोड़ का टैक्स थोपना यानी इंडस्ट्री को तबाह करने जैसा है। ये अस्थिर टैक्स परिस्थितियां न केवल ऑनलाइन गेमिंग इंडस्ट्री बल्कि पूरे स्टार्टअप्स व एंत्रप्रेन्योरशिप इंडस्ट्री को बुरी तरह से प्रभावित करेगा, तेजी से बढ़ती कंपनियां बंद होने की कगार पर पहुँच जाएगी। ऑनलाइन गेमिंग इंडस्ट्री के बर्बाद होने का मतलब है इनमें काम करने वाले 50,000 से ज़्यादा युवा प्रोग्रामर्स,वेब डेवलपर्स का बेरोजगार हो जाना। ऐसे में इन कंपनियों को बंद होते देख युवा स्टार्टअप्स में जाने से कतरायेगा और नौकरियों की तरफ जाएगा। फिर कैसे देश से बेरोजगारी की महामारी दूर होगी। इसलिए वित्त मंत्री आतिशी आज जीएसटी काउंसिल की बैठक में ऑनलाइन गेमिंग इंडस्ट्री की बचाने के लिए ऐसे टैक्स नोटिस जो इस इंडस्ट्री को ख़त्म कर देंगे उन्हें वापिस लेने की मांग करेंगी।







नई दिल्ली स्थित इंडिया गेट के परम योद्धा स्थल पर भारतीय वायु सेना दिवस की 91वीं वर्षगांठ समारोह के दौरान लाइव प्रदर्शन करते हुए भारतीय वायु सेना बैंड के कर्मी।
फोटो इम्तियाज खान

## भारतीय ई-कॉमर्स ईकोसिस्टम के लिए उत्साहजनक समय : गौरव

**नई दिल्ली,** 7 अक्टूबर (देशबन्धु)। पेयोनीयर एक वित्तीय प्रौद्योगिकी कंपनी जो विश्व के लघु एवं मध्यम-आकार के कारोबारों को लेन-देन करने, कारोबार करने, और वैश्विक वृद्धि करने में सक्षम बनाने का कार्य करती है, ने अपने ग्लोबल फ्लैगशिप इवेन्ट फ़ोरम की घोषणा की जो 9 अक्टूबर को दिल्ली में आयोजित किया जाएगा। भारत में पेयोनीयर के वाइस प्रेज़िडेन्ट, गौरव सिसोदिया ने बताया कि यह भारत के ई-कॉमर्स ईकोसिस्टम के लिए एक बहुत ही उत्साहजनक समय है। पेयोनीयर क्रॉस-बॉर्डर ट्रेड को सरल बनाकर एक सपोर्ट'स', मार्केटप्लेस विक्रेताओं और डी2सी ब्राण्ड्स की महत्वाकांक्षाओं को सपोर्ट करता है। हमारे भरोसेमंद प्लेटफॉर्म के माध्यम से, हम भारतीय कारोबारों को उतनी ही आसानी से भुगतान प्राप्त करने, क्रॉस-बॉर्डर ट्रेड करने और फ़ण्ड मैनेज़मेन्ट करने में सक्षम बना रहे हैं, जितनी आसानी से वे स्थानीय रूप से करते हैं। भारत में पेयोनीयर फ़ोरम का यह सातवां संस्करण, देश का सबसे बड़ा ई-कॉमर्स इवेन्ट है।



## अर्श दल्ला के आतंकी-गैंगस्टर गठजोड़ का मुख्य संचालक गिरफ्तार

**नई दिल्ली,** 7 अक्टूबर (देशबन्धु)। दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने अर्श दल्ला-सुक्खा दुनेके आतंकी-गैंगस्टर गठबंधन के आखिरी प्रमुख ऑन-ग्राउंड ऑपरेटिव हरजीत सिंह को गिरफ्तार किया है, जिसकी पंजाब और हरियाणा में कई हत्याओं के सिलसिले में एनआईए सहित कई कानून प्रवर्तन एजेंसियों को तलाश थी। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। एक अधिकारी ने कहा कि पंजाब के बठिंडा जिले का निवासी हरजीत सिंह (27) पिछले दो वर्षों से गिरफ्तारी से बच रहा था। अधिकारी ने कहा कि हरजीत सिंह, अपने करीबी सहयोगी के साथ, जिसे 7 सितम्बर को स्पेशल सेल द्वारा गिरफ्तार किया गया था, विदेश स्थित गैंगस्टर से आतंकवादी बने सुक्खा दुनेके, अर्श दल्ला, लखबीर सिंह (जिसे लंडा नाम से भी जाना जाता है) और हरविंदर सिंह (जिसे रिंदा के नाम से भी जाना जाता है) का सबसे भरोसेमंद गुर्गा था। अधिकारी ने कहा कि विदेश में रहने वाले इन चार गैंगस्टरों ने पाकिस्तान की आईएसआई के सहयोग से देश के भीतर राष्ट्र-विरोधी गतिविधियां चलाने के लिए आतंकी-गैंगस्टर सिंडिकेट बनाया है। पुलिस उपायुक्त (विशेष प्रकोष्ठ) प्रतीक्षा गोदारा ने कहा कि हरजीत और हैरी राजपुरा पिछले दो वर्षों से विभिन्न राज्यों में आपराधिक गतिविधियों में शामिल होकर फरार थे। डीसीपी ने कहा कि उन्होंने विदेश स्थित आतंकवादियों के इशारे पर काम करते हुए देश की आंतरिक सुरक्षा के लिए एक महत्वपूर्ण चुनौती पेश की। वे लक्षित हत्याओं, जबरन वसूली, वित्तीय लाभ के लिए गोलीबारी और अवैध आग्नेयास्त्रों और दवाओं की सीमा पार तस्करी में शामिल थे। टीम को लगातार उनकी देश विरोधी गतिविधियों की जानकारी मिल रही थी, इसलिए इस आपराधिक सिंडिकेट को खत्म करने के लिए एक व्यापक अभियान शुरू किया गया। खुफिया जानकारी जुटाने की प्रक्रिया के दौरान पाया गया कि हरियाणा का एक भगोड़ा गैंगस्टर नीरज फरीदपुरिया, जिसके बारे में माना जाता है कि वह पुर्तगाल में है, उसने कनाडा में रहने वाले अर्श दल्ला के साथ संबंध स्थापित किए थे। डीसीपी ने कहा कि उन्होंने अपने सहयोगियों के लिए सुरक्षित ठिकानों की व्यवस्था की थी और दिल्ली-एनसीआर के भीतर अपने आपराधिक नेटवर्क का विस्तार करने की कोशिश की थी। इस खतरे से निपटने के लिए तकनीकी निगरानी प्रयासों को हरियाणा के दक्षिणपूर्वी क्षेत्र पर केंद्रित किया गया था। और महत्वपूर्ण जानकारी इकट्ठा करने के लिए मुखबिरों को सक्रिय किया गया था। एक बेहद संदिग्ध व्यक्ति, जिसकी पहचान बाद में हरियाणा के बल्लभगढ़ निवासी मुनेश लांबा और नीरज फरीदपुरिया के कॉलेज मित्र के रूप में हुई, को टीम ने 6 सितम्बर को गिरफ्तार किया था।



## आईजीआई हवाई अड्डे पर चोरी करते सात गिरफ्तार

**नई दिल्ली,** 7 अक्टूबर (देशबन्धु)। दिल्ली पुलिस ने आईजीआई एयरपोर्ट पर यात्रियों के बैगेज से कीमती सामान चुराने के आरोप में सात लोडर्स को गिरफ्तार किया है। एक अधिकारी ने शनिवार को कहा कि यूनिट में उच्च पदाधिकारियों की संलिप्तता से इनकार नहीं किया जा सकता है। अधिकारियों ने कहा कि उन्होंने आरोपियों के कब्जे से भारी मात्रा में सोने के आभूषण, लग्जरी घड़ियां, एप्पल एयरपॉड और विदेशी मुद्रा भी बरामद की है। पुलिस उपायुक्त (आईजीआई) देवेश कुमार महला ने कहा, वर्तमान एफआईआर पंजाब की रहने वाली परमजीत कौर की शिकायत पर दर्ज की गई थी। शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया कि 16 सितंबर को वह सिंगापुर एयरलाइंस की फ्लाइट से मेलबर्न से दिल्ली पहुंची थी। डीसीपी ने कहा कि इसके अलावा उन्हें दिल्ली से अमृतसर के लिए दूसरी फ्लाइट पकड़नी थी। अमृतसर के लिए बोर्डिंग करते समय उनके सामान का वजन अधिक पाया गया, इसलिए उन्होंने अपना बैग खोला और सामान को एडजस्ट किया।


### ग्रेटर नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण

भूखण्ड संख्या-01, सैक्टर-नॉलेज पार्क-4, ग्रेटर नोएडा सिटी-201310
जिला-गौतमबुद्धनगर।

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम/सैक्टर-घंघोला की प्रस्तावित आबादी में आवंटित आवंटन संख्या-जी.यू.एल.01233, भूखण्ड संख्या-2, क्षेत्रफल-1160 वर्ग मीटर को आवंटित श्री रतन सिंह पुत्र श्री शंकर, निवासी-ग्राम-साकीपुर, जिला-गौतमबुद्ध नगर, उ०प्र० को आवंटित किया गया था। आवंटी श्री रतन सिंह पुत्र श्री शंकर की मृत्यु के उपरान्त इनके वसियती श्री थीम रावत पुत्र श्री धनजीत सिंह रावत, निवासी- जे-75, विष्णु गार्डन, नई दिल्ली-110018 द्वारा अपने पक्ष में नामांतरण करने हेतु रजि० वसीयत के आधार पर नामांतरण प्रपत्र एवं शपथ-पत्र प्रस्तुत किये गये है। उक्त प्रस्तुत वसीयत की बही संख्या-3, जिल्द संख्या-122, पृष्ठ संख्या-211 से 220 पर कमांक 648 दिनांक 29.10.2010 को उप निबन्धक, सदर, जिला-गौतमबुद्धनगर, उ०प्र० के कार्यालय में पंजीकृत किया गया है। अतः इस नामांतरण के संबंध में किसी को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन की तिथि से 35 दिन के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति कार्यालय में दर्ज कराने का कष्ट करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखों में पर श्री थीम रावत पुत्र श्री धनजीत सिंह रावत, निवासी- जे-75, विष्णु गार्डन, नई दिल्ली-110018 का नाम आवंटी के रूप दर्ज कर दिया जायेगा।

प्रबन्धक (कृषक आबादी)
ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण

### ग्रेटर नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण

भूखण्ड संख्या-01, सैक्टर-नॉलेज पार्क-4, ग्रेटर नोएडा सिटी-201310
जिला-गौतमबुद्धनगर।

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम/सैक्टर-पाली की प्रस्तावित आबादी में आवटित आवंटन संख्या- पी.ए.एल. 615, भूखण्ड संख्या-पी-17सी, पाकेट-सी, क्षेत्रफल -143.30 वर्ग मीटर श्री फिरेराम पुत्र श्री हर प्रसाद, निवासी-ग्राम-पाली, जिला-गौतमबुद्धनगर, उ0प्र0 के पक्ष में आवंटित किया गया था। आवंटी श्री फिरेराम पुत्र श्री हर प्रसाद की मृत्यु के उपरांत इनके वारिसान संजीव कुमार पुत्र स्व0 फिरेराम, सर्वश्री श्री अमित कुमार, धर्मेन्द्र कुमार पुत्रगण स्व० श्री फिरेराम, श्रीमती महेन्द्री पत्नी स्व0 श्री फिरेराम, श्रीमती इन्द्रेश (विवाहित) पुत्री स्व० श्री फिरेराम, निवासी-ग्राम-पाली, ग्रेटर नोएडा, जिला- गौतमबुद्धनगर, उ0प्र0 में से श्री संजीव कुमार पुत्र स्व0 श्री फिरेराम, निवासी-ग्राम-पाली, ग्रेटर नोएडा, जिला-गौतमबुद्धनगर, उ०प्र० के पक्ष में नामांतरण करने हेतु नामांतरण प्रपत्र एवं शपथ-पत्र प्रस्तुत किये गये है। अतः इस नामांतरण के संबंध में किसी को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन की तिथि से 35 दिन के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति कार्यालय में दर्ज कराने का कष्ट करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखों में इनके श्री संजीव कुमार पुत्र स्व0 श्री फिरेराम, निवासी-ग्राम-पाली, ग्रेटर नोएडा, जिला-गौतमबुद्धनगर, उ०प्र० के पक्ष में सहः आवटी के रूप में दर्ज कर दिया जायेगा।

प्रबन्धक (कृषक आबादी)
ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण


**आयोजन** *तालकटोरा स्टेडियम में आईपीयू स्वास्थ्य मेले का हुआ आयोजन*

# हर वर्ग उठा रहा स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ

**नई दिल्ली, 7 अक्टूबर (देशबन्धु)। दिल्ली के तालकटोरा स्टेडियम में आयोजित आईपीयू स्वास्थ्य मेले में हर वर्ग के लोग मुफ्त चिकित्सा जांच और स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठा रहे हैं। बीआर सूर होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज के प्रोफेसर डॉ.एसएन जाना ने बताया कि पिछले दो दिनों में 300 से अधिक हीमोग्लोबिन परीक्षण किए गए हैं, जिनमें से 50 प्रतिशत एनीमिया यानी खून की कमी से पीड़ित हैं। राजीव गांधी कैंसर संस्थान और अनुसंधान केंद्र द्वारा आयोजित कैंसर स्क्रीनिंग में ब्रेस्ट और गर्भाशय ग्रीवा कैंसर स्क्रीनिंग के लिए भी भारी परामर्श देखा गया है। आज एक मरीज की शुरुआती जांच में ब्रेस्ट कैंसर का संकेत देने वाली गांठ का पता चला।**

और उसे आगे की जांच और तत्काल देखभाल की सिफारिश की गई। चिंता, तनाव, विश्वास, अवसाद, रिश्ते के मुद्दे और आत्मविश्वास की कमी 100 से अधिक युवाओं के बीच मानसिक स्वास्थ्य के प्राथमिक क्षेत्रों के रूप में उभरी, जिन्होंने इस कार्यक्रम में मानव व्यवहार और संबद्ध विज्ञान संस्थान (आईबीएचएएस) से एक-एक करके मानसिक स्वास्थ्य परामर्श लिया। उपस्थित लोगों ने लिवर से संबंधित समस्याओं के लिए भी सहायता मांगी और लिवर और पित्त विज्ञान संस्थान द्वारा प्रदान की गई मुफ्त फाइब्रोस्कैन जांच का लाभ उठाया। ईएसआई अस्पताल द्वारा आयोजित ओबीजी और आईवीएफ केंद्र में मासिक धर्म संबंधी समस्याओं से जूझ रहे युवा महिलाओं को परामर्श दिया गया। प्रधानमंत्री भारतीय जनऔषधि परियोजना के सीईओ रवि दाधीच ने आज आईपीयू स्वास्थ्य मेले का दौरा किया। उन्होंने कहा कि बढ़ती स्वास्थ्य संबंधी चिंताओं को देखते हुए आम लोगों को सस्ती स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना जरूरी है। उन्होंने सामुदायिक स्वास्थ्य की दिशा में यह कदम उठाने के लिए विश्वविद्यालय की पहल की सराहना की और विश्वविद्यालय को अपनी यात्रा के 25 वर्ष पूरे करने पर बधाई दी। मुंह के स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने मसूड़ों की समस्याओं, सांसों की दुर्गंध और कैविटी सहित सामान्य दंत संबंधी चिंताओं के लिए अधिकतम रोगियों को परामर्श दिया। इस कार्यक्रम में अस्थमा और डेंगू जैसी संचारी बीमारियों से जूझ रहे मरीजों को भी मार्गदर्शन दिया गया, जो दिल्ली में खतरनाक दर से बढ़ रही है।



**दो दिनों में सौ लोगों को मानसिक स्वास्थ्य संबंधित परामर्श दिया**


**उत्तर रेलवे**

**शुद्धिपत्र**

आज़ादी का अमृत महोत्सव

इसके द्वारा सूचित किया जाता है कि उत्तर रेलवे ने बोलियां प्राप्त करने की अंतिम तिथि 23.10.2023 (सुबह 1130 बजे) तक बढ़ाने का निर्णय लिया है और प्राप्त बोलियां उसी दिन सुबह 1300 बजे खोली जाएंगी और प्री-बिड प्रश्नों के उत्तर भी आईआरईपीएस वेबसाइट पर प्रकाशित किए गए हैं। ई-निविदा सूचना संख्या-01ExamCBTBid2022Acct
दिनांक 06.09.2023 3115/23

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# कैपिटल ज़ोन

**उवाच** "विशेष अभियान कवि नगर जोन में चलाया गया जो की सभी जोन में चलाया जाएगा नर्सरी धारकों को गाजियाबाद नगर निगम टीम द्वारा चेतावनी भी दी गई है कि वह नर्सरी के अनुबंध पर नर्सरी का ही कार्य करें अन्य कार्य किए जाने पर नियम अनुसार कार्रवाई की जाएगी।
**डॉ. अनुज उद्यान प्रभारी**

# नोएडा में औद्योगिक भूखंड आवंटन का तय हुआ ऑब्जेक्टिव क्राइटेरिया

**नोएडा,** 7 अक्टूबर (देशबन्धु)। नोएडा प्राधिकरण की 211वीं बोर्ड बैठक ऑनलाइन की गई। बैठक में औद्योगिक भूखंडों के लिए ऑजेक्टिव क्राइटेरिया पर विस्तार से चर्चा की गई। इसके लिए शासन की ओर से किए गए संशोधनों पर बातचीत हुई। जिसे लागू किया जाएगा। हालांकि बैठक में चार और एजेंडों पर चर्चा होनी थी। जिसमें किसानों की सबसे महत्वपूर्ण मांग 10 प्रतिशत विकसित भूखंड की मांग या इसके समतुल्य मुआवजा भी शामिल किया गया था। अब इसके लिए अलग से बोर्ड बैठक होगी। जिसमें इस पर चर्चा की जाएगी।

**■ तीनों प्राधिकरण में होगी लागू, किसान समेत अन्य 4 ऐजेंडे अगली बोर्ड के लिए प्रस्तावित**

नोएडा में औद्योगिक भूखंडों का आवंटन ई ऑक्शन से किया जाता है। 210वी बोर्ड में नोएडा ग्रेटरनोएडा और यमुना एक्सप्रेस औद्योगिक विकास प्राधिकरण में औद्योगिक भूखंडों के आवंटन में ई ऑक्शन की प्रक्रिया को समाप्त कर दिया गया। साथ ही आवंटन के लिए पूर्व की स्थिति को बहाल कर दिया गया। इसमें निर्णय लिया गया था कि आगामी बोर्ड तक तीनों प्राधिकरण आवंटन के लिए अपनाई जाने वाली प्रक्रिया को और पारदर्शी बनाने के लिए एक पॉलिसी का निर्माण करे। इस पॉलिसी को बनाने के लिए तीनों ही प्राधिकरण के अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी (औद्योगिक), मुख्य विधि सलाहकार और वित्त नियंत्रक की एक समिति बनाई गई। जिसे 211 वी बोर्ड में रखा गया।

### अब्जेक्टिव क्राइटेरिया के लिए बनाई गई पॉलिसी

>>प्रस्तावित प्रक्रिया में महज फेज-2 और फेज-3 में स्थित भूखंडों का आवंटन ड्रा के जरिए किया जाएगा।
>>फेज-1 में भूखंडों की संख्या काफी कम होने की वजह से वहां आवंटन सिर्फ ई ऑक्शन से ही किया जाएगा।
>>आवेदन करते समय आवेदक को अन्य औपचारिकता पूरी करने के साथ कुल प्रीमियम का 10 प्रतिशत रजिस्ट्रेशन राशि के रूप में जमा करना होगा।
>>4000 वर्ग मीटर और इससे कम क्षेत्रफल के भूखंडों की योजना में आवेदन भूखंडों के आकार की श्रेणी जिसमें 250 वर्ग मीटर तक, 251-450 वर्ग मीटर, 451 से 1000 वर्ग मीटर, 1001 से 1800 वर्ग मीटर और 1801 से 3000 वर्ग मीटर व 3001 से 4000 वर्ग मीटर के अनुसार स्वीकार किया जाएगा। एक आवेदक की ओर से किसी श्रेणी में एक ही आवेदन स्वीकार किया जाएगा। प्रत्येक आकार श्रेणी में आवेदन के लिए कुल प्रीमियम का 10 प्रतिशत जमा करना होगा।
>>आवंटन पत्र मिलने के 90 दिनों में भूखंड के कुल प्रीमियम की संपूर्ण धनराशि एक मुश्त जमा करने का विकल्प होगा। एकमुश्त जमा करने पर कुल प्रीमियम के 2 प्रतिशत धनराशि की छूट प्रदान की जाएगी।
>>एक मुश्त जमा नहीं करने की स्थिति में 60 दिन के अंदर कुल प्रीमियम का 50 प्रतिशत और शेष 50 प्रतिशत 3 साल में 6 अर्धवार्षिक किस्तों में ब्याज के साथ देना होगा।
>>प्रत्येक भूखंड के लिए भूखंड के प्रीमियम की गणना योजना के प्रकाशन की तिथि को उस सेक्टर के निर्धारित आवंटन दर के अनुसार की जाएगी।
>>आवंटन के बाद यदि उक्त समय में पैसा जमा नहीं कराया जाता तो आवंटन निरस्त करते हुए संपूर्ण पंजीकरण धनराशि को जब्त कर लिया जाएगा।
>>4000 वर्ग मीटर से अधिक के भूखंडों का साक्षात्कार के जरिए होगा आवंटन इसके लिए नंबरिंग क्राइटेरिया बनाया गया।
>>ये नंबर 10 क्राइटेरिया में दिए जाएंगे जिसमें कार्यशीलता, नेटवर्थ, लिक्विडिटी और विगत तीन साल में ऑडिटेड बैलेंस शीट, महिला उद्यमी, औद्योगिक इकाई विस्तार, वित्तीय क्षमता आदि को शामिल किया गया है।
>>किसी भी परिस्थिति में 65 प्रतिशत से कम अंक प्राप्त करने वाले आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा।
>>65 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले को ही आवेदन कर्ता को भूखंड का आवंटन किया जाएगा।
>>यदि दो आवेदन कर्ताओं के बीच नंबरिंग टाई होती है तो दोनों के बीच ड्रा किया जाएगा।

### इन एजेंडों पर होनी थी चर्चा

बोर्ड में नोएडा के किसान संगठनों द्वारा धरनारत रहते हुए साल-1997 से अब तक अर्जित भूमि के सापेक्ष समस्त किसानों को 10 प्रतिशत आबादी अथवा उसके समतुल्य धनराशि दिए जाने से संबंधित मांग। वाणिज्यिक विभाग द्वारा ई ऑक्शन के जरिए किराए पर दी जाने वाली परिसंपत्तियों के आवंटन की प्रक्रिया ईएमडी की धनराशि लिए जाने और प्रक्रिया में अव्यवहारिक बोली लगाने वाले आंवटी की ईएमडी 100 प्रतिशत जब्त किए जाने से संबंधित। मोबाइल टावर निति में संसोधन किए जाने संबंधित।

# गाजियाबाद में बनेंगे 10 आकांक्षी तथा पांच पिंक टॉयलेट, फाइव स्टार स्तर की मिलेंगी सुविधाएं

**गाजियाबाद,** 7 अक्टूबर (देशबन्धु)। गाजियाबाद शहर ने नगर निगम 10 आकांक्षी तथा पांच पिंक टॉयलेट बनाएगा। इनमें फाइव स्टार स्तर की सुविधाएं मिलेंगी। नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने शनिवार को बताया कि गाजियाबाद नगर निगम द्वारा शहर में पांच पिक टॉयलेट तथा 10 आकांक्षी सार्वजनिक शौचालय बनाने की तैयारी चल रही है। जिससे शहर वासियों को लाभ मिलेगा। उन्होंने बताया कि प्रत्येक जोन में एक पिक टॉयलेट तथा दो आकांक्षी सार्वजनिक टॉयलेट बनाये जाएंगे। नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ मिथिलेश तथा मुख्य अभियंता निर्माण एन के चौधरी को संयुक्त रूप से कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं।



**■ स्थान की तलाश शुरू**

निर्माण विभाग द्वारा स्थान चयनीकरण का कार्य किया जा रहा है, स्टेट गवर्नमेंट के निर्देश अनुसार शहर हित में शौचालय बनाने का कार्य किया जाएगा। शौचालय के लिए जमीन चयन का कार्य शुरू कर दिया है जिसमें निर्माण विभाग द्वारा रिपोर्ट भी प्रस्तुत की गई है।

नगर आयुक्त ने बताया कि वसुंधरा जोन के अंतर्गत सन वैली स्कूल के पास सेक्टर 1 वैशाली, कवि नगर जोन के अंतर्गत लाल कुआं छपरौला पुल के पास, सिटी जोन के अंतर्गत चौधरी चरण सिंह पार्क मेरठ तिराहा के पास, विजयनगर जोन के अंतर्गत डीपीएस चौराहा वार्ड 51 के पास, मोहन नगर जोन के अंतर्गत मोहन नगर मेट्रो स्टेशन के नीचे पिंक शौचालय को बनाने का कार्य किया जा सकता है। शहर में बनने वाले शौचालय में फाइव स्टार की सुविधाएं उपलब्ध होंगी। हैंडीकैप तथा बुजुर्गों के लिए भी शौचालय को सुविधाजनक बनाया जाएगा, गाजियाबाद नगर निगम सीएसआर फंड से पिंक टॉयलेट तथा आकांक्षी सार्वजनिक शौचालय को वातानुकूलित भी किया जाएगा।

## सार संक्षेप

### अश्लील हरकत का विरोध करने पर चचेरे मामा ने बच्ची की हत्या की

**गाजियाबाद।** थाना कोतवाली क्षेत्रान्तर्गत कैला भट्टा क्षेत्र में अश्लील हरकतों का विरोध करने पर एक युवक ने 7 वर्षीय बच्चे की हत्या कर दी और फरार हो गया। बच्ची बेहोशी की हालत में छत पर पड़ी मिलीआरोपी युवक अमृत बच्चे का रिश्ते का मामा है। आरोपी युवक बच्ची को खिलाने के बहाने अपने घर ले गया था।इस मामले में बच्ची के सगे मामा ने कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस ने इस मामले में पांच लोगों को विरासत में लेकर पूछताछ की तो मामला प्रकाश में आया। पुलिस उपायुक्त शहर निपुण अग्रवाल ने बताया कि शनिवार की देर रात को केला भट्टा निवासी एक व्यक्ति ने यह सूचना दी की उनकी 7 वर्षीय भांजी नहीं मिल रहीं है। थोडा ढूंढने के पश्चात लापता बच्ची अपने ननीहाल के छत पर बेहोश अवस्था में मिली। जब उसे जिला एमएमजी अस्पताल लेकर गये तो डाक्टर्स ने इनको मृत घोषित कर दिया। पुलिस द्वारा छानबीन के दौरान 5 संदिग्धों से पूछताछ में ज्ञात हुआ कि उन्ही के चचेरे मामा ने बच्ची को कुछ खिलाने-पिलाने के बहाने बगल वाले घर में बुलाकर कुछ अश्लील हरकत की। जिसपर बच्ची द्वारा शोर मचाया तो आरोपी ने बच्ची के मुँह पर हाथ रख कर उसकी हत्या कर दी। अभियुक्त को हिरासत में लिया जा चुका है। भौतिक एवं वैज्ञानिक साक्ष्यों का संकलन किया जा रहा है।

### दलित प्रेरणा स्थल पर मनाया जाएगा परिनिर्वाण दिवस

**नोएडा।** दलित प्रेरणा स्थल सेक्टर 95 में कांशीराम जी का परिनिर्वाण दिवस कार्यक्रम किया जाना प्रस्तावित है। उक्त कार्य के दृष्टिगत आवश्यकता पड़ने पर यातायात डायवर्जन किया जाएगा। वाहन चालक यातायात असुविधा से बचने हेतु निम्नलिखित मार्गों का प्रयोग कर गन्तव्य की ओर जा सकते है। नोएडा-ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेस-वे पर ग्रेटर नोएडा से नोएडा की ओर आने वाले मार्ग पर दलित प्रेरणा स्थल पर यातायात दबाव होने की स्थिति में महामाया फ्लाई ओवर से सैक्टर-37 की ओर यातायात का डायवर्ट किया जाएगा। यह यातायात सेक्टर-37 से अट्टा पीर चौक, रजनीगंधा चौक, सेक्टर 15 गोल चक्कर चौक से गन्तव्य को जा सकेगा। नोएडा-ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेस वे पर ग्रेटर नोएडा से नोएडा की ओर आने वाले मार्ग पर दलित प्रेरणा स्थल गेट नं-4 पर यातायात दबाव होने की स्थिति में फिल्म सिटी फ्लाईओवर से सेक्टर 18 की ओर यातायात का डायवर्ट किया जायेगा। यह यातायात सेक्टर 18 से रजनीगंधा चौक, सेक्टर 15 गोल चक्कर चौक अथवा सेक्टर 18 अण्डरपास से एलिवेटेड होकर गन्तव्य को जा सकेगा। नोएडा-ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेस-वे पर नोएडा से ग्रेटर नोएडा की ओर आने वाले मार्ग पर डीएनडी, फिल्म सिटी फ्लाईओवर के पास यातायात दबाव होने की स्थिति में सेक्टर-14ए फ्लाईओवर से सेक्टर 15 गोल चक्कर की ओर यातायात का डायवर्ट किया जायेगा। यह यातायात सेक्टर 15 गोल चक्कर चौक से रजनीगंधा चौक, अट्टा पीर चौक, सेक्टर-37 होकर गन्तव्य को जा सकेगा।



# महापौर सुनीता दयाल ने किया गोविंदपुरम स्मार्ट ट्रांसफर स्टेशन का निरीक्षण

**गाजियाबाद,** 7 अक्टूबर (देशबन्धु)। कुछ रोज पहले महापौर सुनीता दयाल के आवास पर गोविंदपुरम (शताब्दीपुरम, स्वर्णजयंती पुरम) से लोग मिलने आये थे महापौर ने उनकी शिकायत सुनी, उनकी शिकायत थी कि गोविंदपुरम बस स्टैंड से आगे स्मार्ट ट्रांसफर स्टेशन का निर्माण हो रहा है जिसमें अत्यधिक कूड़ा डाल दिया गया है जिसकी बदबू आस पास के लोगो को परेशान कर रही है जिसमे महापौर द्वारा मोके पर नगर स्वास्थ्य अधिकारी को बुलाया और समाधान हेतु आस्वाशन दिया गया उसके उपरांत महापौर आज स्वम गोविंदपुरम स्थित स्मार्ट ट्रांसफर स्टेशन का निरीक्षण करने पहुच गई, जिसमें देखा कि ट्रांसफर स्टेशन आवासीय कॉलोनी से बहुत दूर है और लगभग पूरा बन चुका है लेकिन खात्ते पर रास्ता की व्यवस्था न होने के कारण ट्रांसफर स्टेशन पर कूड़ा दाल दिया गया था जिस कारण वहां परेशानी हो रही थी जिसमें महापौर द्वारा स्थानीय लोगो को बताया गया कि यह स्मार्ट ट्रांसफर स्टेशन है यहां डोर टू डोर गाड़ी आएगी और कूड़े को कैप्सूल में डाल देगी जिससे बदबू एवं गंदगी भी नहीं होगी।

**■ ट्रांसफर स्टेशन पर पड़ रहे कूड़े का जल्द किया जाएगा निस्तारण : महापौर**

# निगम ने नर्सरियों पर चलाया अवैध अतिक्रमण हटाने का अभियान

**गाजियाबाद,** 7 अक्टूबर (देशबन्धु)। नगर निगम के उद्यान विभाग द्वारा नर्सरियों के अवैध अतिक्रमण को हटाने की कार्रवाई जोरों से चल रही है। नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक के निर्देश अनुसार कवि नगर जोन की नर्सरियों पर उद्यान टीम ने वृहद स्तर पर अभियान चलाया गया। जिसमें नर्सरी की आड़ में चल रहे कार्यों को भी बंद किया। साथ ही नर्सरियों में से पक्के निर्माण को भी तोड़ा गया। डॉ. अनुज उद्यान प्रभारी ने बताया कि विशेष अभियान कवि नगर जोन में चलाया गया जो की सभी जोन में चलाया जाएगा नर्सरी धारकों को गाजियाबाद नगर निगम टीम द्वारा चेतावनी भी दी गई है कि वह नर्सरी के अनुबंध पर नर्सरी का ही कार्य करें अन्य कार्य किए जाने पर नियम अनुसार कार्रवाई की जाएगी। गाजियाबाद नगर निगम उद्यान विभाग द्वारा हापुड़ चुंगी, शास्त्री नगर, नसीरपुर फाटक, डायमंड फ्लाईओवर, स्थित नर्सरियों पर विशेष अभियान चलाया गया माननीय महापौर द्वारा भी नर्सरींयों पर भ्रमण कर संबंधित अधिकारी को निर्देशित किया गया, जिसके क्रम में अवैध अतिक्रमण हटाने का अभियान शुरू हुआ तोमर नर्सरी, बांके बिहारी नर्सरी, फूल कंवर नर्सरी, भारत नर्सरी, वीर नर्सरी, बनारसी नर्सरी, से अवैध अतिक्रमण भी हटाया गया तथा अन्य चल रही कार्यों को बंद करते हुए चेतावनी भी दी गई। अभियान के दौरान उद्यान विभाग को जानकारी प्राप्त हुई कि कई नर्सरी में पक्का निर्माण भी किया हुआ था जिसको बुलडोजर के माध्यम से हटवाया गया नर्सरियों के द्वारा टीन सेट लगाकर भी अवैध अतिक्रमण किया जा रहा था, जिसकी विरुद्ध बड़ी कार्रवाई गाजियाबाद नगर निगम द्वारा की गई।



**■ नर्सरी की आड़ में चल रहे काम तत्काल हो बंद अन्यथा निरस्त होगा अनुबंध : नगर आयुक्त**

# प्रमुख सचिव नगर विकास अमृत अभिजात ने किया औचक निरीक्षण

**गाजियाबाद,** 7 अक्टूबर (देशबन्धु)। प्रदेश के प्रमुख सचिव नगर विकास अमृत अभिजात ने शनिवार को गाजियाबाद नगर निगम तथा जल निगम के अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक सहित निगम के सभी विभागीय अधिकारियों ने अपने-अपने विभाग से संबंधित कार्यों की प्रेजेंटेशन दी। बैठक में निगम के चल रहे कार्यों पर विस्तृत चर्चा की साथ ही स्वच्छता सर्वेक्षण को लेकर विशेष अभियान चलाने एवं तैयारी करने के निर्देश भी दिए। ग्रीन म्युनिसिपल बोंड की प्रगति के बारे में भी संबंधित अधिकारियों ने प्रेजेंटेशन दी। उन्होंने प्रमुख ने गोविंदपुरम स्थित नगर निगम के स्मार्ट ट्रांसफर स्टेशन का जायजा लिया। नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर मिथिलेश द्वारा स्मार्ट ट्रांसफर स्टेशन की विस्तृत जानकारी दी।। कवि नगर जोन के कचरे को किस प्रकार कैप्सूल के



माध्यम से एक स्थान पर लाकर तकनीकी माध्यम से बिना प्रदूषण फैलाएं प्रोसेस यूनिट तक भेजा जाएगा इसकी जानकारी नगर आयुक्त विक्रमादित्य ने दी। प्रताप विहार स्थित वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट तथा प्रयोगशाला का जायजा भी लिया। जिसके क्रम में प्रयोगशाला का भी निरीक्षण किया गया जिसमें पानी की गुणवत्ता की जांच किस प्रकार की जाती है विस्तार से जल निगम अधिकारियों ने जानकारी दी। सिद्धार्थ विहार स्थित 120 एमएलडी के जल शोधन संयंत्र का जायजा लिया। जिसमें निर्माण की गुणवत्ता देखी गई, प्रताप विहार स्थित वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट के अंतर्गत वॉटर ट्रीटमेंट तकनीकी माध्यम से किस स्पीड से कार्य किया जा रहा है इसको देखा।

# बुखार से 15 दिन के अंदर सात की मौत

**बुलंदशहर,** 7 अक्टूबर (देशबन्धु)। क्षेत्र के गांव दस्तूरा में बुखार कहर बनकर टूट रहा है। 15 दिन में चार महिलाओं समेत सात लोगों की मौत हो चुकी है।

**■ गांव की गलियों में गंदगी का अंबार, पनप रहे मच्छर,**

जबकि गांव में बीमारी से बहुत लोग ग्रसित है। जिनमें से कई का उपचार हायर सेंटर पर चल रहा है। बीमारी से मौत को लेकर ग्रामीणों में दहशत व्याप्त है। गांव में गंदगी को लेकर ग्रामीणों में रोष है। स्वास्थ्य विभाग ने शुक्रवार को शिविर लगाकर जांच की। अब तक कमलेश देवी (45 वर्ष) पत्नी जगना, योगेन्द्र (27 वर्ष) पुत्र दलवीर सिंह, अनीता देवी (26 वर्ष) पत्नी अनिल कुमार, किरन पाल (60वर्ष) पुत्र अमर सिंह, प्रकाशी (52 वर्ष) पत्नी रग्गा, लज्जा देवी (62वर्ष) पत्नी रामगोपाल व श्यौराज सिंह (65 वर्ष) पुत्र खेमा की मौत हो चुकी है। जबकि गांव निवासी कैप्टन श्रीचंद, लाला व किरनवती का हायर सेंटर में उपचार चल रहा है। गांव में बड़ी तादाद में लोग बुखार से पीड़ित हैं। धरपा पीएचसी प्रभारी डॉ प्रवीण कुमार ने बताया कि गांव में शुक्रवार को स्वास्थ्य शिविर लगाया गया। जिसमें 102 लोगों का पंजीकरण किया गया। जिनमें से 40 लोगों की डेंगू, मलेरिया आदि की जांच की गई। जिनमें इन बीमारियों के कोई लक्षण नहीं मिले। मौतों के कारणों की जांच की जा रही है। गांव में लगातार स्वास्थ्य शिविर लगाया जाएगा।





# शी विंग्स फाउंडेशन ने वन विभाग के साथ मिलकर मनाया वन्यजीव सप्ताह

**नोएडा,** 7 अक्टूबर (देशबन्धु)। शी विंग्स फाउंडेशन ने वनस्पति संरक्षण बोर्ड और वन विभाग, टीम गौतम बुद्ध नगर के साथ मिलकर 'वन्यजीव सप्ताह' का आयोजन किया। इस महत्वपूर्ण आयोजन में पर्यावरण स्वास्थ्य और स्थायिता पर चर्चा की। इस मौके पर नोएडा प्राधिकरण के अधिकारी भी कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। ह्यूमैनिटी इनफिनिटी के संस्थापक प्रेम सिंघ धींगड़ा को स्वास्थ्य और स्थायिता के क्षेत्र में जागरूकता फैलाने के लिए उनके योगदान के लिए सम्मानित किया गया। इसके अलावा, नोएडा वन विभाग के प्रमुख वन अधिकारी पीके. श्रीवास्तव और शी विंग्स के संस्थापक मदन मोहित भारद्वाज ने कहा कि वन्यजीव सप्ताह एक ऐतिहासिक मौका है। जिसे हम अपने प्राकृतिक संसाधनों के महत्व को समझने और उनकी सुरक्षा के लिए जागरूक करने के लिए मनाते हैं। हम सभी को एकजुट होकर प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण में योगदान करने की आवश्यकता है। इस मौके पर साइकिलिस्टों ने हमें पर्यावरण के महत्व को समझाने के लिए संदेश दिया। स्कूल और कॉलेज के छात्रों ने भविष्य की रक्षा के लिए इसमें भाग लिया और हमारे पर्यावरण स्वास्थ्य को बचाने के लिए अपना योगदान दिया। इस अद्वितीय उपाय से साइक्लिस्ट ने हमें पर्यावरण के महत्व के बारे में संदेश दिया।



# बांसबल्ली बाजार की दुकान में लगी आग

**नोएडा,** 7 अक्टूबर (देशबन्धु)। नोएडा के सेक्टर-8 स्थित स्मृति फर्नीचर में सुबह करीब 11.15 बजे आग लग गई। आग से लाखों का माल जलकर राख हो गया। लकड़ी और फर्नीचर की सामग्री के कारण आग तेजी से फैल गई। जिसके बाद मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड की गाड़ियों ने एक घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। आग लगने की वजह शॉर्ट सर्किट बताई जा रही है। मौके पर मौजूद लोगों ने पुलिस और दमकल विभाग को इसकी जानकारी दी। जिसके बाद पहुंची दमकल की साथ गाड़ियों ने करीब 1 घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। यहां पुलिस के लिए दो चुनौती थी। पहली आग पर काबू पाना दूसरा भीड़ को आग से दूर रखना। ऐसे में लोगों को आग से दूर रखने के लिए थाना फेज-1 पुलिस मौके पर मौजूद रह। जिन्होंने भीड़ को नियंत्रित किया और यातायात को बंद करने के लिए रोड को दोनों से ओर ब्लाक किया। आग फर्नीचर की दुकान के प्रथम तल पर लगी थी। ऐसे में आसपास की दुकानों को भी खाली कराया गया साथ ही घेरा बनाकर आग पर काबू पाया गया। इस दौरान सड़क और आसपास के दुकानदारों में भी अफरातफरी का माहौल बन गया। दरअसल ये बाजार घनी आबादी में है।

**■ लाखों का मॉल जलकर हुआ राख**
**■ दमकल की सात गाड़ियों ने आग पर पाया काबू**



चीफ फायर ऑफिसर प्रदीप चौबे ने बताया कि सुबह जानकारी मिलने के बाद पहले दमकल की एक गाड़ी मौके पर पहुंची। आग बड़ी होने की वजह से आसपास के एरिया को अलर्ट करते हुए साथ गाड़ियां मौके पर भेजी गई। 1 घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। इस दौरान कोई भी जनहानि की सूचना नहीं है। हालांकि आग से दुकान में निर्माणाधीन फर्नीचर व तैयार फर्नीचर जलकर राख हो गया। जिसकी कीमत लाखों में आंखें जा रही है।

# वैष्णवी पुनयानी ने वेस्टर्न ऑस्ट्रेलिया पैरा बैडमिंटन इंटरनेशनल चैंपियनशिप 2023 में स्वर्ण पदक जीता

**नोएडा,** 7 अक्टूबर (देशबन्धु)। नोएडा की एक युवा और होनहार पैरा-बैडमिंटन खिलाड़ी वैष्णवी पुनयानी ने वेस्टर्न ऑस्ट्रेलिया पैरा बैडमिंटन इंटरनेशनल चैंपियनशिप 2023 में स्वर्ण पदक जीतकर देश का गौरव बढ़ाया है। पश्चिमी ऑस्ट्रेलिया में आयोजित टूर्नामेंट में वैष्णवी की इंडोनेशिया की लीनी रात्रि ओकटीला को भी हराया। जोकि वर्तमान में पैरा-बैडमिंटन में विश्व नंबर 1 का खिताब जीत चुकी है। वैष्णवी ने पहले दो सेट 21-17 और 21-18 के स्कोर से जीतकर ओकटिला के खिलाफ सीधी जीत हासिल की। उसकी दृढ़ता और अटूट भावना पूरे प्रदर्शन पर थी। क्योंकि उसने दुनिया के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों पर विजय प्राप्त की थी। उन्होंने विश्व की नंबर 2 खिलाड़ी, नॉर्वे की हेले सोफी सगोय को भी दो सीधे सेटों में 24-22 और 21-17 के स्कोर के साथ हराया। यह युवा भारतीय पैरा-बैडमिंटन खिलाड़ी ने पिछले 1.5 सालों में अथक परिश्रम के साथ पैरा बैडमिंटन में अंतरराष्ट्रीय मंच पर भारत का प्रतिनिधित्व किया। महज 18 साल की उम्र में खेल के सबसे बड़े मंच पर अनुभवी दिग्गजों को हराने की उनकी क्षमता उनकी प्रतिभा और समर्पण का प्रमाण है।



# 8 से 17 अक्टूबर तक होगी संतोष ट्राफी

**नोएडा,** 7 अक्टूबर (देशबन्धु)। 77वीं सीनियर नेशनल फुटबॉल चैंपियनशिप फार संतोष ट्रॉफी 2023 ग्रुप सी के आयोजन की जिम्मेदारी एआईएफएफ ने उत्तर प्रदेश फुटबॉल संघ को सौंपी है। इस बार यह चैंपियनशिप 8 अक्टूबर से 17 अक्टूबर 2023 तक शहीद विजय सिंह पथिक स्पोर्ट्स स्टेडियम ग्रेटर नोएडा और बेनेट यूनिवर्सिटी फुटबॉल ग्राउंड में होगी। आयोजन के प्रस्ताव को गौतम बुद्ध नगर नोएडा फुटबॉल एसोसिएशन ने सहर्ष स्वीकार किया। ग्रुप सी में मेजबान उत्तर प्रदेश के साथ झारखंड, मध्य प्रदेश, तमिलनाडु, नागालैंड एवं मणिपुर की फुटबॉल टीम प्रतिभाग करेंगी। इसके पूर्व भी एआईएफएफ द्वारा विभिन्न चैंपियनशिपों के आयोजन की जिम्मेदारी उत्तर प्रदेश फुटबॉल संघ को सौंपी गई है। जिसे बखूबी निभाया गया है। संतोष ट्रॉफी नार्थ जोन, अंडर-21 बॉयज एवं महिला वर्ग की सीनियर फुटबॉल चैंपियनशिप एवं अन्य कई बार राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में हमारी टीम ने बेहतर प्रदर्शन किया। परिणाम स्वरूप इस प्रतियोगिता में भी भारत में तीसरा स्थान प्राप्त किया। जूनियर नेशनल बालिका फुटबॉल चैंपियनशिप जयपुर राजस्थान में आयोजित है। उत्तर प्रदेश की बालिकाओं



ने मेजवान राजस्थान व जम्मू काश्मीर को पराजित किया है। अगले मैच में परिणाम अच्छा रहेगा यह विश्वास है। उत्तर प्रदेश की होनहार महिला खिलाड़ी हिना खातून 2022-23 में अंडर-16 आयु वर्ग में भारतीय महिला टीम की कप्तान रहीं। वर्तमान में भारतीय कोचिंग कैंप में है। विशेष रूप से चितहर प्रसाद, मकबूल अहमद, मून राबिनसन, मेराज खान, अजीत सिंह, आरिफ नजमी, बिल्लू राना अनवर, इरफान जमा खां, हेमंत व सभी अन्य का सहयोग मिलता है।

# कैपिटल ज़ोन

**उवाच** "किसानों की आबादी जहां है जैसी है वैसी ही प्राधिकरण को भी नियमित करनी पड़ेगी किसी भी कीमत पर शोषण बर्दाश्त नहीं करेंगे प्राधिकरण को शासन से बात कर शासन द्वारा प्रेषित पत्र को रद्द करना ही पड़ेगा। अभी 16 सितम्बर को किसान सभा के आंदोलन के परिणाम स्वरूप लिखित में हुए समझौते के अनुसार किसानों के सभी मसलों को अक्टूबर महीने की बोर्ड बैठक से पास करना आवश्यक है ऐसे में किसानों के लीज बैक के प्रकरणों को रद्द करने की खबर आने से किसान आक्रोशित हैं : **वीर सिंह नागर, किसान सभा संयोजक**

## यीडा में टॉय और फर्नीचर पार्क के साथ ही ओडीओपी व एमएसएमई संबंधी उद्योगों को मिलेगा बढ़ावा

- यमुना एक्सप्रेस वे औद्योगिक विकास प्राधिकरण टॉय व फर्नीचर पार्क की स्थापना के साथ ही ओडीओपी व एमएसएमई उद्योगों को नई स्कीम के जरिए भूमि उपलब्ध कराने पर कर रहा फोकस
- यीडा ने सेक्टर 28, 29, 32 व 33 में नॉन पॉल्यूटिंग इंडस्ट्रियल यूनिट्स खोलने के मद में 4000 स्क्वेयर मीटर तक की प्लॉटिंग्स के लिए नई स्कीम के जरिए मांगे आवेदन
- 27 अक्टूबर तक किया जा सकेगा आवेदन, 17 नवम्बर को ड्रॉ का रिजल्ट जारी कर सफल आवेदकों की लिस्ट की जाएगी जारी
- स्कीम में प्लॉट लेकर 240 प्रकार के उद्योगों, 24 प्रकार के हस्तशिल्प, टॉय व 9 तरह के ओडीओपी प्रोडक्ट्स की मैनुफैक्चरिंग संबंधी यूनिट लगा सकेंगे उद्यमी

**ग्रेटर नोएडा,** 7 अक्टूबर (देशबन्धु)। उत्तर प्रदेश को वन ट्रिलियन डॉलर की इकॉनमी व देश के ग्रोथ इंजन के तौर पर स्थापित करने के साथ ही योगी सरकार प्रदेश को सूक्ष्म व लघु उद्योगों के एमर्जिंग हब के तौर पर भी स्थापित कर रही है। यमुना एक्सप्रेस वे प्राधिकरण क्षेत्र में टॉय व फर्नीचर पार्क की स्थापना करने व इस परियोजना में रिक्त प्लॉट्स के आवंटन के लिए यमुना एक्सप्रेस वे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यीडा) ने स्कीम शुरू की है। स्कीम के जरिए सेक्टर 28, 29, 32 व 33 में नॉन पॉल्यूटिंग इंडस्ट्रियल यूनिट्स खोलने के मद में 4000 स्क्वेयर मीटर तक की प्लॉटिंग्स के लिए आवेदन मांगे हैं। 27 अक्टूबर तक इस स्कीम में भूमि प्राप्त करने के लिए आवेदन किया जा सकता है और 17 नवम्बर को ड्रॉ के जरिए सफल आवेदनकर्ताओं की सूची जारी की जाएगी। उल्लेखनीय है कि सीएम योगी आदित्यनाथ द्वारा सूक्ष्म एवं लघु उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए लाई गई इस स्कीम में प्लॉट लेने वाले उद्यमी 240 केटेगरीज के अंतर्गत आने वाले उद्योगों, एमएसएमई (सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योग) 24 प्रकार के हस्तशिल्प, टॉय व 9 तरह के ओडीओपी (एक जिला एक उत्पाद) की मैनुफैक्चरिंग संबंधी यूनिट लगाने में सक्षम होंगे।

**13542 प्रति स्क्वायर मीटर रेट के हिसाब से होगा अलॉटमेंट**

यीडा की वेबसाइट पर संबंधित स्कीम की दी गई जानकारी के अनुसार, स्कीम में कुल 3 स्तर के भूखंडों में से कुल 109 प्लॉट्स का आवंटन इस प्रक्रिया के जरिए होगा। इसमें से भी 95 प्रतिशत भूखंड निर्धारित केटेगरी के तहत यूनिट्स लगाने के लिए व 5 प्रतिशत भूखंड स्टार्ट अप्स के लिए रिजर्व्ड रखे जाएंगे। वहीं, स्कीम में 13542 रुपए प्रति स्क्वेयर मीटर की दर से कुल प्रीमियम अमाउंट 60.93 लाख से लेकर 5.41 करोड़ के बीच निर्धारित किया गया है। इस परियोजना के अंतर्गत टॉय पार्क के लिए सेक्टर 33 में 1800 वर्ग मीटर के कुल 5 प्लॉट्स बुक किए जाएंगे जिनका रजिस्ट्रेशन अमाउंट 24.37 लाख होगा तथा कुल प्रीमियम अमाउंट 2.43 करोड़ रुपए रहेगा। वहीं ओडीओपी व फर्नीचर पार्क केटेगरी के अंतर्गत आवेदन करने वाले आवेदकों को 60.93 लाख रुपए से लेकर 4.06 करोड़ रुपए का टोटल प्रीमियम निर्धारित किया गया है। इस केटेगरी में कुल 41 प्लॉट्स का आवंटन होगा जिसमें से 2 प्लॉट्स स्टार्टअप्स के लिए निर्धारित हैं। इसी प्रकार एमएसएमई सेक्टर को बढ़ावा देने के लिए 6 चरणों में कुल 63 प्लॉट्स का आवंटन प्रक्रिया के जरिए होगा जिसमें से 61 संबंधित केटेगरी व 02 अलॉटमेंट्स स्टार्टअप्स के लिए होगा। इन प्लॉट्स का कुल प्रीमियम अमाउंट 40.62 लाख से लेकर 5.41 करोड़ रुपए के बीच रहेगा।

### वर्ल्ड क्लास फैसिलिटीज का मिलेगा लाभ

जेवर एयरपोर्ट, इंटरनेशनल फिल्म सिटी, यमुना एक्सप्रेस वे व बुद्ध सर्किट से निकटता के कारण बेहतर कनेक्टिविटी और पॉड ट्रांजिट सिस्टम के रूप में भारत में अपनी तरह की पहली विश्व स्तरीय परियोजना समेत तमाम सुविधाओं का लाभ इस योजना के अंतर्गत प्लॉट लेकर मैनुफैक्चरिंग यूनिट लगाने वालों को मिलेगा। इस परियोजना के जरिए भूमि प्राप्त करने वाले आवेदनकर्ता अगरबत्ती, एक्स रे मशीन से लेकर टेक्सटाइल समेत कुल 240 प्रकार के उद्योगों में से कोई एक औद्योगिक संयंत्र लगा सकते हैं। वहीं, चिकनकारी, बांस के उत्पाद समेत 24 प्रकार के हस्तशिल्प उत्पादन संयंत्र को सफल आवेदनकर्ता स्थापित कर सकते हैं। इसी प्रकार ओडीओपी केटेगरी के तहत स्कीम के जरिए भूमि प्राप्त करने वाले आवेदनकर्ता बरेली, बदायूं, शाहजहांपुर व कासगंज की जरीदोजी, लखनऊ की चिकनकारी, वाराणसी की सिल्क साड़ियां व मिर्जापुर की कालीन समेत 9 प्रकार की ओडीओपी लिस्टिंग्स के तहत उत्पादों का उत्पादन करने वाला संयंत्र स्थापित कर सकते हैं। इस परियोजना में प्लॉट्स लेने के इच्छुक आवेदक 27 अक्टूबर 2023 तक अप्लाई कर सकते हैं।

## सिटी पार्क में लगेंगी लो हाइट की स्ट्रीट लाइटें

- एसीईओ मेधा रूपम ने सिटी पार्क व स्पोर्ट्स कांपलेक्स का किया निरीक्षण
- रविवार से आयोजित होने वाले संतोष ट्रॉफी फुटबॉल टूर्नामेंट की तैयारी का लिया जाएगा





**ग्रेटर नोएडा,** 7 अक्टूबर (देशबन्धु)। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी मेधा रूपम में शनिवार को सिटी पार्क और स्पोर्ट्स कांप्लेक्स का निरीक्षण किया। एसीईओ ने सिटी पार्क में बने फुटपाथ के किनारे लो हाइट की डिजाइनर लाइट लगवाने के निर्देश दिए। कुछ जगह फुटपाथ टूट गए हैं, उसे रिपेयर करने और पार्क में बने जिम व झूलों को भी मेनटेन करने के निर्देश दिए। इसके बाद एसीईओ ने शहीद विजय सिंह पथिक स्पोर्ट्स कांप्लेक्स का भी निरीक्षण किया। स्टेडियम में 'रविवार' से आयोजित होने वाले संतोष ट्रॉफी फुटबॉल टूर्नामेंट की फाइनल तैयारी का जायजा लिया। टूर्नामेंट से जुड़ी तैयारी के बारे में संबंधित विभागीय अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। एसीईओ के निरीक्षण के दौरान वरिष्ठ प्रबंधक उत्सव निरंजन, वरिष्ठ प्रबंधक वाईपी सिंह, प्रबंधक हरे कृष्णा चौधरी समेत कई अधिकारी मौजूद रहे।

## जेवर एयरपोर्ट के पास 350 एकड़ में विकसित किया जा रहा अत्याधुनिक मेडिटेक पार्क

**ग्रेटर नोएडा,** 7 अक्टूबर (देशबन्धु)। उत्तर प्रदेश को फार्मा एवं बायो टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में हब बनाने के लिए जुटी योगी सरकार पीलीभीत और ललितपुर में फार्मा पार्क विकसित कर रही है। इसका काम युद्धस्तर पर चल रहा है। वहीं यहां सैकड़ों उद्यमियों ने निवेश के लिए अपनी इच्छा जाहिर की है। यह जानकारी हाल ही में कुर्सी रोड के बायोटेक पार्क में एडवाइजरी कम मॉनिटरिंग कमेटी की बैठक में साझा की गयी। बैठक में देश भर के बायोटेक और फार्मा क्षेत्र के विशेषज्ञ शामिल हुए थे।

**योगी सरकार का फार्मा पार्क विश्व में जमाएगा यूपी की धाक**

**ललितपुर में दो हजार एकड़ में विकसित किया जा रहा फार्मा पार्क**

बैठक में नई फार्मा पालिसी-23 के तहत भारत सरकार के विशेषज्ञों को बताया गया कि योगी प्रदेश को मेडिकल के क्षेत्र में अग्रणी राज्य बनाने की दिशा में जोर शोर से काम कर रही है। इसके तहत योगी सरकार जेवर एयरपोर्ट के पास 350 एकड़ में चिकित्सा उपकरण क्षेत्र में अत्याधुनिक मेडिटेक पार्क विकसित कर रही है, जहां 100 से ज्यादा उद्योग स्थापित होंगे। इसी तरह बल्क ड्रग्स स्टार्टिंग मैटेरियल और एक्टिव फार्मास्यूटिकल के निर्माण के लिए ललितपुर में दो हजार एकड़ में अत्याधुनिक फार्मा पार्क को विकासित किया जा रहा है। इसके निर्माण से देश अन्य देशों से मंगाए जाने वाले उपकरणों के मामले में आत्मनिर्भर बनेगा। इससे भारत दूसरे देशों को भी उपकरण और दवाएं सप्लाई कर सकेगा। मालूम हो कि भारत को विश्व में दवाओं की कम लागत और उच्च गुणवत्ता वाले विश्व फार्मेसी के लिए जाना जाता है। यहां से करीब दो सौ देशों को दवा सप्लाई की जाती है।

**बायोटेक टेक्नोलॉजी के विकास, स्किल डेवलपमेंट के लिए बायोटेक पार्क में बनेगी विंग**

योगी सरकार पीलीभीत में अत्याधुनिक बायोटेक पार्क बनाने की दिशा में योजना तैयार कर रही है। इसके निर्माण से देश फर्मेंटेशन पर आधारित वस्तुओं के आयात को कम कर सकेगा। वहीं बैठक में बायोटेक टेक्नोलॉजी इंस्टीट्यूट के विकास, स्किल डेवलपमेंट एवं इंक्यूबेशन के लिए बायोटेक पार्क में विंग स्थापित करने पर सहमति बनी। इसमें 400 फार्मेसी और बायो टेक्नोलॉजी संस्थान के छात्रों को रोजगार और स्वरोजगार में सहायता मिलेगी। के साथ वैज्ञानिकों को बायोटेक पार्क में अपनी नई तकनीकी का विकास कर प्रदेश को कैसे मजबूत करें इस पर भी मंथन किया जाएगा।

## सोशल मीडिया पर घर खरीदारों का फूटा गुस्सा, कुछ मिनटों में करने लगा ट्रेंड

**ग्रेटर नोएडा,** 7 अक्टूबर (देशबन्धु)। ग्रेनो वेस्ट में घरों के पजेशन और रजिस्ट्री की मांग को लेकर लगातार 43 हफ्ते तक हर रविवार को एक मूर्ति पर प्रदर्शन करने वाले घर खरीदारों ने सोशल मीडिया पर शनिवार सुबह बड़ा अभियान चलाया। घर खरीदारों ने सरकार से पूछा आखिर रजिस्ट्री और घरों के मिलने का कब तक इंतजार करेंगे। घर खरीदारों ने सरकार से पूछा अमिताभ कमेटी की रिपोर्ट को लागू करने में इतनी देरी क्यों हो रही है। कुछ ही मिनटों में ट्विटर पर हजारों घर खरीदारों ने ट्वीट किया और ट्रेंड करने लगा। पूरे दिन घर खरीदार ट्वीट करते रहे और कब होगी रजिस्ट्री ट्रेंड करता रहा। नेफोवा अध्यक्ष अभिषेक कुमार ने कहा है कि अब हर शनिवार को सोशल मीडिया पर कैंपेन चलेगा और हर रविवार को एक मूर्ति पर प्रदर्शन जारी रहेगा। रजिस्ट्री और पजेशन के लिए जारी अभियान में अहम भूमिका निभा रहे मिहिर गौतम ने कहा है कि बड़ी संख्या में घर खरीदार एकजुट हो रहे हैं और अपने अधिकार के लिए मिलकर लड़ाई जारी रखेंगे। रजिस्ट्री और रुके प्रोजेक्ट में निर्माण शुरु करने की मांग को लेकर सोशल मीडिया पर कैंपेन में दिनकर पांडे, दीपांकर कुमार, राजकुमार, योगेश देवगन, रोहित मिश्रा, समीर भारद्वाज, श्वेता भारती, अनुपमा, चेतन, अश्विनी, निलेश, अनुराग खरे, विभूति, नंदिनी, हिमांशु, राहुल, मनीष, दिनेश, हरेंद्र, मृत्युंजय, ज्योति, शेर सिंह, चंदन सिन्हा, प्रणब, तरुणा, आशीष, वेद, बिपिन, चंद्रकांत सहित अलग अलग सोसायटियों के घर खरीदारों ने लोगों को जागरुक किया और सोशल मीडिया कैंपेन से जोड़ा।

## किसानों के 237 प्रकरणों की लीजबैक की कार्रवाई को रद्द करने से किसानों में भारी आक्रोश

**ग्रेटर नोएडा,** 7 अक्टूबर (देशबन्धु)। किसानों की आबादियों के रद्द करने के बाद किसान सभा ने शनिवार अपनी नव निर्वाचित जिला कार्यकारिणी की पतवाड़ी गांव में बैठक हुई। बैठक में किसानों के 237 प्रकरणों में लीज बैक की कार्रवाई को रद्द किए जाने को लेकर विचार विमर्श हुआ किसान सभा के अध्यक्ष डॉ. रुपेश वर्मा ने कहा कि यह किसानों के साथ धोखाधड़ी है किसान सभा के आंदोलन के कारण लीजबैक की नीति बनी थी जिसमें पुश्तैनी किसानो की आबादियों को छोड़े जाने के निर्णय हुए थे प्राधिकरण ने गलत तथ्यों के आधार पर अपनी सिफारिशे शासन को भेजी हैं सही मायने में पुश्तैनी किसानो की आबादियों की लीजबैक को रद्द करने का कोई आधार नहीं है। किसान सभा के महासचिव जगबीर नंबरदार ने कहा कि पूरा ग्रेटर नोएडा किसानो की जमीन पर बसा है 16000 हेक्टेयर से अधिक जमीन किसानों ने दी है पुश्तैनी किसानो की पुश्तैनी आबादियों को लीज बैक घोटाला बताकर किसानों का शोषण किया जा रहा है। किसान सभा के संयोजक वीर सिंह नागर ने कहा कि किसानों की आबादी जहां है जैसी है वैसी ही प्राधिकरण को भी नियमित करनी पड़ेगी किसी भी कीमत पर शोषण बर्दाश्त नहीं करेंगे प्राधिकरण को शासन से बात कर शासन द्वारा प्रेषित पत्र को रद्द करना ही पड़ेगा। अभी 16 सितम्बर को किसान सभा के आंदोलन के परिणाम स्वरूप लिखित में हुए समझौते के अनुसार किसानों के सभी मसलों को अक्टूबर महीने की बोर्ड बैठक से पास करना आवश्यक है ऐसे में किसानों के लीज बैक के प्रकरणों को रद्द करने की खबर आने से किसान आक्रोशित हैं। किसान सभा के सचिव संदीप भाटी ने कहा कि 21 सितम्बर 2021 को ग्रेटर नोएडा में मुख्यमंत्री के सामने किसान सभा के अध्यक्ष डॉ. रुपेश वर्मा ने लीज बैक के प्रकरणों में एसआईटी जांच के कारण अटके पड़े मामलों को अनुमोदित करने की मांग रखी थी जिसके परिणाम में 1451 मामले शासन ने 23 सितम्बर को अनुमोदित कर लीज बैक की अग्रिम कार्रवाई के लिए प्रेषित कर दिए थे, परंतु 533 मामलों और 208 बादलपुर चौगानपुर के मामलों को अभी तक लटकाए रखा था किसान सभा ने अपने आंदोलन में प्रमुखता से इस मुद्दे को रखा था और इसमें जल्दी ही प्राधिकरण ने अनुमोदन की बात कही थी परंतु अभी पता चला है कि शासन ने प्रेषित अपने पत्र में 237 मामलों को खारिज करने की बात कही है इसको लेकर किसानों में आक्रोश है। सोमवार में प्राधिकरण के अधिकारियों से बातचीत होगी ठोस नतीजा नहीं आने पर तुरंत आंदोलन किया जाएगा। कार्यकारिणी की बैठक में मुख्य रूप से गबरी मुखिया, अजब सिंह नेताजी, सुले यादव, सुशील सुनपुरा, निरंकार प्रधान, दुष्यंत रोजा, अजयपाल भाटी, अशोक आर्य, संदीप भाटी, मोहित नागर, सुशांत भाटी, निशांत रावल, सुरेश यादव, जोगिंदर भाटी, पप्पी भाटी, मोनू मुखिया, संतराम भाटी मोजूद रहे।

- किसान सभा ने बैठक कर दी आंदोलन की चेतावनी



## किसानों की समस्या को लेकर भाकियू 9 को करेगी महापंचायत



**ग्रेटर नोएडा,** 7 अक्टूबर (देशबन्धु)। भारतीय किसान यूनियन तीनों प्राधिकरण में किसानों की समस्या को लेकर 9 अक्टूबर को यमुना एक्सप्रेस वे जीरो प्वाइंट पर महापंचात करेगी, प्राधिकरण ने किसानों की समस्या नहीं मानी तो महापंचायत धरना में तब्दील हो जाएगा। शनिवार को भाकियू के प्रदेश अध्यक्ष उत्तर प्रदेश पवन खटाना ने प्रेस वार्ता में बताया कि किसानों को अतिरिक्त मुआवजा 64.7 प्रतिशत नहीं दिया जा रहा है, जमीन हमारी, आबादी हमारी हमीं पर अतिक्रमण का आरोप लगाया जा रहा है। युवाओं के रोजगार का बड़ा मुद्दा है, तीनों प्राधिकरण किसानों को दस प्रशित भूखंड उन किसानों को दे रहे हैं जिन्होंने विरोध किया, जिसने सहयोग किया उनको नहीं दिया जा रहा है। यमुना व हिंडन नदी में बाढ़ आने से किसानों की फसल नष्ट हो गई, उन्हें उचित मुआवजा नहीं मिल रहा है। किसानों के अलग-अलग संगठन बनाए जा रहे हैं और संगठनों को रोका जा रहा है। जेवर एयरपोर्ट से प्रभावित किसनों की समस्या का समाधान नहीं किया जा रहा है। खटाना ने कहा कि किसानों की समस्या का समाधान नहीं होगा तो धरना भी देंगे। इस दौरान राजीव मलिक, प्रदेश प्रवक्ता, राजे प्रधान राष्ट्रीय सचिव, सुरेन्द्र नागर प्रदेश सचिव, अमित कसाना, सुनील प्रधान जिला प्रवक्ता, रोबिन नागर आदि मौजूद रहे।

## तेज रफ्तार ईको की टक्कर से बाइक सवार छात्र की मौत, पांच घायल



**दनकौर,** 7 अक्टूबर (देशबन्धु)। दनकौर कोतवाली क्षेत्र स्थित कनारसी गांव के नजदीक शनिवार की सुबह तेजरफ्तार ईको कार की टक्कर से बाइक सवार बारहवीं के छात्र की मौत हो गई। जबकि बाइक सवार अन्य दो छात्र व स्कूटी सवार एक युवती और ईको में बैठे दो लोग भी घायल हो गए। घटना के बाद ईको चालक मौके से फरार हो गया। घायल युवती के चाचा द्वारा आरोपित चालक पर मुकदमा दर्ज कराया है। मौके पर पहुंची पुलिस द्वारा सभी घायलों को ग्रेटर नोएडा के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। उपचार के दौरान विनय नागर की मौत हो गई। बताया जाता है कि विनय नागर बारहवीं कक्षा का छात्र था जो अपने अन्य दो दोस्तों के साथ दनकौर के किसान आदर्श इंटर कालेज में पढ़ने जा रहे थे। जबकि घायल सुरुचि एक निजी अस्पताल में नौकरी करती है। लोगों का कहना है कि यदि बाइक पर सवार लोगों द्वारा हेलमेट लगाया गया होता तो शायद जान बच सकती थी। सूचना के बाद हेलमेट मैन राघवेंद्र कुमार भी जुनेदपुर गांव में पहुंचे और लोगों को हेलमेट लगाने के लिए प्रेरित किया। घायल सुरुचि के चाचा जुगेंद्र कुमार की तहरीर पर ईको चालक आशिफ खान निवासी दिल्ली के खिलाफ कई गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। दनकौर कोतवाली प्रभारी संजय कुमार सिंह का कहना है कि शव का पोस्टमार्टम करा स्वजनों को सौंप दिया गया है। घायलों का अस्पताल में उपचार जारी है। आरोपित के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। जल्द ही आरोपित को गिरफ्तार किया जाएगा।


**ग्रेटर नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण**

भूखण्ड संख्या-01, सैक्टर-नॉलेज पार्क-4, ग्रेटर नोएडा सिटी-201310
जिला-गौतमबुद्धनगर।

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम/सैक्टर-पाली की प्रस्तावित आबादी में आवटित आवंटन संख्या- पी.ए.एल. 615, भूखण्ड संख्या-पी-17ए, पाकेट-सी, क्षेत्रफल -143.30 वर्ग मीटर श्री फिरेराम पुत्र श्री हर प्रसाद, निवासी-ग्राम-पाली, जिला-गौतमबुद्धनगर, उ0प्र0 के पक्ष में आवंटित किया गया था। आवंटी श्री फिरेराम पुत्र श्री हर प्रसाद की मृत्यु के उपरांत इनके वारिसान श्री अमित कुमार पुत्र स्व0 फिरेराम, सर्वश्री श्री संजीव कुमार, धर्मेन्द्र कुमार पुत्रगण स्व० श्री फिरेराम, श्रीमती महेन्द्री पत्नी स्व0 श्री फिरेराम, श्रीमती इन्द्रेश (विवाहित) पुत्री स्व० श्री फिरेराम, निवासी-ग्राम-पाली, ग्रेटर नोएडा, जिला- गौतमबुद्धनगर, उ0प्र0 में से श्री अमित कुमार पुत्र स्व0 श्री फिरेराम, निवासी-ग्राम-पाली, ग्रेटर नोएडा, जिला-गौतमबुद्धनगर, उ०प्र० के पक्ष में नामांतरण करने हेतु नामांतरण प्रपत्र एवं शपथ-पत्र प्रस्तुत किये गये है। अतः इस नामांतरण के संबंध में किसी को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन की तिथि से 35 दिन के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति कार्यालय में दर्ज कराने का कष्ट करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखों में इनके श्री अमित कुमार पुत्र स्व0 श्री फिरेराम, निवासी-ग्राम-पाली, ग्रेटर नोएडा, जिला-गौतमबुद्धनगर, उ०प्र० के पक्ष में सहः आवटी के रूप में दर्ज कर दिया जायेगा।

प्रबन्धक (कृषक आबादी)
ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण



**ग्रेटर नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण**

भूखण्ड संख्या-01, सैक्टर-नॉलेज पार्क-4, ग्रेटर नोएडा सिटी-201310
जिला-गौतमबुद्धनगर।

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम/सैक्टर-पाली की प्रस्तावित आबादी में आवटित आवंटन संख्या- पी.ए.एल. 615, भूखण्ड संख्या-पी-17बी, पाकेट-सी, क्षेत्रफल -143.30 वर्ग मीटर श्री फिरेराम पुत्र श्री हर प्रसाद, निवासी-ग्राम-पाली, जिला-गौतमबुद्धनगर, उ0प्र0 के पक्ष में आवंटित किया गया था। आवंटी श्री फिरेराम पुत्र श्री हर प्रसाद की मृत्यु के उपरांत इनके वारिसान श्री धर्मेन्द्र कुमार पुत्र स्व0 फिरेराम, सर्वश्री श्री अमित कुमार, संजीव कुमार पुत्रगण स्व० श्री फिरेराम, श्रीमती महेन्द्री पत्नी स्व0 श्री फिरेराम, श्रीमती इन्द्रेश (विवाहित) पुत्री स्व० श्री फिरेराम, निवासी-ग्राम-पाली, ग्रेटर नोएडा, जिला- गौतमबुद्धनगर, उ0प्र0 में से श्री धर्मेन्द्र कुमार पुत्र स्व0 श्री फिरेराम, निवासी-ग्राम-पाली, ग्रेटर नोएडा, जिला-गौतमबुद्धनगर, उ०प्र० के पक्ष में नामांतरण करने हेतु नामांतरण प्रपत्र एवं शपथ-पत्र प्रस्तुत किये गये है। अतः इस नामांतरण के संबंध में किसी को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन की तिथि से 35 दिन के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति कार्यालय में दर्ज कराने का कष्ट करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखों में इनके श्री धर्मेन्द्र कुमार पुत्र स्व0 श्री फिरेराम, निवासी-ग्राम-पाली, ग्रेटर नोएडा, जिला-गौतमबुद्धनगर, उ०प्र० के पक्ष में सह आवटी के रूप में दर्ज कर दिया जायेगा।

प्रबन्धक (कृषक आबादी)
ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण



**देशबन्धु**
पत्र नहीं मित्र
पश्चिमी उत्तर प्रदेश ब्यूरो कार्यालय
209 कृष्णा अपरा प्लाजा अल्फा कॉमर्शियल बेल्ट, ग्रेटर नोएडा
समाचार, विज्ञापन एवं प्रसार के लिए संम्पर्क करें
खोया-पाया/ सूचना/ नाम परिवर्तन/ आवश्यकता
फोनः- 0120-4270009


## सम्पूर्ण समाधान दिवस पर 213 शिकायतें दर्ज, 13 का मौके पर हुआ निस्तारण

**ग्रेटर नोएडा,** 7 अक्टूबर (देशबन्धु)। जिले के तीनों तहसीलों में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा के नेतृत्व में आयोजित हुआ, जिसमें तीनों तहसीलों में कुल 213 शिकायतें दर्ज हुई, इस दौरान 13 शिकायतों का निराकरण विभागीय अधिकारियों ने मौके पर ही कर दिया। मुख्य विकास अधिकारी जर्नादन सिंह ने दादरी तहसील में संपूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता की। दादरी तहसील संपूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता करते हुए मुख्य विकास अधिकारी द्वारा जन सामान्य की शिकायतों को सुना एवं जन सामान्य के द्वारा कुल 145 शिकायतें विभिन्न विभागों से संबंधित दर्ज कराई गई, जिसके सापेक्ष 7 शिकायतों का निस्तारण अधिकारियों के माध्यम से मौके पर कराया गया। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी दादरी आलोक गुप्ता, पुलिस के वरिष्ठ अधिकारीगण तथा अन्य संबंधित विभागीय अधिकारी गण उपस्थित रहे। इसी प्रकार सदर तहसील में अपर जिलाधिकारी प्रशासन डॉ. नितिन मदान की अध्यक्षता में तहसील संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन संपन्न हुआ, जहां पर कुल 14 शिकायतें जनता के द्वारा दर्ज कराई गई, जिसमें 2 शिकायतों का निस्तारण मौके पर ही कराया गया।


**देशबन्धु**
पत्र नहीं मित्र
समाचार, विज्ञापन एवं प्रसार के संपर्क करें
क्षेत्रिय कार्यालय रबुपुरा
Mob: 9411492655



**Shiv Mahima Enterprises**
सभी प्रकार के विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें
नाम परिवर्तन, खोया पाया, सूचना, अवश्यकता
Mob.: 9910280173
Off.-221, 2nd Floor, Meridian View Plaza, Alpha Comm. Belt, Gr. Noida


## ईशान आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज में ग्लोबल आयुर्वेदिक सम्मिट का आयोजन

- सम्मिट में पन्द्रह देशों के राजदूत व प्रतिनिधियों ने लिया हिस्सा



**ग्रेटर नोएडा,** 7 अक्टूबर (देशबन्धु)। ईशान आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एण्ड रिसर्च सेंटर, ग्रेटर नोएडा में वन सन, वन अर्थ एड वन फैमिली थीम पर ग्लोबल आयुर्वेदिक समिट का आयोजन किया गया। इस शिखर सम्मेलन में पंद्रह देशों के राजदूतों और प्रतिनिधियों में मॉरीशस, फिजी, मंगोलिया, गाम्बिया, किर्गिज गणराज्य, इथियोपिया, इरिट्रिया, नाइजीरिया, गिनी, सेचलीस, लेसोथो, ताजिकिस्तान, उजबेकिस्तान, अंगोला, सूरीनाम ने हिस्सा लिया। इस दौरान सभी विदेशी और भारतीय प्रतिनिधियों का भारतीय परंपरा में स्वागत किया गया। इन देशों के सभी राजदूतों और प्रतिनिधियों द्वारा कॉलेज परिसर में हर्बल पौधे लगाए गए। शिखर सम्मेलन की शुरुआत वेद उच्चारण और धन्वंतरी वंदना के साथ दीप प्रज्वलन से हुई। संस्थान के अध्यक्ष डॉ. डी. के. गर्ग ने सभी प्रतिनिधियों का स्वागत करते हुए कहा कि आयुर्वेद पारंपरिक रूप से स्वास्थ्य के लिए महत्वपूर्ण के रूप में उभरा है। कभी-कभी आधुनिक चिकित्सा काम नहीं करती है लेकिन आयुर्वेद उपचार सफल होता है। मुख्य अतिथि के रूप में सांसद एवं पूर्व केन्द्रीय सांस्कृतिक (स्वतंत्र प्रभार) एवं नागरिक उड्डयन मंत्री डॉ. महेश शर्मा ने कहा कि संस्थान के अध्यक्ष के मार्ग दर्शन में आयुर्वेद विशेषज्ञों, संकाय और उद्योग भागीदारों के मार्गदर्शन में इस तरह के एक महान आयुर्वेद शिखर सम्मेलन का आयोजन किया गया है। उन्होंने आयुर्वेद समिट की सफलता के लिए शुभकामनाएं दीं।


**ग्रेटर नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण**

भूखण्ड संख्या-01, सैक्टर-नॉलेज पार्क-4, ग्रेटर नोएडा सिटी-201310
जिला-गौतमबुद्धनगर।

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम/सैक्टर लुक्सर की प्रस्तावित आबादी में आवटित आवंटन संख्या- के.ए.एस.01597, भूखण्ड संख्या-एन-296, क्षेत्रफल-120 वर्ग मीटर श्रीमती रामरती पत्नी श्री बसन्ता, निवासी-ग्राम-खानपुर, जिला-गौतमबुद्धनगर, उ०प्र० के पक्ष में आवंटित किया गया था। आवंटी श्रीमती रामरती पत्नी श्री बसन्ता की मृत्यु के उपरांत इनके वारिसान सर्वश्री रोहताश, सतपाल पुत्रगण स्व० श्री बसन्ता व श्रीमती शीला पत्नी स्व0 श्री रोहताश पुत्रवधु स्व० श्री बसन्ता सर्वश्री अंकित भाटी, गौरव भाटी पुत्रगण स्व० श्री रोहताश, श्रीमती नीतू, श्रीमती अनिता, श्रीमती मनीषा, कु० अत्रिम पुत्रीगण स्व० श्री रोहताश पौत्रगण/पौत्रीगण स्व0 श्री बसनता, निवासी-ग्राम-खानपुर, ग्रेटर नोएडा, जिला-गौतमबुद्धनगर, उ0प्र0 में से सर्वश्री रोहताश, सतपाल पुत्रगण स्व० श्री बसन्ता व श्रीमती शीला पत्नी स्व0 श्री रोहताश पुत्रबधु स्व० श्री बसन्ता, निवासी-ग्राम- खानपुर, ग्रेटर नोएडा, जिला-गौतमबुद्धनगर, उ०प्र० के पक्ष में नामांतरण करने हेतु नामांतरण प्रपत्र एवं शपथ-पत्र प्रस्तुत किये गये है। अतः इस नामांतरण के संबंध में किसी को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन की तिथि से 35 दिन के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति कार्यालय में दर्ज कराने का कष्ट करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखो में इनके सर्वश्री रोहताश, सतपाल पुत्रगण स्व० श्री बसन्ता व श्रीमती शीला पत्नी स्व० श्री रोहताश पुत्रबधु स्व० श्री बसन्ता निवासी-ग्राम- खानपुर, ग्रेटर नोएडा, जिला- गौतमबुद्धनगर, उ०प्र० के पक्ष में सह आवंटी के रूप में दर्ज कर दिया जायेगा।

प्रबन्धक (कृषक आबादी)
ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण

# फिल्म 'स्वामी' : गणेश आचार्य




■ अजय चन्द्रवंशी

निम्न मध्यमवर्गीय दाम्पत्य में जितना अगाध प्रेम होता है उतना ही कठिन जीवन संघर्ष।प्रेम संघर्ष की राह में सुकून पहुंचाता है मगर इससे भौतिक परिस्थितियां बदल नहीं जातीं। इसलिए आदमी जब 'बड़ा' सपना देखता है तो उसका फलित होना बहुत बार जीवन से बड़ी कीमत वसूल लेता है।
दरअसल 'बड़ा' सपना भी अक्सर प्रभु वर्ग द्वारा प्रचारित 'सपना' होता है जिससे निम्न मध्यमवर्ग सामान्यत: प्रभावित रहता है। इस 'सपने' में मुख्यत: 'गाड़ी–मोटर–बंगला,विदेश में नौकरी,'लक्जिरिअस लाइफ' के लक्ष्य होते हैं। सुख–सुविधाओं के आधुनिक साधन प्राप्त करने में कोई बुराई नहीं है मगर प्रभुवर्ग के तमाम मानक जरूरी नहीं कि सार्थक हों। मसलन इस फ़िल्म में 'राधा' को टीवी में दिखाए दृश्य से प्रभावित होकर अपने बच्चे को अमेरिका में नौकरी कराने का सपना देखती है। वहां नौकरी करने में कोई बुराई नहीं मगर राधा के पास वह दृष्टि नहीं है जिससे वह समझ पाये कि अच्छी नौकरी अपने देश मे की जा सकती है और जीवन की सार्थकता सिर्फ अमेरिका में नौकरी से नहीं है।
फ़िल्म में राधा और उसके पति स्वामी में अगाध प्रेम है। कम सुविधाएं उनके सहज जीवन में कोई बाधक नहीं है। विवाह के दस वर्ष बाद एक बेटा होता है,जो कुछ जुटाना है सिर्फ उसके लिए। उसकी पढ़ाई अच्छी हो इसके लिए गांव छोड़ शहर आते हैं। साधन कम होने के बाद भी महंगे अंग्रेजी माध्यम के स्कूल में उसे पढ़ाते हैं। बेटा भी लायक निकलता है।
स्वामी ने अभाव में जीवन जिया है। उसकी मां एक ज़मीदारनुमा अमीर के यहां काम करती थी। स्वामी को उसकी लकड़ी की आराम कुर्सी बहुत आकर्षित करती थी। एक बार बिना पूछे उसमे बैठ जाने के कारण ज़मीदार ने उसे अपमानित कर उठा दिया था। अवश्य इसका प्रभाव उसके बालमन में पड़ा होगा। ऐसी कुर्सी के प्रति आकर्षण स्वामी के अंदर जीवनभर रहा। वह जब भी ऐसी कुर्सी देखता उसका मन मचल जाता था,लेकिन आर्थिक स्थिति उसको खरीदने लायक नहीं रहती थी। राधा उसके ललक को ताड़ गई थी,इसलिए अपने ऑपरेशन के लिए जमा पैसे से उसके लिए ऐसी कुर्सी खरीद देती है।
यहां दो प्रश्न उभरते हैं पहला स्वामी का वैसी कुर्सी के प्रति आकर्षण का कारण, और दूसरा राधा द्वारा बीमारी के ईलाज के पैसे से कुर्सी खरीदने का कारण। यह माना जा सकता है कि स्वामी के अवचेतन मन मे बालपन के अभाव जनित सामंती कुर्सी की ललक घर कर गई है,जो वैसी कुर्सी देखने पर उभर जाती है।यानी ऐसी कुर्सी की प्राप्ति की चाह एक तरह से उसके अभाव जनित अहं की संतुष्टि का साधन है,जो उसके साथ सायास नहीं अनायास घटित होता है।
राधा स्वामी से बहुत प्रेम करती है और जानती है कि स्वामी भी उससे उतना ही प्रेम करता है। वह स्वामी के वैसी कुर्सी के प्रति ललक को कई बार ताड़ती है मगर उसके महंगे होने का अहसास उसे भी है। इधर जब वह बीमार होती है और उसके ऑपरेशन के लिए स्वामी दिन–रात मेहनत कर पैसे इकट्ठा करते रहता है तो इस पैसे से उसके द्वारा बिना स्वामी को बताए कुर्सी खरीद लेना न केवल असहज लगता है बल्कि अविश्वसनीय भी। सच है स्वामी ऐसा करने से उसे मना कर देता क्योंकि राधा की ज़िंदगी से बढ़कर कुर्सी उसके लिए कभी नहीं हो सकती थी।
कहा जा सकता है कि राधा को यह अहसास हो गया होगा कि वह इस बीमारी से नहीं बच पाएगी और ऑपरेशन सफल नहीं हो पायेगा।इस तरह राधा स्वामी को उस कुर्सी में बैठा देखकर सुकून से आँखे मूंद लेती है।
स्वामी राधा के इच्छानुरूप आनंद की परवरिश कर उसे काबिल बनाता है। वह एक बैंक में नौकरी करता है और खुश है मगर माता–पिता के सपने पूरा करने के लिए अमेरिका जाने का प्रयास करते रहता है।आनंद पिता के संघर्ष को जानता है और उसका सम्मान करता है। इधर उसका विवाह होता है और बेटा हो जाता है। उसकी पत्नी पूजा सहृदय है और स्वामी का आदर करती है। आनंद–पूजा का संतान आदर्श है। स्वामी अपने पोते को जी–जान से चाहता है।
पुजा को स्वामी के पुरानी कुर्सी के प्रति प्रेम का अहसास है इसलिए वह उसे कभी डिस्टर्ब नहीं करती,मगर एक बार जब आदर्श उससे उलझकर गिर जाता है तो वह आहत हो जाती है और स्वामी से कुछ देर के लिए असामान्य व्यवहार करती है और ग़ुस्से में कुर्सी को एक कबाड़ी वाले के पास बेच देती है।मगर जल्दी ही उसे अपनी गलती का अहसास हो जाता है और वह कबाड़ी के पास उसे वापस लेने जाती है मगर तब तक देर हो चुकी होती है।कुर्सी वहां नहीं मिलती। स्वामी आहत होता है मगर ख़ुद को सम्हाल लेता है। आनंद भी परेशान होता है मगर स्वामी दोनो को समझाकर उनको सामान्य करता है।
फ़िल्म के क्लाइमेक्स में आनंद को अमेरिका में नौकरी मिल जाती है,मगर पिता को ले जाने की अनुमति नहीं मिलती । वह पिता के बिना नहीं जाना चाहता मगर स्वामी अंतत: उसे और पूजा को जाने के लिए मना लेता है। वह स्वयं अपने लिए एक वृद्धाश्रम का चुनाव करता है।
जब आनंद–पूजा–आदर्श की कार चली जाती है तो स्वामी को वृद्धाश्रम के एक कमरे में जाते दिखाया जाता है। वह जब कमरे का दरवाजा खोलता है तो उसे अपनी वही कुर्सी दिखाई देती है। एक क्षण उसके चेहरे में कई तरह के भाव उभरते हैं।पुरानी स्मृतियां कौंध जाती हैं और उसे राधा की याद आती है। वह कुर्सी से लिपटकर चीखकर रोने लगता है।उसकी सारी दबी भावनाएँ उभर आती हैं और यहीं पर फ़िल्म समाप्त हो जाती है।
इस तरह फ़िल्म के आख़िर में स्वामी के साथ केवल राधा की याद रह जाती है। मानो इस दुनिया मे अब उसका काम पूरा हो गया है और अब उसे राधा के पास जाना है! फ़िल्म में केन्द्रीयता राधा और स्वामी के प्रेम की ही है। बच्चे को पढ़ा–लिखाकर अमेरिका भेजना भले 'बाज़ार' का प्रभाव हो मगर वे निश्छल लोग हैं, ईमानदारी और प्रेम उनकी स्वाभाविक वृत्ति है। उन्होंने जिस परिवेश में जीवन जिया है,वह बहुत हद तक अभाव की दुनिया है और इसकी पूर्ति की इच्छा मानवीय लक्षण है।

> यहां दो प्रश्न उभरते हैं पहला स्वामी का वैसी कुर्सी के प्रति आकर्षण का कारण, और दूसरा राधा द्वारा बीमारी के ईलाज के पैसे से कुर्सी खरीदने का कारण। यह माना जा सकता है कि स्वामी के अवचेतन मन मे बालपन के अभाव जनित सामंती कुर्सी की ललक घर कर गई है,जो वैसी कुर्सी देखने पर उभर जाती है।यानी ऐसी कुर्सी की प्राप्ति की चाह एक तरह से उसके अभाव जनित अहं की संतुष्टि का साधन है,जो उसके साथ सायास नहीं अनायास घटित होता है।

उर्दू व्यंग्य रचना

# बोलने से लेकर चुप्पी तक

**मूल लेखक : रामलाल नाभवी**



अनुवाद
**अखतर अली**

बच्चा पैदा होते ही बोलता है उस समय उसके पास भाषा नहीं होती इसलिये रो कर बोलता है। रो कर बोलता है कि मैं ठीक हूँ फिर जीवन भर बोलते बोलते रोता है कि मैं ठीक नहीं हूँ। बच्चा नहीं बोलता तो उसको उल्टा लटका देते है बाद में जब वह ज़्यादा बोलता है तो मन करता है सीधा लटका दे।

जब तक पैदा हुआ बच्चा चिल्लाता नहीं है डाक्टर नर्स रिश्तेदार सब चिल्लाते है और जैसे ही बच्चा चिल्लाता है मुबारक मुबारक का शोर मच जाता है। ज़िन्दगी की शुरुआत ही चीख पुकार से होती है जो मृत्यु तक जारी रहती है।

धीरे धीरे बच्चा बड़ा होने लगता है अभी उसे बोलना नहीं आया है लेकिन सब चाहते है वह बोले। उसे बोल बोल कर बोलना सिखाया जाता है। वह देर से बैठना सीखे , देर से चलना सीखे यह मंज़ूर है लेकिन देर से बोलना सीखे यह स्वीकार नहीं है। उसे बुलवाने के लिए सब उसके सामने बोलते है और जब वह खूब बोलने लगता है तब उसके सामने आने से भी घबराते है। जब बच्चा बोलना शुरू करता है तब मां बाप दादा दादी बोलने की ख़ुशी का इज़हार बोल बोल कर करते है। पैदा होने के बाद बोलना शुरू नहीं होता तो मां बाप डाक्टर की तरफ़ दौड़ते है और बुढ़ापे में जब बोलना बंद हो जाता है तब उसके बच्चे डाक्टर की तरफ़ भागते है।

बोलना शुरू होने से ज़्यादा डरावना बोलना बंद हो जाना है। ज़िन्दगी बोलने से ज़िन्दगी है।

बच्चा बचपने की हद से आगे बढ़ा तो उसे पढाई और केरियर से संबंधित बाते बोल कर पूछी गई जिसका जवाब उसने बोल कर दिया। वह जवाब में न बोले तो बोलते है बुद्धू , भोंदा और भकवा है , पलट कर जवाब दे तो बोलते है बत्तमीज़ है , संतुलित बोले तो बोलते है सियाणा छुपा रुस्तम है। ज़्यादा बोलेगा तो बोलेगे बोलता है।

बोलना एक आर्ट है जो बोलकर ही सीखा जा सकता है। उपदेशक को सुनो तो पहले तो लगता है इन्हें बोलने के अलावा और कोई काम नहीं लेकिन गौर करो तब महसूस होता है अच्छे को अच्छे से बोलना भी एक काम है। ज़िन्दगी के खेत में बोलना खाद है , बोलने से जीवन पनपता है। अच्छे से बोलने के कारण इंसान वकील बन सकता है , लेक्चरर बन सकता है , एम. एल. ए. बन सकता है , एम. पी. बन सकता है , मंत्री बन सकता है , उपदेशक बन सकता है। समिति , पार्टी और देश का प्रेसिडेंट बन सकता है , ज़िंदगी बोलने से निखरती है।

बुज़ुर्ग जवानों को ज्ञान देते है कि कम बोला करो ख़ुदा को भी ज़्यादा बोलने वाले पसंद नहीं है इसलिए उसने इंसान को ज़बान एक और कान दो दिये है ताकि बोलो कम सुनो ज़्यादा। इस बात पर एक बेहतर बोलने वाले ने बड़े मियाँ को समझाते हुए कहा ङ्क उपर वाले ने ज़बान को दोनों कान के बीच रखा है ताकि उसकी बात दोनों कान साफ़ साफ़ सुने और सुनने का मज़ा ले सके। दोनों कान ज़बान से छोटे है छोटे छोटे कान और गज़ भर की ज़बान। छोटी सी ज़बान इतना बोल सकती है कि सुन सुन कर कान थक जाये पर बोलते बोलते ज़बान न थके। इंसान एक ज़बान से कई ज़बाने बोल सकता है और सुनते है कि बोले गये शब्द हवा में तैरते रहते है , इन्हें लिख कर , रिकार्ड कर के बाकी रखा जा सकता है लेकिन कान का क्या वह तो बात एक कान से सुन कर दूसरे कान से निकाल भी देता है। ज़बान देना जानती है और कान बस लेना। मुंह में ज़बान दी ही इसलिये गई है ताकि हम बोले इसलिये ही न बोलने वाले भी यह बोलते सुने गये है कि हम भी मुंह में ज़बान रखते है।

इंसान जिस ज़बान की मदद से बोलता है वह ज़बान रहती तो छोटे से घर में है लेकिन बोलते हुए बहुत बड़ा दायरा कवर करती है। इस ज़बान पर किसी का नियंत्रण नहीं होता। यह जैसे चाहे चलती है , न बोलने वाली बात भी बोल सकती है , आहिस्ता तेज़ और रुक रुक कर बोल सकती है। शराफ़त और बत्तमीज़ी का प्रदर्शन कर सकती है। राज़ उलट सकती है बोल कर पलट सकती है। यह ज़बान की ही हिम्मत है कि वह तेज़ और नुकीले बत्तीस दांतों के बीच भी हिम्मत के साथ रहती है।

अब इंसान बूढ़ा हो गया दुनियां से वापसी का वक्त आ गया। आगमन बोलने से और प्रस्थान चुप हो जाने से होता है. मैं आपके लिए अभी और बोलता लेकिन मेरे को कहीं और भी बोलने जाना है इसलिए बोलने के लिए बोलना बंद कर रहा हूँ। यहां से कहीं और फिर वहां से कही और बोलने जाना है चारो ओर मेरा बोल बाला है।

ग़ज़ल

# सोच कर भी क्या जाना जान कर भी क्या पाया

■ **अब्दुल अहद साज़**

सोच कर भी क्या जाना जान कर भी क्या पाया
जब भी आईना देखा ख़ुद को दूसरा पाया

होंट पर दिया रखना दिल–जलों की शोख़ी है
वर्ना इस अँधेरे में कौन मुस्कुरा पाया

बोल थे दिवानों के जिन से होश वालों ने
सोच के धुँदलकों में अपना रास्ता पाया

एहतिमाम दस्तक का अपनी वज़' थी वर्ना
हम ने दर रसाई का बार–हा खुला पाया

फ़लसफ़ों के धागों से खींच कर सिरा दिल का
वहम से हक़ीक़त तक हम ने सिलसिला पाया

'उम्र या ज़माने का खेल है बहाने का
सब ने माजरा देखा किस ने मुद्द' आ पाया

शायरी तलब अपनी शायरी 'अता उस की
हौसले से कम माँगा ज़र्फ़ से सिवा पाया

'साज़' जब खुला हम पर शेर कोई 'ग़ालिब'का
हम ने गोया बातिन का इक सुराग़ सा पाया



लघु कथा

# दग्ध बीज



**डॉ श्यामबाबू शर्मा**

इंदू मैम के स्थानांतरण के बाद कुछ दिन तक अरेंजमेंट से क्लासेज चलती रहीं। जब कोई मुस्तकिल न आया तो संविदा में आराध्या ने ज्वाइन किया। अप्रछन्न बेरोजगारी ने अब तक उनका साथ न छोड़ा था। एम फिल की डिग्री और टीजीटी। तनख्वाह इतनी कि बंधुआ मजदूर उनसे अच्छा। इधर व्यवस्था ने एजूकेशन, हेल्थ, ट्रांसपोर्ट, रेल और अनेक क्षेत्रों में क्रांति का संकल्प लिया हुआ था। नई–नई योजनाएं और स्वशुरूआती नौकरी–चाकरी, धंधा–रोजगार! इन्हें मासिक नियत वेतन, महंगाई भत्ता, चिकित्सकीय सुविधाएं तथा प्रमोशन आदि से मुक्त रखा गया। और ऊपर से न इनका कोई यूनियन न आंदोलन की खिचखिच। जब जिसको निकाल दें जिसको भर्ती करें उनकी मर्जी। यहां गलतियों के लिए सीधे सेवा समापन। रहा होगा कोई काल खंड जब अध्यापन रोजगार नहीं सामाजिक वैचारिक समृद्धि का केंद्र बिंदु था। परंतु यह काल खंड नये इतिहास नये विधानों पर वंदन करवाने को कटिबद्ध था। शुरुआती ज्ञानवर्धन हेतु जहां संविदा की परिपाटी चल रही थी तो उच्च कक्षाओं हेतु विद्वता के मानक व्यवस्थाबरदार तय करते थे। दीगर कि जो वैचारिक समन्वयपोषक उसका चयन पूर्व निर्धारित होता।

आराध्या मैम ने बच्चों का इंट्रोडक्शन लिया। मार्निंग असेंबली में अलग–अलग एसाइनमेंट निर्धारित करने लगीं। औरव को न्यूज रीडिंग, आद्विक को स्पेशल आइटम, राशि को हिस्ट्री ऑफ द डे और समृद्ध को थॉट फार द डे, कमांड के लिए...नाम एनाउंस होने से पहले समृद्ध ने इंट्रप्ट किया। 'मैम इस बार मुझे कमांड दीजिए न!'

आराध्या मैम ने समृद्ध को देखा और कुछ न बोलीं तो समृद्ध ने अपनी बात पर जोर दिया। 'प्लीज मैम.. प्लीज़ मुझे हर बार थॉट ही मिलता है..।'

'यस आई नो, हां बेटा थॉट के लिए दिमाग चाहिए और अब कमांड तो कोई भी कर लेता है।'

समृद्ध थॉट पर विचार करने लगा।

# वाह से आह तक : प्रमोद ताम्बट के व्यंग्य



**सुनील सक्सेना**

समीक्षा

किताबें पढ़ने का भी चस्का होता है। वे जो अपनी जिस्मानी सेहत के साथ दिमागी कसरत पर भी विशेष ध्यान देते हैं उनके लिए तो किताबें 'डम्बल' का काम करती हैं। मस्तिष्क तंदुरूस्त रहता है। किताबों से मोहब्बत करनेवालों के सिरहाने अक्सर कोई न कोई किताब रखी होती है। ऐसे प्रेमी पाठकों के लिए न्यू वर्ल्ड पब्लिकेशन, दिल्ली वतर्मान समय में देश के लोकप्रिय और चर्चित एक नहीं दो नहीं बत्तीस व्यंग्यकारों के चयनित व्यंग्य रचनाओं के संकलन लेकर आया है। इन्हीं मक़बूल, नामचीन व्यंग्यकारों में से एक हैं प्रमोद ताम्बट, जिनका ये पहला व्यंग्य संग्रह है ।


प्रमोद पिछले चालीस वर्षों से व्यंग्य लिख रहे हैं। छपने का मोह कम ही रहा है उनका। बावजूद इसके पत्र पत्रिकाओं में उनके व्यंग्य छपते रहते हैं। साझा व्यंग्य संकलनों में उनकी रचनाएं शामिल होती रही हैं। लेकिन ये उनकी पहली किताब है। पुस्तक में उनके आत्मकथ्य के अनुसार 'जब भी उन्होंने व्यंग्य संकलन तैयार कर छपवाने के बारे में सोचा एक भारी गलती वे कर बैठे। उन्होंने अपनी रचनाएं उनके अंदर बैठे आलोचक को थमा दीं ।' परिणाम ये हुआ कि खुद ही लेखक और खुद ही आलोचक के इस 'डेडली कॉम्बीनेशन' के कारण उनकी चार किताबें जो अब तक छप सकती थीं, उनके ही घर की धूल फांक रही है। प्रमोद की इस बेबाक स्वीकार्यता पर कौन निसार न हो जाए?

सोशल मीडिया पर इन दिनों प्रकाशकों के किताबें छापने के लुभावने ऑफर वाले इश्तहार थोक में पोस्ट हो रहे हैं। अगर प्रमोद चाहते तो उनकी गोद तो अब तक तो न जाने कितनी बार हरी हो चुकी होती। लेकिन वे किताब छपवाने की लालसा को दरकिनार कर, सृजनरत रहे, धैर्य के साथ प्रतीक्षा की। सब्र का फल मीठा होता है। न्यू वर्ल्ड पबिल्केशन दिल्ली ने पुस्तक योजना के अंतर्गत उनकी तीस व्यंग्य रचनाओं को प्रकाशित किया, वो भी निःशुल्क।

कहानी, कविता, उपन्यास, मोटीवेशनल बुक्स, बायोग्राफी पढ़नेवाला पाठक जब व्यंग्य के रास्ते पर चलता है तो शरद जोशी और हरिशंकर परसाई के दो राहे पर आकर ठिठक जाता है। प्रमोद का ये व्यंग्य संग्रह व्यंग्य की परम्परा को बड़ी जिम्मेदारी के साथ आगे बढ़ाता है। उनके व्यंग्य आश्वस्त करते हैं कि व्यंग्य की वंशबेल न सिर्फ और ऊंचाइयों पर चढ़ेगी बल्कि फलती फूलती भी रहेगी।

अब एक नजर उन व्यंग्यों पर जो इस संग्रह की जान हैं। संग्रह की पहली रचना है 'व्यंग्य आखिर है क्या'। आम पाठक को चुटीले अंदाज में व्यंग्य क्या है वे बताते हैं। व्यंग्य सर्वत्र व्याप्त है। कविता में, कहानी में, निबंध में। व्यंग्य एक चटपटी भेल है जिसमें विट है, आयरनी, सटायर, सरकास्म, ह्यूमर फार्स के मसाले मौजूद हैं। ये रचना पाठक को व्यंग्य समझने, जानने के लिए अनूठे अंदाज में मानसिक रूप से तैयार करती है, ताकि आनेवाली रचनाओं का रस वो मजे से ले सके।

राजनीति और राजनेता व्यंग्यकारों के हमेशा से चहेते विषय रहे हैं। जनता जनार्दन के व्यवस्था से मोहभंग को प्रमोद ने बखूबी उकेरा है। प्रमोद के इन व्यंग्यों में तीखी मिर्ची का जोरदार झन्नाटा है, जो रचना को पढ़ते–पढ़ते वाहज्वाह से आहज्आह में कब तब्दील हो जाता है पता नहीं चलता। 'प्रजातंत्र और लठबाजी' रचना में वे कहते हैं कि 'जिस देश की प्रजा लठ्ठ खाने में जितनी अभ्यस्त होती है उस देश का प्रजातंत्र उतना ही मजबूत माना जाता है।' बिना किसी लफ्फाज़ी जुमलेबाजी के निडर होकर सटीक मारक प्रहार करते हैं वे।




'एक टिकिटार्थी का पत्र' व्यंग्य में एक टिकिट का अभिलाषी कहता है – माबदौलत इस दफे पार्टी का सबसे योग्य उम्मीदवार है। इस बात को आप चाहे तो क्षेत्र के किसी थाने से पता कर सकते हैंज । राजनीति में अपराधियों की घुसपैठ पर ऐसी सीधी चोट करते हैं कि बंदा तिलमिला जाए। ये साहस इन दिनों कम ही रचनाकारों में देखने को मिलता है। 'वोटों की फसल' शीर्षक वाला व्यंग्य मजेदार है। वे लिखते हैं : 'वोटों की फसल को ठीक समय पर साम्प्रदायिक जातीय उन्माद का फर्टीलाइजर मिल जाए तो पूछिए मत फसल इस कदर लहलहा उठती है कि बस देखते ही बनती है।' राजनीति में वोटों के खेल की बड़ी निर्ममता से चीर फाड़ की है उन्होंने।

घरेलू हिंसा को लेकर भी व्यंग्य है – अबला लुगाइयां खामोश देवता । सभ्य सुस्कृत समाज में नारी के स्थान के लिए कहा गया है 'यत्र नार्यस्तु पुज्यंते तत्र रमन्ते देवता'। हमने बचपन में मां के मुंह से डांट के दौरान कई बार सुना है कि बहुत दिनों से तुम्हारी 'पूजा' नहीं हुई है इसलिए दिमाग सड़ गया है तुम्हारा। ये विडंबना है कि घर की लुगाई की धुनाई पिटाई (पूजा) आज भी सामाजिक रोग के रूप में परिवारों में मौजूद है। सभ्य–आदर्श परिवार के स्थापित मूल्यों के क्षरण पर जबरदस्त प्रहार किया है प्रमोद ने। व्यंग्य में कहन की शैली ऐसी है कि रचना पढ़ते वक्त हम अपनी बगलें झांकने पर विवश हो जाते हैं।

कभी–कभी किसी रचना का शीर्षक इतना कैची होता है कि रचना के गर्भ में क्या है पाठक सहजता से अनुमान लगा लेता है। 'सारे नंगे बाहर तो हमाम में कौन है' रोचक रचना है। सुधि पाठक व्यंग्य के उनवान को पढ़ते ही रचना के साथ हो लेता है। तालमेल बिठा लेता है। ज्यादा माथापच्ची करने की जरूरत महसूस नहीं होती है उसे। अच्छे लेखक रचनाओं के शीर्षक चुनने पर भी कितने सजग होते हैं ये इस व्यंग्य से पता चलता है।

'मस्तिष्क का स्थानांतर' गुदगुदाता व्यंग्य है। वे घुटने में दिमाग रखनेवालों का मस्तिष्क दिल में ट्रांसफर करना चाहते हैं ताकि हम इंसानियत प्यार मोहब्बत को जाने समझें। विवेकहीन लोगों के जमघट पर तंज करते हुए लिखते हैं कि वैसे भी भूसे और गोबर से भरे दिमाग मानव समाज को कब राख कर दें पता नहीं। बाजारवाद पर करारी चोट करता हुआ व्यंग्य है 'मुफ्त का माल'। फ्री फंड के चक्कर में हम दुनिया का कचरा घर उठाकर ले आते हैं। प्रमोद का वाक्य संयोजन कई जगहों पर पाठक को चमत्कृत कर देता है।

अनुभव लेखन को समृद्ध करता है। प्रमोद जल्दबाजी में नहीं दिखते हैं। एक अच्छे कलमनवीस की तरह विषय और विचार को पकने का पूरा समय देते हैं ताकि रचना में कहीं कच्चापन न रह जाए। बिना दाएं बाएं जाते हुए अपनी बात सीधे–सीधे कहते हैं, जो पाठक के दिल में उतरती चली जाती है।

अगर आप हास्य व्यंग्य पढ़ने में रूचि रखते हैं तो प्रमोद का यह संग्रह निराश नहीं करेगा। एक बार पढ़ना शुरू करेंगे तो और पढ़ने की दिली ख्वाहशि जागेगी, यह कहने में मुझे कोई शुबहा नहीं। प्रमोद का यह संग्रह व्यंग्य के संसार में 'चार्टबस्टर' हो मेरी शुभकामनाएं हैं।

**पुस्तक : समकालीन व्यंग्य प्रमोद ताम्बट**
**लेखक : प्रमोद ताम्बट**
**प्रकाशक : न्यू वर्ल्ड पब्लिकेशन**
**मूल्य : रू 225/–**


प्रकाशक, मुद्रक : राजीव रंजन श्रीवास्तव द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा. लि. के लिए 506, आई.एन.एस. बिल्डिंग, 9, रफी मार्ग, नई दिल्ली से प्रकाशित एवं बीएफएल इंफोटेक लि., सी 9, सेक्टर–3, नोएडा से मुद्रित। सम्पादक : राजीव रंजन श्रीवास्तव, (पी.आर.बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार)। आर.एन.आई. नं. DELHIN/2008/24216. दिल्ली कार्यालय :फोन: 011–23718195,23357784, फैक्स: 011–43581404, नोएडा कार्यालय: फोन: 0120–4114404 फैक्स: 0120–4273770
ई–मेल: deshbandhudelhi@gmail.com वेब: www.deshbandhu.co.in

# देश विदेश

## पापुआ न्यू गिनी में भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए

**पोर्ट मोरेस्बी।** दक्षिण पश्चिम प्रशांत महासागर क्षेत्र में द्वीपों का एक समूह देश पापुआ न्यू गिनी के मदांग के 63 किलोमीटर एसएसई में शनिवार को भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए। रिक्टर पैमाने पर भूकंप की तीव्रता 7.0 मापी गई। अमेरिकी भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण ने यह जानकारी दी। भूकंप आज सुबह आठ बजकर 34 मिनट पर आया था। अभी तक किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। भूकंप का केंद्र 5.70 डिग्री दक्षिण अक्षांश और 146.10 डिग्री पूर्वी देशांतर पर सतह से 72.0 किमी की गहराई में स्थित था।

# गाजा से हमले के बाद युद्ध की स्थिति में इजरायल : नेतन्याहू



■ आबादी वाले क्षेत्रों को खाली करने का निर्देश दिया गया

**तेल अवीब,** 7 अक्टूबर (एजेंसियां)। इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने शनिवार को कहा कि गाजा पट्टी की ओर से शनिवार सुबह किए गए रॉकेट हमले के बाद से इजरायल में वास्तव में युद्ध की स्थिति में है।

श्री नेतन्याहू ने कहा, इजरायल के नागरिक! हम युद्ध की स्थिति में हैं। यह कोई अभियान नहीं है...बल्कि एक युद्ध है। आज सुबह हमास ने इज़रायल और उसके नागरिकों पर आश्चर्यजनक तरीके से एक बड़ा हमला किया है। मैंने सुबह कानून प्रवर्तन एजेंसियों के प्रमुखों को बुलाया और देश में घुसपैठ करने वाले उग्रवादियों के मद्देनजर आबादी वाले क्षेत्रों को खाली करने का निर्देश दिया। ऑपरेशन में कई घंटों से कार्रवाई की गयी है। मैंने व्यापक रूप से सैन्य भंडार की व्यवस्था करने के भी आदेश दिये हैं। श्री नेतन्याहू ने राष्ट्र के नाम एक संबोधन में कहा, दुश्मन को ऐसी कीमत चुकानी पड़ेगी जिसके बारे में उसने कभी नहीं सोचा होगा।

इज़रायल रक्षा बलों (आईडीएफ) ने शनिवार सुबह कहा कि उग्रवादियों ने इज़रायल में घुसपैठ की और गाजा पट्टी से उसके क्षेत्र में 1,000 से अधिक रॉकेट दागे। घटना के बाद आईडीएफ ने हमास के खिलाफ 'आतंकवाद विरोधी' अभियान की घोषणा की। हमास आंदोलन की सैन्य शाखा अल-क़सम ब्रिगेड ने बदले में इज़रायल के खिलाफ ऑपरेशन की घोषणा की।

### गाजा से इजरायल में कर रहे आतंकवादी घुसपैठ : आईडीएफ

तेल अवीव। इजरायल रक्षा बल (आईडीएफ) ने शनिवार को कहा कि देश में आतंकवादियों ने गाजा पट्टी से घुसपैठ की हैं। आईडीएफ ने एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर कहा, आतंकवादियों ने गाजा पट्टी से इजरायल में घुसपैठ की है। सीमावर्ती इलाकों के स्थानीय निवासी आतंकवादियों को घरों में पनाह दे रहे हैं। इससे पहले की रिपोर्टों में कहा गया कि तेल अवीव में सायरन बज रहे थे, क्योंकि गाजा पट्टी से इजरायल की ओर कई रॉकेट दागे गए हैं। इजरायली हवाई सुरक्षा प्रणाली शहर के ऊपर पूरी तरह से निगरानी रखे हुए है।

## नागरिकों पर हमास आतंकवादियों का हमला युद्ध अपराध है : इजरायली राजदूत

**नई दिल्ली।** इजरायल ने शनिवार को हुए अपने नागरिकों पर फिलीस्तीन के हमास आतंकवादियों के हमले को युद्ध अपराध करार दिया है और जवाब में ऑपरेशन स्वोर्ड्स ऑफ आयरन शुरू किया है। इज़रायल के राजदूत नाओर गिलोन ने हमास आतंकवादियों के खिलाफ शुरू ऑपरेशन स्वोर्ड्स ऑफ आयरन पर यहां एक बयान जारी किया है। श्री गिलोन ने कहा, इजरायल वर्तमान में समन्वित, बड़े और बहु-आयामी फ़िलिस्तीनी आतंकवादी हमलों को विफल करने के लिए लड़ रहा है। दक्षिण और मध्य इज़रायल के शहरों और गांवों में अपने बिस्तरों में शांति से सो रहे हमारे नागरिकों पर हमास द्वारा आज सुबह किए गए ये हमले युद्ध अपराध हैं। उन्होंने कहा, पवित्र यहूदी अवकाश सिमचट तोराह के दौरान हमास ने महिलाओं, बच्चों और बुज़ुर्गों को निशाना बनाने और उनकी हत्या करने , सैकड़ों नागरिकों को घायल करने और हमारे शहरों पर 2000 से अधिक मिसाइलों और रॉकेटों से अंधाधुंध गोलीबारी करने की कायरतापूर्ण कार्रवाइयाँ की हैं। राजदूत ने कहा, इज़रायल हमास आतंकवादियों के रॉकेट हमले और जमीनी घुसपैठ के इस संयुक्त हमले को विफल कर देगा और हमारे नागरिकों की सुरक्षा के लिए कोई भी और सभी कार्रवाई करेगा। आतंकवाद के खिलाफ कार्रवाई पर भारत की जनता के समर्थन के प्रति आभार व्यक्त करते हुए श्री गिलोन ने कहा, हम भारत के लोगों के समर्थन की सराहना करते हैं क्योंकि हम आतंकवाद के सामने मजबूती से खड़े हैं।

## लीबिया संसद ने नव स्वीकृत चुनाव कानूनों को संयुक्त राष्ट्र मिशन को भेजा



**त्रिपोली,** 7 अक्टूबर (एजेंसियां)। लीबिया संसद ने नव स्वीकृत चुनावों कानूनों को संयुक्त राष्ट्र मिशन को भेजा है। संयुक्त राष्ट्र सहायता मिशन (यूएनएसएमआईएल) ने शुक्रवार को कहा कि उसे लीबियाई संसद से हाल ही में अनुमोदित राष्ट्रपति और राष्ट्रीय असेंबली चुनाव कानूनों का एक आधिकारिक ज्ञापन प्राप्त हुआ। यूएनएसएमआईएल ने बयान में कहा, यह लीबिया की संप्रभु संस्थाओं और राजनीतिक समाधानों के राष्ट्रीय स्वामित्व का सम्मान करता है। इस बात पर जोर देते हुए कि ये समाधान लीबिया में एक सुचारू चुनावी प्रक्रिया और स्थायी शांति और स्थिरता सुनिश्चित करने के लिए सहमतिपूर्ण और कार्यान्वयन योग्य होने चाहिए। संसद ने सोमवार को औपचारिक सत्र के दौरान सर्वसम्मति से कानूनों को मंजूरी दे दी। उल्लेखनीय है कि लीबिया राजनीतिक दलों के बीच चुनाव कानूनों पर असहमति के कारण पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार दिसंबर 2021 में आम चुनाव कराने में विफल रहा। 2011 में दिवंगत नेता मुअम्मर गद्दाफी के शासन के पतन के बाद से, लीबिया बढ़ती हिंसा और राजनीतिक विभाजन के बीच लोकतांत्रिक परिवर्तन करने के लिए संघर्ष कर रहा है।

## दैनिक पंचांग

mypandit.com 24 hour astrology service

■ बेजान दारूवाला

ग्रह स्थिति : रविवार 8 अक्टूबर , 2023 आश्विन कृष्ण पक्ष 9

### राशिफल

मेष -आज आप अत्यधिक इमोशनल रहेंगे। किसी व्यक्ति का कठोर व्यवहार आपकी भावनाओं को ठेस पहुंचा सकता है। तन-मन में अस्वस्थता और भय का अनुभव होगा। मां की तबीयत खराब होने से आपको चिंता रह सकती है।

वृषभ -शारीरिक तथा मानसिक रूप से अच्छा अनुभव करेंगे। आनंद का अनुभव होगा। रिश्तेदारों तथा पारिवारिक काम में आपको लाभ होगा। मित्रों के साथ घूमने जाएंगे। वित्तीय मामलों में ध्यान देना पड़ सकता है।

मिथुन -आपके निर्धारित काम पूरे होने में विलंब होगा। वित्तीय योजनाएं अच्छी तरह पूरी कर सकेंगे। स्वादिष्ट भोजन का आनंद लेंगे। विद्यार्थियों की पढ़ाई के लिए दिन मध्यम रहेगा। मित्रों और प्रियजनों से मिलकर खुशी अनुभव करेंगे।

कर्क -आज आप बहुत इमोशनल रहने वाले हैं। मित्रों, परिवार के सदस्यों और रिश्तेदारों के साथ किसी गहरी चर्चा में उतर सकते हैं। घूमने- फिरने और स्वादिष्ट भोजन करने का अवसर मिलेगा। शुभ प्रसंग में उपस्थित हो सकेंगे।

सिंह -मन में अस्थिरता और भावना की दुर्बलता के कारण आप अस्वस्थता का अनुभव करेंगे। गलत वाद-विवाद या चर्चाओं में न पड़ें। कानूनी मामलों में सावधानी रखें। वाणी और व्यवहार पर अंकुश रखें। आय की अपेक्षा व्यय अधिक होगा।

कन्या -आज आप अनेक तरह के लाभ प्राप्त कर सकेंगे। आपके व्यापार और आय में वृद्धि होगी। नौकरी में भी लाभ प्राप्त कर सकेंगे। मित्रों के साथ रमणीय स्थल पर घूमने जाने की संभावना है। मित्रों से लाभ होने की संभावना है।

तुला -आपके परिवार में खुशी और उत्साह का वातावरण रहेगा। नौकरी और ऑफिस में पदोन्नति होने तथा आय में वृद्धि होने की संभावना बनी रहेगी। माता से आर्थिक लाभ होगा। आप घर की सजावट का काम शुरू करेंगे।

वृश्चिक -आज आप नकारात्मक विचारों में रह सकते हैं। भय का अनुभव होगा, थकान लगेगी, स्फूर्ति का अभाव महसूस होगा। नौकरी या व्यवसाय में कठिनाई हो सकती है। अधिकारी के साथ वाद-विवाद ना करें।

धनु -आप वाणी पर नियंत्रण नहीं रखेंगे, तो किसी के साथ झगड़ा हो सकता है। आपका स्वास्थ्य खराब हो सकता है। आज मन किसी चिंता में रहेगा। खर्च होने की संभावना है।

मकर -आपको काम की चिंता रहेगी। सगे- सम्बंधियों के साथ दिन मौज-मस्ती में दिन व्यतीत होगा। आप दोस्तों के साथ बाहर घूमने-फिरने का आनंद ले पाएंगे। सुखी दांपत्यजीवन गुजार सकेंगे। आपके व्यापार में वृद्धि हो सकेगी।

कुंभ -आप जो काम करेंगे, उसमें आपको सफलता मिलेगी। परिवार में मेल-जोल बना रहेगा। शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ अनुभव करेंगे। नौकरी में सहकर्मियों का सहयोग मिलता रहेगा।

मीन -आज काल्पनिक दुनिया में विहार करना आपको पसंद आएगा। लेखन और साहित्य के क्षेत्र में अपनी रचनात्मकता प्रदर्शन कर सकेंगे। विद्यार्थियों के लिए समय अच्छा है।

नोट-उपरोक्त राशिफल बेजान दारूवाला द्वारा पूर्वलिखित है।

## दक्षिण अफ्रीकी सैन्य अड्डे पर आग लगने से 6 सैनिकों की मौत

**केप टाउन,** 7 अक्टूबर (एजेंसियां)। दक्षिण अफ्रीका के उत्तरी केप प्रांत में एक सैन्य प्रशिक्षण अड्डे में आग लगने से छह जवानों की मौत हो गई और अन्य तीन जवान घायल हो गए। यह जानकारी दक्षिण अफ्रीकी सेना ने शनिवार को दी। दक्षिण अफ्रीकी सेना ने आज एक बयान में कहा कि देश के सबसे बड़े प्रांत उत्तरी केप में शुक्रवार को सैन्य लड़ाकू प्रशिक्षण केंद्र (सीटीसी) में स्थानीय समयानुसार अपराह्न एक बजकर 45 मिनट पर आग लग गई थी। बयान में कहा गया कि आग खदान की पश्चिमी सीमा से भड़की जो सैन्य लड़ाकू प्रशिक्षण क्षेत्र से सटा हुआ है। बयान के अनुसार दक्षिण अफ्रीकी सेना के जवान वर्तमान में अपने वार्षिक अभ्यास, अभ्यास वुकुहलोम की तैयारी के लिए आसपास के क्षेत्रों में तैनात हैं। इसके अलावा सेना के जवान उस क्षेत्र में भी तैनात थे जहां आग लगी थी। इस घटना में दक्षिण अफ्रीकी सेना के छह सैनिकों की मौत हो गई और अन्य तीन जवान झुलस गए है जिन्हें निकटतम अस्पताल भर्ती किया गया है। दक्षिण अफ्रीकी सेना वर्तमान में स्थिति का आकलन कर रही है और घटना की विस्तृत जानकारी उचित समय पर दी जाएगी। अभी जांच पड़ताल की जा रही है।

# यूक्रेन के लिए अमेरिका का समर्थन घटा



■ बाइडेन व कई रिपब्लिकन अभी भी इसके पीछे

**वाशिंगटन,** 7 अक्टूबर (एजेंसियां)। अमेरिकी प्रतिनिधि सभा के पूर्व अध्यक्ष रिपब्लिकन केविन मैक्कार्थी रूस में चल रहे युद्ध के मद्देनजर यूक्रेन के लिए देश की ओर से जारी फंडिंग को लेकर अपनी नौकरी गंवाने वाले पहले अमेरिकी बन गए हैं।

फरवरी 2022 में युद्ध शुरू होने के बाद से सुरक्षा सहायता, जो संचयी रूप से 43.9 बिलियन डॉलर है, खतरे में है। वार्षिक बजट के अभाव में अमेरिकी सरकार को नवंबर के मध्य तक चालू रखने के लिए हाल ही में पारित एक अस्थायी उपाय में यूक्रेन के लिए कोई विनियोग नहीं किया गया। अमेरिकी सेना के पास पहले से प्रतिबद्ध फंड में से 5.4 बिलियन डॉलर बचे हैं, लेकिन इसके जल्द ही खत्म होने की संभावना है। राष्ट्रपति जो बाइडेन ने यूक्रेन के साथ जब तक संभव हो खड़े रहने की शपथ ली है। उनका तर्क है कि यूक्रेन की रक्षा अमेरिका के व्यापक सुरक्षा हित में है।

उन्होंने इस हफ्ते की शुरुआत में कहा था कि यह काफी हद तक हमारे हित में है। मैंने ऐसे गठबंधन बनाने में ढाई साल बिताए हैं, जिनके बारे में किसी ने नहीं सोचा था। और उन्होंने हमें न केवल यूक्रेन से संबंधित, चाहे वह जापान और दक्षिण कोरिया हो, हर क्षेत्र में मजबूत किया है। वह युद्ध के लिए फंड जारी रखने के तरीके खोजने की कोशिश कर सकता है, लेकिन बजटीय सहायता के बिना फंड पर्याप्त नहीं हो सकता। रिपब्लिकन पार्टी के कुछ सदस्य, जो प्रतिनिधि सभा और सरकार के पर्स-स्ट्रिंग्स को नियंत्रित करते हैं, यूक्रेन को फंड के निरंतर आवंटन का विरोध कर रहे हैं।

## मत सर्वेक्षण में ब्रिटेन में लेबर पार्टी की भारी जीत की भविष्यवाणी



**नई दिल्ली,** 7 अक्टूबर (एजेंसियां)। चुनाव पूर्व सर्वेक्षण के अनुसार, ब्रिटेन की लेबर पार्टी इस समय 1997 के पैमाने पर भारी जीत हासिल करने की ओर अग्रसर है। कंजर्वेटिव पिछले चुनाव में सुरक्षित रही अपनी हर सीट हार रहे हैं। यह बात मीडिया की खबरों में कही गई।

ऑब्जर्वर द्वारा देखे गए निर्वाचन क्षेत्र-दर-निर्वाचन मॉडल के अनुसार, टोरीज़ अपने दक्षिणी गढ़ों में 20 से अधिक निर्वाचन क्षेत्रों में हार सकते हैं और रिकॉर्ड-कम संख्या में सीटें हासिल कर सकते हैं।

उप प्रधानमंत्री ओलिवर डाउडेन, रक्षा सचिव ग्रांट शाप्स और नेतृत्व के दावेदार पेनी मोर्डौंट हार का सामना करने वालों में से हैं। गार्जियन की खबर के अनुसार, ऋषि सुनक जब तक लेबर की चुनावी बढ़त को रोक नहीं कर देते, तब तक लगभग 12 कैबिनेट मंत्रियों को पद से हटाया जा सकता है। मॉडल के केंद्रीय प्रक्षेपण के अनुसार, जो उन नई सीमाओं को ध्यान में रखता है, जिन पर अगला चुनाव लड़ा जाएगा, लेबर पार्टी 420 सीटें जीतेगी - जो कि 190 सीटों के भारी बहुमत के बराबर है। टोरीज़ को केवल 149 सीटें मिलेंगी और लिब डेम्स को 23।

नतीजे 1997 के %भूस्खलन% को दर्शाते हैं, जब टोनी ब्लेयर की पार्टी ने 418 सीटों के साथ 179 का बहुमत हासिल किया था।गार्जियन की खबर के अनुसार, नए विश ?लेषण से यह भी पता चलता है कि जीवन यापन की लागत और एनएचएस की स्थिति मतदाताओं के लिए स्पष्ट प्राथमिकताएं बनी हुई हैं।

38 डिग्री अभियान समूह द्वारा कमीशन किया गया विशाल अध्ययन बतता है कि सर्वेशन पोलिंग कंपनी द्वारा 11,000 से अधिक मतदाताओं से बने मेगा पोल का उपयोग करके किया गया है।

## कनाडा में विमान दुर्घटना में तीन लोगों की मौत



**ओटावा,** 7 अक्टूबर (एजेंसियां)। कनाडा के ब्रिटिश कोलंबिया प्रांत के चिलिवैक शहर में हवाई अड्डे के पास एक छोटे विमान के शुक्रवार को दुर्घटनाग्रस्त होने जाने से तीन लोगों की मौत हो गई। स्थानीय पुलिस ने यह जानकारी दी है। रॉयल कैनेडियन माउंटेड पुलिस ने एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि पाइपर पीए-34 सेनेका, एक दो इंजन वाला हल्का विमान, स्थानीय समयानुसार दोपहर लगभग दो बजे (2100 जीएमटी), पर हवाई अड्डे से लगभग एक किलोमीटर दूर एक मोटल के बगल में गिर गया। दुर्घटना में पायलट सहित विमान पर सवार सभी लोगों की मौत हो गयी। इस बीच, कनाडा के परिवहन सुरक्षा बोर्ड ने दुर्घटना के कारणों का पता लगाने के लिए जांचकर्ताओं को नियुक्त किया है। स्थानीय अधिकारियों ने अभी तक मृतकों के नाम जारी नहीं किए हैं।

**बयान** यूएनएचसीआर व आईओएम पाकिस्तान की सहायता करने के लिए तैयार

# अफगान शरणार्थियों के पंजीकरण में पाकिस्तान की मदद करेंगी



■ अवैध प्रवासियों के खिलाफ सरकार की कार्रवाई के बीच आया बयान

**इस्लामाबाद,** 7 अक्टूबर (एजेंसियां)। शरणार्थियों के लिए संयुक्त राष्ट्र उच्चायुक्त (यूएनएचसीआर) और अंतर्राष्ट्रीय प्रवासन संगठन (आईओएम) ने कहा कि वे अफगान नागरिकों का पंजीकरण और प्रबंधन में पाकिस्तान की सहायता करने के लिए तैयार हैं। यह जानकारी डॉन ने एजेंसियों के हवाले से शनिवार को दी। यह बयान पाकिस्तान में रहने वाले अवैध प्रवासियों के खिलाफ सरकार की कार्रवाई के बीच आया है।

इस सप्ताह की शुरुआत में, पाक सरकार ने अफगान नागरिकों सहित बिना दस्तावेज वाले सभी प्रवासियों को 31 अक्टूबर तक पाकिस्तान छोड़ने का अल्टीमेटम जारी किया, अन्यथा उन्हें कारावास और अपने संबंधित देशों में निर्वासन का जोखिम उठाना पड़ सकता है। यह निर्णय प्रधानमंत्री अनवारुल हक काकर की अध्यक्षता वाली शीर्ष समिति की बैठक में लिया गया जिसमें सेना प्रमुख जनरल असीम मुनीर समेत अन्य वरिष्ठ अधिकारी शामिल हुए। समिति ने निर्णय लिया कि सीमा पार आवागमन के लिए पासपोर्ट और वीजा अनिवार्य होगा, जबकि इलेक्ट्रॉनिक अफगान पहचानपत्र (या ई-तज़किरा) केवल 31 अक्टूबर तक स्वीकार किए जाएंगे। समय सीमा की समाप्ति के बाद, अधिकारी आप्रवासियों की अवैध संपत्तियों और उनके स्वामित्व वाले व्यवसायों या पाकिस्तानी नागरिकों के सहयोग से चलाए जा रहे व्यवसायों को लक्षित करने के लिए एक अभियान शुरू करेंगे। अफगान तालिबान के प्रवक्ता जबीहुल्ला मुजाहिद ने पाकिस्तान के इस निर्णय को अस्वीकार्य करार दिया और अधिकारियों से नीति पर फिर से विचार करने का आग्रह किया।

संयुक्त राष्ट्र की दोनों एजेंसियों ने आज एक संयुक्त बयान में कहा कि पाकिस्तान के साथ उनका दीर्घकालिक और मजबूत सहयोग रहा है और वे अफगान नागरिकों का पंजीकरण और प्रबंधन के लिए एक व्यापक और स्थायी तंत्र विकसित करने में पाकिस्तान की सहायता करने के लिए तैयार हैं, जिनमें वे लोग भी शामिल हैं जिन्हें अंतरराष्ट्रीय सुरक्षा की आवश्यकता हो सकती है। यूएनएचसीआर और आईओएम ने कहा कि वे पाकिस्तान से अपील करते हैं कि वह उन सभी कमजोर अफगानों को सुरक्षा प्रदान करना जारी रखे, जिन्होंने देश में सुरक्षा की मांग की है और अगर उन्हें लौटने के लिए मजबूर किया जाता है तो उन्हें आसन्न खतरा हो सकता है। संयुक्त राष्ट्र की एजेंसियों ने सभी देशों से आग्रह किया कि अफगान नागरिकों की जबरन वापसी को निलंबित करें और यह सुनिश्चित करें।

## आज का इतिहास

1931-भारतीय राजनीतिज्ञ पद्मनाभ बालकृष्ण आचार्य का जन्म।

1932-भारतीय वायुसेना का गठन।

1936-प्रसिद्ध हिन्दी कहानीकार और उपन्यासकार प्रेमचंद का निधन।

1965-डाकघर टॉवर लंदन में खोला गया।

1973-ब्रिटेन का पहला स ?वतंत्र रेडियो स ?टेशन एलबीसी शुरू हुआ।

1996-ओटावा में आयोजित सम्मेलन में लगभग 50 देश बारूदी सुरंगों पर विश्वव्यापी प्रतिबंध लगाने पर सहमत।

1998-भारत %फ्लाइट सेफ्टी फ़ाउंडेशन% का सदस्य बना।

2000-वोजोस्लाव कोस्तुनिका यूगोस्लाविया के राष्ट्रपति बने।

2001-इटली के मिलान हवाई अड्डे पर दो विमानों के आपस में टकरा जाने के बाद एक में आग लग गयी, जिससे 114 लोगों की मौत हो गई।

2002-पाकिस्तान ने शाहीन मिसाइल का पुनः परीक्षण किया।

2003-टोक्यो में आयोजित मिस इंटरनेशनल प्रतियोगिता में मिस वेनेजुएला गोजेदोर एजुआ ने ख़िताब पर कब्ज़ा जमाया।

2004-भारतीय गेहूँ पर मौनसेंटो का पेटेन्ट रद्द। शांति का नोबेल पुरस्कार केन्याई पर्यावरणविद वांगरी मथाई को।

2005-दक्षिण एशिया में आये एक भीषण भूकंप ने हज़ारों जानें ले लीं।

2007-बंगलादेश के पूर्व गृहमंत्री मोहम्मद नसीम को 13 साल क़ैद की सज़ा हुई।

2008-भारत के प्रसिद्ध लोक नृत्य कलाकार केदार नाथ साहू का निधन।

2010-अंतर्राष्ट्रीय नागरिक उड्डयन संगठन (आईसीएओ) 37 वीं विधानसभा मॉन्ट्रियल में शुक्रवार को समाप्त हो गई, जहां विमानन उत्सर्जन पर विकास किया गया था।

2011-शरणार्थियों के लिए संयुक्त राष्ट्र के उच्चायुक्त ने सूडान और दक्षिण सूडान के शरणार्थियों के लिए पश्चिमी इथियोपिया में एक नया शरणार्थी शिविर खोला।

## सुडोकू 6340


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | | 9 | | | | | | 8 |
| | 4 | | 2 | | 9 | 1 | | |
| | | | | 7 | | | 9 | |
| 5 | | | | 2 | 7 | | | |
| 3 | | | | | | | | 6 |
| | | | 6 | 1 | | | | 7 |
| | 9 | | | 8 | | | | |
| | | 1 | 5 | | 6 | | 3 | |
| 4 | | | | | | 7 | | 9 |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम,कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## वर्ग पहेली 6340



**बायें से दायें:-**

१. मंगलमय प्रारंभ

३. हृष्ट-पुष्ट

५. नमन

६. मूर्ति

७. शासन, केंद्र

८. किसी की मृत्यु के तेरहवें दिन पर होने वाला कार्यक्रम, तेरहवीं

१२. बंदीगृह

१५. धारण कर्ता

१६. चिढ़, घृणा (उर्दू)

१७. कुप्रथा

१८. फूल, पुष्प

२०. सेवा करने या किसी पद पर बने रहने का समय

२२. मुग्ध होना (मुहावरा)

२३. पहाड़ों के नीचे की जमीन

**ऊपर से नीचे:-**

१. मंगलदायक

२. थोड़ा भी, किंचित मात्र

३. साथ चलने वाला (उर्दू)

४. कराधान

५. उन्माद

९. योगनिर्दिष्ट बैठने की विधि

१०. कुल, वंश, भाईचारा, गोत्र (उर्दू)

११. अमृत

१२. रुकावट, बाधा

१४. बांसुरी

१७. दक्ष, निपुण

१९. भोर, प्रभात

२०. फौज

२१. बुरी आदत, व्यसन

### वर्ग पहेली-6339

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ बु | ल | २ बु | ल | ■ | ■ | 3 प्र | ति | ४ प | क्षी |
| झौ | ■ | न | ■ | ५ बु | लं | दी | ■ | रि | ■ |
| ६ व | र्द्ध | क | ■ | ला | ■ | ७ प | द | चि | न्ह |
| ल | ■ | ८ र | ९ थ | वा | ह | क | ■ | त | |
| ■ | १० व | ■ | प | ■ | ■ | ■ | ११ नृ | ■ | १२ ह |
| १३ ए | का | ए | क | ■ | १४ अ | ■ | १५ प | रा | स्त |
| ■ | सु | ■ | १६ ना | प | सं | द | ■ | ■ | र |
| १७ नी | र | व | ■ | ■ | भ | ■ | १८ ब | १९ र | खा |
| र | ■ | ■ | २० या | या | व | २१ र | ■ | फ्ता | ■ |
| २२ ज | ह | न्नु | म | ■ | ■ | २३ सा | धा | र | ण |

युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

## दुनिया को जानें

### स्पेनिश अंतरिक्ष कंपनी ने देश के पहले रॉकेट प्रक्षेपण की घोषणा की

**मैड्रिड,** 7 अक्टूबर (एजेंसियां)। स्पेन की निजी अंतरिक्ष कंपनी पीएलडी स्पेस ने शनिवार को कहा कि उसने देश का पहला सबऑर्बिटल रीयूजेबल रॉकेट, मिउरा 1 का सफलतापूर्वक प्रक्षेपण किया है। कंपनी ने एक बयान में कहा, स्पेनिश कंपनी पीएलडी स्पेस ने पहले निजी यूरोपीय रॉकेट, मिउरा 1 का सफलतापूर्वक प्रक्षेपण कर इतिहास रच दिया है। सबऑर्बिटल लॉन्चर की पहली उड़ान तकनीकी और ज्ञान के उन्नत स्तर को दर्शाती है जिसे 2011 के बाद से कंपनी द्वारा विकसित किया गया है। बयान के अनुसार, उड़ान 306 सेकंड तक चली, जिसके दौरान रॉकेट 46 किलोमीटर (28.5 मील) की ऊंचाई तक पहुंचा। रॉकेट अटलांटिक महासागर में उतरा और कंपनी इसे पुनर्प्राप्त करेगा। यह मिउरा 1 को प्रक्षेपित करने की पहली कोशिश नहीं थी। इससे पहले मई में, पीएलडी स्पेस ने घोषणा किया था कि तेज हवाओं के कारण वह मिउरा 1 का प्रक्षेपण रद्द कर रहा है। जून में, इसे इस चिंता के कारण रोक दिया गया था कि इससे जंगल में आग लग सकती है।

# प्रादेशिकी

## नार्को नक्सलवाद पर हुई चर्चा

**देहरादून।** एपीसीए वेल्लोर डा. बेउला इॅनुएल ने नार्को नक्सलवाद से प्रभावित क्षेत्रों के बारे में बताते हुए इस ओर की गयी प्रभावी कार्रवाई के बारे में प्रस्तुतिकरण दिया। उन्होने विश्व एवं राष्ट्रीय स्तर पर ड्रग्स के व्यापार पर डेटा के माध्यम से अपने विचार रखे। ड्रग्स के विरूद्ध प्रभावी कार्रवाई के लिए प्रशिक्षण, जागरूकता, प्रवर्तन और काउंसलिंग पर जोर दिया।

# मिलेट्स पर आयोजित होगी राज्य स्तरीय निबंध प्रतियोगिताः डा. धन सिंह

■ गढ़भोज दिवस पर शिक्षा मंत्री ने किया ऐलान कहा, युवा पीढ़ी के लिये जरूरी है अपनी संस्कृति व परामपराओं का ज्ञान

**देहरादून,** 7 अक्टूबर (देशबन्धु)। प्रदेशभर में मनाये जा रहे गढ़भोज दिवस पर सूबे के विद्यालयी शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने उत्तराखंड के परम्परागत अनाजों को बढ़ावा देने के लिये सभी राजकीय विद्यालयों में राज्य स्तरीय निबंध प्रतियोगिता का आयोजन करने का ऐलान किया है। जिससे उत्तराखंड की युवा पीढ़ी को अपनी संस्कृति व परम्परागत ज्ञान के साथ ही पहाड़ के अनाजों के बारे में भी जानकारी हासिल हो सके।




यह बात विद्यालयी शिक्षा मंत्री डॉ. रावत ने हिमालयन पर्यावरण जड़ी-बूटी एग्रो संस्थान 'जाड़ी' एवं पर्वतीय विकास शोध केन्द्र के तत्वाधान में राजीव गांधी नवोदय विद्यालय रायपुर देहरादून में आयोजित गढ़भोज दिवस एवं सम्मान-2023 समारोह में कही। डॉ. रावत ने कहा कि भारत सरकार ने देश में मोटे अनाज को बढ़ावा देने के लिये केन्द्रीय बजट में वित्तीय प्रावधान करते हुये अन्नश्री योजना शुरू की है, ताकि देशभर में परम्परागत मोटे अनाजों (मिलेट्स) के उत्पादन को बढ़ावा देकर किसानों की आय को दोगुना किया जा सके। यही नहीं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रस्ताव पर संयुक्त राष्ट्र संघ ने वर्ष 2023 को अंतर्राष्ट्रीय मिलेट्स ईयर घोषित किया है। जिसके तहत पूरी दुनियां में मोटे अनाजों को बढ़ावा देने के लिये विभिन्न स्तरों पर कार्य किये जा रहे हैं। डॉ. रावत ने बताया कि राज्य में भी सहकारिता विभाग के माध्यम से मोटे अनाजों मंडुवा, झंगोरा, चैलाई आदि की खरीद सीधे किसानों से की जा रही है जिससे किसानों को अच्छी खासी आमदानी हो रही है। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार ने प्रदेश के विद्यालयों में दिये जा रहे मिड-डे मीड में भी मोटे अनाजों को शामिल किया है, जिससे छात्र- छात्राओं को पौष्टिक आहार मिल रहा है। विद्यालयी शिक्षा मंत्री ने बताया कि राज्य में उत्पादित मोटे अनाजों पर राजकीय विद्यालयों में निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया जायेगा। जिसमें बेहतर प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को प्रदेश एवं जनपद स्तर पर सम्मानित एवं पुरस्कृत किया जायेगा। गढ़भोज कार्यक्रम में आयोजकों ने शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत को आज उनके जन्मदिवस पर शॉल, स्मृति चिन्ह व बुके देकर सम्मानित किया। इसके साथ ही डॉ रावत द्वारा पहाड़ी अनाजों एवं व्यंजनों पर आधारित पुस्तक लिखने के लिये प्रदेश की तीन शिक्षिकाओं हरिद्वार से डॉ. नीतू गुप्ता, डॉ. श्वेता तथा रानीखेत अल्मोड़ा से डॉ. नमिता बिष्ट को शॉल एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया, जबकि नशा मुक्ति केन्द्र में गढ़भोज को प्रोत्साहन देने के लिये देहरादून के उदय प्रताप सिंह को भी सम्मानित किया गया। इस मौके पर गढ़भोज अभियान के प्रणेता द्वारिका प्रसाद सेमवाल, संस्था के अध्यक्ष डॉ. अरविंद दरमोड़ा, तत्व संस्था की सचिव आकांक्षा जायसवाल, गिरधारी बोरा, प्रो. जे.पी. पचैरी, प्रो. एम.एस.एम. रावत, प्रो. के.डी. पुरोहित, डॉ. ममता, डॉ. विनोद कुमार, डॉ. यतीश वशिष्ठ, सुभाष रमोला, एपीडी समग्र शिक्षा मुकुल सती, नवोदय विद्यालय की प्रधानाचार्या सुनीता भट्ट सहित अभियान से जुड़े विभिन्न संस्थाओं के सदस्य एवं विद्यालय के छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# भारी मात्रा में अवैध हथियारों के साथ तस्कर गिरफ्तार

**देहरादून,** 7 अक्टूबर (देशबन्धु)। उत्तराखण्ड एसटीएफ व जिला पुलिस ने एक बड़े हथियार तस्कर को गिरफ्तार कर लिया गया है। जिसके कब्जे से भारी मात्रा में अवैध हथियार बरामद किये गये है। आरोपी शातिर किस्म का हथियार तस्कर है जो लगातार बीस वर्षो से अवैध हथियारों के कारोबार से जुडा हुआ है। साथ ही जिसके द्वारा बनाये गये हथियार उत्तरखण्ड सहित कई अन्य राज्यों में सप्लाई किये जाते रहे है तथा जो पहले पांच वर्ष पूर्व भी कई बने व अधबने हथियारों की खेप सहित गिरफ्तार किया जा चुका है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एसटीएफ आयुष अग्रवाल द्वारा बताया गया कि बीती देर शाम एक पुख्ता सूचना के बाद एसटीएफ व थाना गदरपुर की पुलिस द्वारा एक ज्वाइंट ऑप्रेशन करते हुए गदरपुर क्षेत्रान्तर्गत ग्राम खुशहालपुर के एक घर से भारी मात्रा में अवैध असलाह सहित एक हथियार तस्कर वचन सिंह पुत्र हजुर सिंह निवासी ग्राम खुशहालपुर थाना गदरपुर को गिरफ्तार किया गया है। बताया कि गिरफ्तार तस्कर तस्कर वचन सिंह जो कि अवैध हथियारों को बनाने तथा मरम्मत का कार्य भी करता है पिछले करीब 20 वर्षों से अवैध हथियारों के काले कारोबार में लगा हुआ था। जिसकी सूचना एसटीएफ को मिली थी तब से एसटीएफ की एक टीम उसके ठिकानों में नजर रख रही थी। कल टीम को गोपनीय इनपुट मिला था कि वचन सिंह के घर में हथियारों की बड़ी खेप आयी है जिसपर टीम द्वारा उसके घर को चारों तरफ से घेरकर रेड की गयी तो घर के अन्दर से भारी मात्रा में अवैध हथियार बरामद हुए तथा घर में मौजूद वचन सिंह को गिरफ्तार किया गया।




गिरफ्तार आरोपी ने पूछताछ में बताया कि वह वर्ष 2003 से हथियारों की तस्करी कर रहा है वह उ.प्र. , उत्तराखण्ड, हरियाणा और पंजाब आदि राज्यों में हथियारों की सप्लाई करता आ रहा है, वह और उसके साथी कलकत्ती जंगल में जो कि उ.प्र. में स्थित हैं वहाँ असलाहों को बनाते आ रहे हैं। उनके बनाये असलाह की उ.प्र. में बहुत डिमांड है। बताया कि हमारे द्वारा अब तक करीब 1000 अवैध बन्दूकों व तंमचों की तस्करी उ.प्र. व उससे लगे राज्यों में की जा चुकी है। एसएसपी एसटीएफ आयुष अग्रवाल द्वारा बताया गया कि पकड़ा गया आर्म्स डीलर वचन सिंह कई वर्षों से अवैध हथियारों धन्धे में लिप्त था उसके ऊपर वर्ष 2018 में थाना केलाखेड़ा में हथियारों की फैक्ट्री चलाने का मुकदमा दर्ज है। यह वैपन सप्लायर होने के साथ-साथ हथियारों का कारीगर भी है। हमारी टीम पिछले कई दिनों से हथियारों के इस नेटवर्क पर काम कर रही थी कल शाम टीम ने एक सूचना के आधार पर लोकल पुलिस की मदद से वचन सिंह को गिरफ्तार कर उसके पास से भारी मात्रा मे तमंचे व अन्य हथियार बरामद किये गये है। बहरहाल एसटीएफ द्वारा आरोपी वचन सिंह के खिलाफ सम्बन्धित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर उसे न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया है।

## सार संक्षेप

### वाहन खाई में गिरने से एक की मौत, दो अन्य घायल

**चमोली।** देर रात जनपद के हेलंग उर्गम भर्की मोटर मार्ग पर एक टाटा सूमो वाहन के खाई में गिर जाने से चालक की मौके पर ही मौत हो गयी, वहीं दो अन्य लोग गम्भीर रूप से घायल हुए है। सूचना मिलने पर पुलिस व एसडीआरएफ टीम द्वारा मौके पर पहुंच कर मृतक व घायलों को अस्पताल पहुंचाया जहां घायलो की हालत चिंताजनक देखते हुए उन्हे हायर सेन्टर रैफर कर दिया गया है। पुलिस ने मृतक के शव का पंचनामा भरकर पीएम के लिए भेजा है। मिली जानकारी के अनुसार देर रात थाना जोशीमठ पुलिस को सूचना मिली कि एक टाटा सूमो वाहन भर्की मोटर मार्ग पर दुर्घटनाग्रस्त होकर खाई में जा गिरा है। सूचना पर कार्यवाही करते हुए पुलिस व एसडीआरएफ टीम ने मौके पर पहुंच कर पाया कि उक्त टाटा सूमो भर्की मोटर मार्ग पर सड़क से करीब 60 मीटर नीचे गहरी खाई में गिरा हुआ है। वाहन में चालक सहित 3 लोग सवार थे, जहां चालक की मौके पर ही मृत्यु हो गई है। 2 लोग घायल अवस्था में थे, जिन्हे उपचार हेतु हायर सेंटर रेफर कर दिया गया है। मृतक का नाम रितेश पुत्र दिगंबर सिंह चैहान निवासी चाई गांव, जोशीमठ व घायलों के नाम जयदीप सिंह बिष्ट देवर खडोरा, और विक्रम सिंह बताये जा रहे है।

### ड्रग्स की मांग में कमी लाकर सप्लाई हो सकती है कंट्रोलः अग्रवाल

**देहरादून।** 49वीं अखिल भारतीय पुलिस साइंस कांग्रेस के द्वितीय सत्र में नारकोटिक्स पर हुई चर्चा में चनई के एडीजी महेश कुमार अग्रवाल ने नारकोटिक्स एवं ड्रग्स पैडलर्स के नेटवर्क एवं उन पर की गयी कार्यवाही के बारे में प्रस्तुतिकरण दिया। उन्होंने कहा कि ड्रग्स की मांग में कमी लाकर सप्लाई को कंट्रोल किया जा सकता है। उन्होंने विशेष रूप से कहा कि सभी हितधारकों को ड्रग्स के विरूद्ध अभियान में एक मंच पर आकर विशेष अभियान चलाने की आवश्यकता है।

### ड्रग्स पैडलर्स पर रोक लगाने के लिए विशेष कार्ययोजना की आवश्यकताः जमबोटकर

**देहरादून।** आईआरएस एसडी जमबोटकर ने ड्रग्स ट्रैफिकिंग पर विस्तार पूवर्क अपने विचार रखे। उन्होंने बताया कि ड्रग्स तस्कर विभिन्न नए तरीकों जैसे सोशल मीडिया, ड्रोन, डार्क वेब, कोरियर सर्विस का उपयोग कर नेटवर्क को बढ़ रहे हैं। ड्रग्स पैडर्ल्स पर प्रभावी रोकथाम के लिए एक विशेष कार्ययोजना बनाने की आवश्यकता है। उन्होंने एनसीबी की डार्क नेट पर की गयी कार्यवाही को विस्तारपूर्वक बताया।

### सुडोकू 6340 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 7 | 9 | 3 | 5 | 1 | 2 | 4 | 8 |
| 8 | 4 | 5 | 2 | 6 | 9 | 1 | 7 | 3 |
| 1 | 3 | 2 | 4 | 7 | 8 | 6 | 9 | 5 |
| 5 | 6 | 8 | 9 | 2 | 7 | 3 | 1 | 4 |
| 3 | 1 | 7 | 8 | 4 | 5 | 9 | 2 | 6 |
| 9 | 2 | 4 | 6 | 1 | 3 | 8 | 5 | 7 |
| 2 | 9 | 3 | 7 | 8 | 4 | 5 | 6 | 1 |
| 7 | 8 | 1 | 5 | 9 | 6 | 4 | 3 | 2 |
| 4 | 5 | 6 | 1 | 3 | 2 | 7 | 8 | 9 |

# 16.67 करोड़ रुपए की इको-टूरिज्म परियोजनाओं से ग्रामीण पर्यटन को मिलेगा बढ़ावाः सुक्खू

**शिमला,** 7 अक्टूबर (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग को हमीरपुर जिला के नादौन विकास खंड की ग्राम पंचायत हड़ेटा तथा शिमला जिला के मशोबरा विकास खंड में कमयाणा हिल टॉप के लिए स्वीकृत 16.67 करोड़ रुपये की इको-टूरिज़्म परियोजनाओं का कार्य शीघ्र शुरू करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि इन परियोजनाओं को स्वीकृत करवाने के लिए प्रदेश सरकार के प्रयास रंग लाए हैं और इनके पूर्ण होने पर स्थानीय युवाओं को रोज़गार व स्वरोज़गार के अवसर उपलब्ध हो सकेंगे।



मुख्यमंत्री ने कहा कि इन इको-टूरिज़्म परियोजनाओं के तहत नवीकरणीय ऊर्जा के माध्यम से विद्युतीकरण और वन्य जीव तथा वनस्पति जीव के संरक्षण के लिए प्रयुक्त प्रौद्योगिकी को प्रोत्साहित करने पर विशेष ध्यान केन्द्रित किया जाएगा। सत्त इको-टूरिज़्म, जैव विविधता संरक्षण के लिए क्षेत्र की पर्यटन विकास समितियों तथा स्वयं सहायता समूहों को भी सक्रिय रूप से इसमें शामिल किया जाएगा। इन परियोजनाओं के सुचारू क्रियान्वयन के लिए ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज, वन तथा पर्यटन विभाग आपसी समन्वय से कार्य करेंगे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि ग्राम पंचायत हड़ेटा में घास के मैदान, रात्रिकालीन शिविर के लिए ट्री-हाउस, पैदल रास्ते तथा प्राकृतिक पथ, कैफेटेरिया, बच्चों के लिए पार्क, सौर ऊर्जा संचालित रोशनी की सुविधा, औषधीय जड़ी-बूटियों की पैदावार सहित विभिन्न मूलभूत सुविधाएं एवं इससे संबंधित आधारभूत ढांचा विकसित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस परियोजना के तहत 1.2 हैक्टेयर क्षेत्र विकसित किया जाएगा और इसमें लगभग 60 स्वयं सहायता समूह शामिल किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि शिमला जिला के कमयाणा हिल टॉप में इस परियोजना के तहत ट्री-टॉप, कैफेटेरिया, प्राकृतिक दृश्यावलियां, बाल-उद्यान, साहसिक गतिविधियां, साइकिलिंग पथ, देवदार जोन, कैक्टस उद्यान तथा तितली उद्यान इत्यादि विकसित किए जाएंगे, ताकि क्षेत्र में अधिक से अधिक पर्यटकों को आकर्षित किया जा सके। उन्होंने कहा कि इस परियोजना के तहत 24 स्वयं सहायता समूह शामिल किए जाएंगे।

# कांग्रेस ने किया उत्तराखंड की नई आबकारी नीति का विरोध

**अल्मोड़ा,** 7 अक्टूबर (देशबन्धु)। उत्तराखंड की नई आबकारी नीति के खिलाफ कांग्रेस ने हल्ला बोल शुरू कर दिया है। अल्मोड़ा जिले के रानीखेत में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने सरकार का पुतला फूंकते हुए उत्तराखंड की नई आबकारी नीति का विरोध किया है। इस दौरान कांग्रेस ने बीजेपी सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।




इस मौके पर रानीखेत महिला कांग्रेस की जिलाध्यक्ष गीता पंवार ने कहा कि प्रदेश महिला कांग्रेस अध्यक्ष ज्योति रौतेला के आह्वान पर समस्त महिला कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने इस नयी शराब बिक्री नीति का विरोध शुरू कर दिया है।

गीता पंवार का कहना है कि बीजेपी प्रदेश में नशे को बढ़ावा देकर युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ करने में जुटी है। गीता पंवार का आरोप है कि बीजेपी सरकार में महिलाएं बिल्कुल भी सुरक्षित नहीं हैं। गीता पंवार का कहना है कि नई शराब नीति से घरों का माहौल खराब होगा, जिसकी सबसे ज्यादा शिकार महिलाएं ही होंगी। यह नीति महिला विरोधी है। उन्होंने कहा कि बीजेपी की सरकार पूरे समाज को शराब में लिप्त कर समाज को खत्म करने का काम कर रही है।गीता पंवार ने कहा कि एक तरफ बीजेपी के विधायक क्षेत्र को शराब मुक्त बनाने की बात करते हैं तो वहीं दूसरी ओर बीजेपी पूरे समाज को शराब युक्त करने में लगी है। बीजेपी युवाओं को अंधकार में डुबोने का काम कर रही है। सभी महिलाएं सरकार की इस नीति का विरोध करती हैं।

**क्या है उत्तराखंड की नई आबकारी नीति**

दरअसल, उत्तराखंड की नई आबकारी नीति के तहत अब कोई भी व्यक्ति अपने घर में ही बार खोल सकता है। बार खोलने के लिए व्यक्ति को आबकारी विभाग से लाइसेंस लेना होगा, जिसकी फीस 12 हजार रुपए रखी गई है। घर में खोले गए बार में निश्चित मात्रा में भारत में निर्मित शराब 9 लीटर, विदेशी मदिरा (इम्पोर्टेड) 18 लीटर, वाइन 9 लीटर और 15.6 लीटर बियर रखने की अनुमति दी गई है।

# तीन किलों अफीम के साथ दो नशा तस्कर गिरफ्तार

**रुद्रपुर।** गदरपुर पुलिस ने 30 लाख की अफीम के साथ दो नशा तस्करों को गिरफ्तार किया है। नशा तस्कर बरेली से अफीम की खेप ला कर जनपद उधमसिंह नगर में सप्लाई करते थे। इस बार वो अपने मंसूबों में सफल हो पाते, उससे पहले ही पुलिस के हत्थे चढ़ गए। आरोपियों से तीन किलो अफीम बरामद हुई है। आरोपी बरेली से अफीम की खेप ला कर जनपद में सप्लाई करते थे। बरामद अफीम की कीमत 30 लाख रुपए आंकी जा रही है। दोनों आरोपी गदरपुर के रहने वाले हैं। आरोपियों को कोर्ट में पेश किया जा रहा है।

गदरपुर थाना पुलिस ने अफीम का काला कारोबार करने वाले दो तस्करों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों से भारी मात्रा में नशीले पदार्थ की खेप बरामद की है। एसएसपी मंजूनाथ टीसी ने मामले का खुलासा करते हुए बताया कि गदरपुर थाना पुलिस को सूचना मिली थी कि जनपद में अफीम की भारी मात्रा में सप्लाई होने जा रही है। इस पर थाना पुलिस द्वारा नवाबगंज रोड पर सघन चेकिंग अभियान चलाया गया।

अभी चेकिंग चल ही रही थी कि तभी एक लग्जरी कार एक्सयूवी 300 आती हुई दिखाई दी। शक के आधार पर वाहन की चेकिंग की गई तो कार से तीन किलो अफीम बरामद हुई। जिसके बाद दोनों आरोपियों को हिरासत में लिया गया। आरोपियों से 21 हजार आठ सौ की नकदी, दो मोबाइल, एक धारदार हथियार और तराजू भी बरामद हुआ है।

# जांचों मे आर्टिफिशयल इंटेलीजेंसी के उपयोग से आई क्रांतिः श्रीवास्तव

■ 49 वीं अखिल भारती पुलिस साइंस कांग्रेस आयोजित
■ देश भर से पुलिस अधिकारी कर रहे प्रतिभाग

देहरादून, 7 अक्टूबर (देशबन्धु)। अपर पुलिस महानिदेशक उत्तर प्रदेश राजा श्रीवास्तव ने कहा कि भ्रष्टाचार विरोधी जांचों मे आर्टिफिशयल इंटेलीजेंसी के उपयोग से क्रांतिकारी बदलाव आये हैं।



शनिवार को यहां 49वीं अखिल भारतीय पुलिस साइंस कांग्रेस के प्रथम सत्र 5जी युग में पुलिस व्यवस्था (पुलिसिंग फॉर 5जी ऐरा) के अन्तर्गत हुई चर्चा में राजा श्रीवास्तव, अपर पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश ने बताया कि भ्रष्टाचार विरोधी जांचों में एआई (आर्टिफिशयल इंटेलीजेंसी) के उपयोग से क्रान्तिकारी बदलाव आए हैं। उन्होंने बताया कि आधुनिक तकनीक का उपयोग कर अल्प समय में डेटा का विश्लेषण कर जाचों को समय से किया जा सकता है। अपराधियों की डिजिटल बिहेवियर रिपोर्ट जांच में काफी मदद देती है। वर्तमान समय में कई जांचों में फाइनेंसियल, बिहेवियर एनालिसेस का प्रयोग कर अच्छे रिजल्ट मिले हैं, जो साक्ष्यों को न्यायालय में मजबूत आधार प्रदान करते हैं। उन्होने विशेष रूप से कहा कि कानून प्रवर्तन एजेन्सियों एवं अन्य विभागों के बीच डेटा शेयरिंग भी काफी महत्वपूर्ण है। साइबर सुरक्षा में लॉक एण्ड अनलॉक थ्रेड पर संयुक्त निदेशक, आसूचना ब्यूरो ने प्रकाश डाला। उन्होने कहा कि पुलिस से संबंधी संस्थाओं के लिए डेटा की सुरक्षा काफी महत्वपूर्ण है। आधुनिक तकनीक के इस युग में साइबर हाइजीन युक्त होने की आवश्यकता है। उन्होने बताया कि विभिन्न कार्यों हेतु आईपी कैमरा का उपयोग हो रहे हैं। आईपी कैमरा के नेटवर्क को सिक्योर करना साइबर सुरक्षा का एक महत्वपूर्ण पहलू है। बी एस जयसवाल, संयुक्त कमीशनर, दिल्ली पुलिस ने बीग डाटा एनालाइसेस के प्रयोग के आधार पर प्रभावी सीमा प्रबन्धन पर प्रकाश डाला। उन्होंने नई तकनीकों जैसे जीआईसी, जीपीएस, जीओ डॉम उपयोग कर कार्यप्रणाली में सुधार करने हेतु विशेष जोर दिया।

# उद्योग मंत्री ने जीएसटी परिषद की बैठक में भाग लिया

**शिमला,** 7 अक्टूबर (देशबन्धु)। वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) परिषद की 52वीं बैठक आज नई दिल्ली में केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमन की अध्यक्षता में आयोजित की गई। इस बैठक में प्रदेश का प्रतिनिधित्व उद्योग मंत्री हर्षवर्धन चौहान ने किया।

बैठक में महत्वपूर्ण मुद्दों पर निर्णय लिए गए जिसके परिणामस्वरूप व्यवसायों के अनुपालन बोझ को कम किया जाएगा। जीएसटी परिषद ने शराब के उत्पदान में इस्तेमाल होने वाले एक्स्ट्रा न्यूट्रल अल्कोहल (ईएनए) को जीएसटी से छूट देने का फैसला किया। शराब के उत्पादन में उपयोग किए जाने वाले ईएनए पर वर्तमान में 18 प्रतिशत जीएसटी लगता है।

उद्योग मंत्री ने चर्चा में भाग लेते हुए मांग की कि जीएसटी परिषद को औद्योगिक उद्देश्यों के लिए उपयोग किए जाने वाले ईएनए पर जीएसटी से छूट दी जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि ईएनए पर जीएसटी से छूट देने से राजस्व पर कोई प्रतिकूल प्रभाव पड़े बिना अनुपालन सरल हो जाएगा, क्योंकि ईएनए एक मध्यवर्ती उत्पाद है। परिषद ने हिमाचल प्रदेश के तर्कों की सराहना की।

हिमाचल प्रदेश के दल ने जीएसटी राजस्व बढ़ाने के संबंध में अन्य राज्यों की सर्वोत्तम प्रथाओं को समझने के लिए विभिन्न प्रतिनिधिमंडलों के साथ संवाद किया। उद्योग मंत्री ने अन्य राज्य के मंत्रियों के साथ बातचीत करते हुए कहा कि हिमाचल सरकार जीएसटी के पारदर्शी और प्रभावी कार्यान्वयन सुनिश्चित कर रही है तथा करदाताओं के अनुपालन को आसान बनाने के लिए सभी आवश्यक उपाय करने के लिए प्रतिबद्ध है।

# सुप्रीम कोर्ट के आदेशों के बाद शिमला नगर निगम हरकत में आया

■ हिमाचल व उत्तराखंड सहित आपदा से त्रस्त अन्य पर्वतीय राज्यों में जनसंख्या के दबाव व वहन क्षमता के अध्ययन के मद्देनजर विशेषज्ञों के पैनल का गठन होगा

**शिमला** 7 अक्टूबर (देशबन्धु)। हिमाचल व उत्तराखंड सहित आपदा से त्रस्त अन्य पर्वतीय राज्यों में जनसंख्या के दबाव व वहन क्षमता के अध्ययन के मद्देनजर विशेषज्ञों के पैनल के गठन के सुप्रीम कोर्ट के आदेशों के बाद शिमला नगर निगम हरकत में आया है। नगर निगम शिमला ने सर्वोच्च न्यायालय से हिमाचल के लिए बनने वाले पैनल में शिमला नगर निगम के निर्वाचित जन प्रतिनिधियों को शामिल करने का आग्रह किया है। बाकायदा नगर निगम ने इस बारे सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश को पत्र लिखा है। शिमला के महापौर सुरेंद्र चौहान ने पत्रकार वार्ता में यह जानकारी देते हुए कहा कि हिमालयी राज्यों में भूस्खलन और आपदाओं का भयानक उदाहरण सामने आया है। सुप्रीम कोर्ट ने देश हिमालयी राज्यों हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, सिक्किम, सभी पूर्वोत्तर राज्य और पश्चिम बंगाल और 2 केंद्र शासित प्रदेश जम्मू व कश्मीर और लद्दाख को अपनी वहन क्षमता का आकलन करने का निर्देश दिए है जिसके लिए एक विशेषज्ञ पैनल की स्थापना का प्रस्ताव दिया है। नगर निगम शिमला ने इस पैनल में शामिल किए जाने का आग्रह किया है, क्योकि निगम शिमला शहर की वहन क्षमता के बारे में सही सुझाव और जानकारी पेश कर सकता है। उन्होंने कहा कि वहन क्षमता एक बेहद महत्वपूर्ण और गम्भीर विषय है , शिमला जैसे पर्यटक शहर में वहन क्षमता पर लिए जाने वाले फैसले का यहां के व्यवसायियों सहित स्थानीय लोगों पर पड़ेगा , इसके लिए इस बारे जन प्रतिनिधि के तौर पर नगर निगम शिमला को अपना पक्ष और सुझाव देने को मौका मिलना चाहिए।



पत्रकार वार्ता में मौजूद पूर्व उप महापौर टिकेंद्र पवर ने नगर निगम शिमला की इस पहल को ऐतिहासिक बताया । उन्होंने कहा कि देश के हिमालयी राज्यों की वहन क्षमता का आकलन के लिए कई विशेषज्ञ कमेटियां बन चुकी है , लेकिन नगर निगम शिमला ने अब बनने जा रही विशेषज्ञ पैनर में सदस्य बनाए जाने की पेशकश की है जो अपने आप में कड़ा कदम और फैसला हैं। टिकेंद्र पवर ने कहा कि हिमालयी राज्यों की वहन क्षमता का आकलन के लिए बनी विभिन्न कमेटियों में से 2010 में हिमालयी पारिस्थितिकी तंत्र पर दिशा निर्देशों , 30 जनवरी 2020 वहन क्षमता पर हिमालय परियोजना के लिए दिशानिर्देश और पर्यावरण एवं वन मंत्रालय के 19 मई 2023 को कार्य योजना वहन क्षमता प्रस्तुत करने के निर्देशो को दुभाग्पूर्ण ढंग से नजरअंदाज किया गया है। उन्होंने कहा कि किसी भी राज्य व शहर की वहन क्षमता का आंकलन करना बेहद मुश्किल और गम्भीर विषय है, जिसमें विशेषज्ञों के साथ साथ जनता के चुने प्रतिनिधियों का सुझाव महत्व रखता है। उन्होंने कहा कि हिमाचल में 78 पंचायत समितियां और 54 नगर पालिकाएं है , ऐसे में विशेषज्ञ पैनल में इन जनप्रतिनिधियों का शामिल होना

लंबी छुट्टियां या वीकेंड मनाने के लिए लोगों की पहली पसंद उत्तराखंड , हिमाचल प्रदेश और अन्य हिमालयी राज्य बन रहे हैं। काम से जरा सी फुर्सत मिलते ही लोग सुकून की सांस लेने इन पहाड़ी राज्यों की ओर रुख कर रहे हैं। इस वजह से वहां वाहनों की कतार और भीड़.भाड़ बढ़ रही है। अब इसपर सुप्रीम कोर्ट सीरियस हुआ है। सर्वोच्च अदालत ने इसके लिए एक पैनल बनाने का फैसला किया है।

# सिर्फ 130 रुपए के लिए बुजुर्ग की हत्या से सनसनी

**रूद्रपुर।** पुलभट्टा थाना क्षेत्र में मात्र 130 रुपये के लेनदेन को लेकर हुए विवाद में एक बुजुर्ग की ईंट मारकर हत्या कर दी गयी। जिससे पूरे इलाके में सनसनी फैल गयी। सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंच कर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया। परिजनो की तहरीर पर पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गयी है। मिली जानकारी के अनुसार बरेली निवासी मो. रफीक (70) पुत्र मसूद की बेटी नथिया का निकाह सिरौलीकलां निवासी छोटन के साथ हुआ है। बताया जा रहा है कि छोटन का पड़ोसियों से 130 रुपये के लेनदेन में विवाद हो गया था। इस दौरान मो. रफीक की बेटी नथिया और उसकी बहू भूरी को पड़ोसियों ने पीट दिया था। जिससे दोनों सास-बहू घायल हो गईं। परिजनों ने दोनों को रुद्रपुर के एक अस्पताल में भर्ती कराया। मो. रफीक को शुक्रवार सुबह बेटी के घायल होने की सूचना मिली। उनका राजीनामा करवाने के लिए वह शाम भोजीपुरा से सिरौली में बेटी के घर पहुंचे। बताया जा रहा है कि समझौता वार्ता के दौरान दूसरे पक्ष ने ईंट, पत्थर, डंडों से हमला कर दिया। इस दौरान कुल्हाड़ी के बेंट से मो. रफीक के सिर पर चोट लग गई और वे बेहोश होकर गिर पड़े तो रिश्तेदार उन्हें लेकर सीएचसी पहुंचे।

# प्रादेशिकी

## एसओजी बता कार सवारों नें युवकों को पीटा, नकदी भी ले उड़े

**फर्रुखाबाद,** 7 अक्टूबर (देशबन्धु)। जन्मदिन की पार्टी मना रहे तीन युवकों को एसओजी का सदस्य बताकर कार सबार अपने साथ ले गए। रास्ते में उनसे नकदी व मोबाइल भी ले लिया। बाद में उनके साथ मारपीट कर रास्ते में उतार कर चले गए। मामले में पुलिस को तहरीर दी गई है। पुलिस मामले की तफ्तीश कर रही है। थाना राजेपुर के कस्बा निवासी जतिन कुमार पुत्र राकेश कुमार नें थाना पुलिस को तहरीर दी। जिसमे बताया कि बीते 6 अक्टूबर को शाम लगभग 5 बजे अपने दोस्त हिमांशु पुत्र मुकेश सिंह निवासी हरिहरपुर के साथ एक जन्मदिन पार्टी में आईटीआई के पास ढावा पर गए थे। सभी मिलकर पार्टी मना रहे थे। लगभग 15 दोस्त पार्टी में थे उसी दौरान एक सफेद रंग की सफारी कार आकर रुकी। जिसमे से उतरे लोगों नें अपने को एसओजी का सदस्य बताया।

# उत्तर प्रदेश के ललितपुर में दो हजार एकड़ में बन रहा फार्मास्यूटिकल पार्क

**लखनऊ,** 7 अक्टूबर (देशबन्धु)। उत्तर प्रदेश को फार्मा एवं बायो टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में हब बनाने के लिए जुटी योगी सरकार पीलीभीत और ललितपुर में फार्मा पार्क विकसित कर रही है। इसका काम युद्धस्तर पर चल रहा है। वहीं यहां सैकड़ों उद्यमियों ने निवेश के लिए अपनी इच्छा जाहिर की है। यह जानकारी हाल ही में कुर्सी रोड के बायोटेक पार्क में एडवाइजरी कम मॉनिटरिंग कमेटी की बैठक में साझा की गई। बैठक में देश भर के बायोटेक और फार्मा क्षेत्र के विशेषज्ञ शामिल हुए थे। बैठक में नई फार्मा पालिसी-23 के तहत भारत सरकार को बायो टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने के लिए यूपी की महत्वपूर्ण भूमिका पर चर्चा की गई। बैठक में विशेषज्ञों को बताया गया कि योगी प्रदेश को मेडिकल के क्षेत्र में अग्रणी राज्य बनाने की दिशा में जोर शोर से काम कर रही है। इसके तहत योगी सरकार जेवर एयरपोर्ट के पास 350 एकड़ में चिकित्सा उपकरण क्षेत्र में अत्याधुनिक मेडिटेक पार्क विकसित कर रही है, जहां



100 से ज्यादा उद्योग स्थापित होंगे। इसी तरह बल्क ड्रग्स स्टार्टिंग मैटेरियल और एक्टिव फार्मास्यूटिकल के निर्माण के लिए ललितपुर में दो हजार एकड़ में अत्याधुनिक फार्मा पार्क को विकासित किया जा रहा है। इसके निर्माण से देश अन्य देशों से मंगाए जाने वाले उपकरणों के मामले में आत्मनिर्भर बनेगा। इससे भारत दूसरे देशों को भी उपकरण और दवाएं सप्लाई कर सकेगा। मालूम हो कि भारत को विश्व में दवाओं की कम लागत और उच्च गुणवत्ता वाले विश्व फार्मेसी के लिए जाना जाता है। यहां से करीब दो सौ देशों को दवा सप्लाई की जाती है। पीलीभीत में अत्याधुनिक बायोटेक पार्क बनाने की दिशा में योजना तैयार कर रही है। इसके निर्माण से देश फर्मेंटेशन पर आधारित वस्तुओं के आयात को कम कर सकेगा। वहीं बैठक में बायोटेक टेक्नोलॉजी इंस्टीट्यूट के विकास, स्किल डेवलपमेंट एवं इंक्यूबेशन के लिए बायोटेक पार्क में विंग स्थापित करने पर सहमति बनी।

■ **पीलीभीत में अत्याधुनिक बायोटेक पार्क बनाने की दिशा में योजना तैयार कर रही योगी सरकार**

### सौ बस स्टेशनों पर एलइडी डिस्पले पैनल की होगी स्थापना

**लखनऊ।** योगी सरकार की ओर से निर्भया योजना के अन्तर्गत बस स्टेशनों पर एलईडी डिस्प्ले पैनल लगाये जाने के सम्बन्ध में आवश्यक कार्रवाई का निर्देश परिवहन निगम के अधिकारियों को दिया गया है। परियोजना के अंतर्गत 100 बस स्टेशनों पर एलइडी डिस्पले पैनल्स एवं यात्री उद्घोषणा तंत्र की स्थापना की जानी है। इसमें से 85 बस स्टेशनों की सूची अंतिमकृत कर ली गई है। शेष बस स्टेशनों की सूची शीघ्र ही उपलब्ध कराई जाएगी। परिवहन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दयाशंकर सिंह ने बताया कि एनईसी कारपोरेशन संस्था के साथ निगम का अनुबन्ध हो चुका है। परियोजना के क्रियान्वयन के लिए 4 माह का समय निर्धारित किया गया है। परियोजना के सफल एवं समयबद्ध क्रियान्वयन के लिए संस्था को आवश्यक सहयोग उपलब्ध कराया जाएगा। परियोजना में लखनऊ तथा गाजियाबाद क्षेत्र की बसों में वीएलटी उपकरण एवं पैनिक बटन की स्थापना का कार्य प्रारम्भ हो चुका है तथा शीघ्र ही अन्य क्षेत्रों में यह कार्य प्रारम्भ होगा। प्रत्येक चिह्नित बस स्टेशन पर एलईडी डिस्प्ले पैनल के लिए उपयुक्त स्थान के चयन के लिए क्षेत्रीय स्तर पर त्रि-सदस्यीय समिति का गठन किया गया है। सम्बन्धित क्षेत्र के क्षेत्रीय प्रबन्धक अध्यक्ष, बस स्टेशन से सम्बन्धित डिपो के सहायक क्षेत्रीय प्रबन्धक संयोजक सदस्य एवं सेवा प्रदाता संस्था मै.एनईसी के प्रतिनिधि सदस्य के रूप में होंगे। समिति द्वारा स्थल के चयन में इस बात का ध्यान रखना होगा कि डिस्प्ले पैनल को ऐसे स्थल पर लगाया जाये, जहां से यात्रियों हेतु अच्छी विजिबिलिटी रहे, पावर सप्लाई एवं इन्टरनेट कनेक्टिविटी सुगमता से उपलब्ध हो सके।

# बीडीओ को जिला मुख्यालयों से नहीं किया जाएगा संबद्ध : केशव मौर्य

**लखनऊ,** 7 अक्टूबर (देशबन्धु)। उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने सम्बंधित अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि खण्ड विकास अधिकारियों को सामान्य परिस्थितियों में जिला मुख्यालयों से कदापि संबद्ध नहीं किया जाए। विकास खण्डों का प्रभार प्रत्येक दशा में प्रादेशिक विकास सेवा संवर्ग के अधिकारी को ही दिया जाए उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के निर्देशों के क्रम में इस सम्बन्ध में उत्तर प्रदेश शासन ग्राम्य विकास विभाग द्वारा शासनादेश भी जारी कर दिया गया है। जारी शासनादेश में सभी मण्डलायुक्तों, जिलाधिकारियों व मुख्य विकास अधिकारियों से अपेक्षा की गई है कि जनपदों में तैनात खण्ड विकास अधिकारियों को सामान्य परिस्थितियों में जिला मुख्यालयों से कदापि संबद्ध नहीं किया जाय तथा यदि विकास खण्डों में तैनात किसी या किन्ही खण्ड विकास अधिकारी के विरूद्ध कोई गंभीर शिकायत/वित्तीय एवं प्रशासकीय अनियमितता का प्रकरण प्रकाश में



■ **विकास खण्डों का प्रभार प्रत्येक दशा में प्रादेशिक विकास सेवा संवर्ग के अधिकारी को ही दिया जाए**

आता है, तो संबंधित खण्ड विकास अधिकारी के विरुद्ध सुसंगत नियमों के अन्तर्गत कार्यवाही किये जाने हेतु जिलाधिकारी द्वारा स्पष्ट संस्तुति/आरोप-पत्र सहित आख्या शासन को उपलब्ध कराई जाए। यदि कोई ऐसी प्रशासकीय परिस्थिति उत्पन्न हो जाए कि प्रादेशिक विकास सेवा संवर्ग के खण्ड विकास अधिकारी को जिला मुख्यालय से संबद्ध करना अपरिहार्यता हो, तो ऐसी किसी भी संबद्धता की अवधि तीन माह से अधिक होने पर तत्काल शासन को इसके बारे में सूचित किया जाए। विकास खण्डों का प्रभार प्रत्येक दशा में प्रादेशिक विकास सेवा संवर्ग के अधिकारी को ही दिया जाए। प्रशिक्षु अधिकारी को छोड़कर यदि प्रशासकीय आवश्यकता के दृष्टिगत अन्य सेवा संवर्ग के अधिकारी को विकास खण्ड का प्रभार दिया जाना अपरिहार्य हो, तो इस संबंध में शासन की पूर्व अनुमति आवश्यक होगी। यदि एक से अधिक विकास खण्ड का प्रभार किसी अधिकारी को देना है, तो यह सुनिश्चित किया जाए कि अतिरिक्त प्रभार का विकास खण्ड मूल तैनाती के विकास खण्ड के समीप हो। शासन के निर्देशों का हवाला देते हुए ग्राम्य विकास आयुक्त एस प्रियदर्शी ने बताया कि वर्तमान में खण्ड विकास अधिकारियों/संयुक्त खण्ड विकास अधिकारियों की इतनी पर्याप्त संख्या है कि किसी एक अधिकारी को तीन विकास खण्ड का प्रभार देने का औचित्य नहीं है।

**सार** संक्षेप

## मारपीट प्रकरण में व्यक्ति की अस्पताल में मौत

**मेरठ।** थाना मुंडाली क्षेत्र स्थित गांव मऊखास में पिकअप सड़क पर खड़ी कर समान उतार रहे विशेष समुदाय के पिता पुत्र के साथ गांव के ही रहने वाले दो युवकों ने मारपीट कर दी थी। इस दौरान पिता गंभीर रूप से घायल हो गया था। जिसे एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। जहां उपचार के दौरान शुक्रवार रात्रि उसकी मौत हो गई। जिसके बाद गांव में तनाव फैल गया। घटना के बारे में जानकारी मिलने पर गांव में भारी फोर्स की तैनाती कर दी गई है।

## सामाजिक वानिकी प्रभाग में कार्यशाला आयोजित

**मेरठ।** सामाजिक वानिकी प्रभाग द्वारा वन्य जीव सप्ताह के अंतर्गत आज चौधरी चरण सिंह यूनिवर्सिटी के सहयोग से विश्वविद्यालय के छात्र-छात्राओं में वन्यजीव संरक्षण के प्रति भावना जाग्रत करने के उद्देश्य से पक्षियों पर एक कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसमे विभिन्न विभागों के लगभग 70 विधार्थियों के साथ शिक्षकों तथा वन विभाग के कर्मचारियों ने हिस्सा लिया, कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रजत भार्गव, ओर्निथोलॉजिस्ट, सहायक निदेशक, बॉम्बे नेचुरल हिस्ट्री सोसाइटी, मुंबई रहे, जिन्होंने पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से हमारे इकोसिस्टम में पक्षियों के महत्त्व को बताया तथा मेरठ शहर में लगातार कम हो रही पक्षियों की संख्या के बारे में चर्चा की। कार्यक्रम में वाइल्ड लाइफ वार्डन सलोनी, उप प्रभागीय निदेशक अंशु चावला, जन्तु विभाग की विभागाध्यक्ष बिंदु शर्मा, नीलू जैन गुप्ता, एके चौबे आदि ने भी अपने-अपने अनुभव साझा किए।

## जीवों की सुरक्षा व संरक्षण पर सीसीएसयू में व्याख्यान

**मेरठ।** भारत के वनस्पतियों और जीवों की सुरक्षा और संरक्षण के उद्देश्य से 1 से 7 अक्टूबर के बीच पूरे भारत में वन्य जीव सप्ताह मनाया जाता है। चौधरी चरण सिंह विवि, मेरठ जन्तु विज्ञान विभाग ने इस संदर्भ में चिड़ियों की सुरक्षा एवं संरक्षण के उद्देश्य से आमंत्रित व्याख्यान 7 अक्टूबर को विभाग के सभागार में सुनिश्चित किया। चौधरी चरणसिंह विवि की कुलपति संगीता शुक्ला एवं जन्तु विज्ञान की विभागाध्यक्ष बिन्दु शर्मा की अध्यक्षता में एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई। जिसमें मुख्य अतिथि रजत भार्गव, ऑरनिथोलॉजिस्ट, बॉम्बे नेचुरल हिस्ट्री सोसाइटी, मुम्बई ने अपने विचार प्रस्तुत किए।

## डीआईओएस द्वितीय ने प्रशासक पद का कार्यभार संभाला

**मवाना।** आदर्श कन्या इंटर कालेज भैंसा में प्रबंध समिति व शिक्षा विभाग के बीच चल रहे विवाद पर पूर्ण विराम लग गया है। शनिवार को एसडीएम के साथ पहुंचे जिला विद्यालय निरीक्षक मेरठ द्वितीय सर्वेश कुमार ने भैंसा कालेज का प्रशासक पद का कार्यभार ग्रहण कर लिया है, प्रधानाचार्या पद पर पूनम रानी ने कार्य करना शुरू कर दिया है। उधर कक्षा नौ 11 वीं की छात्राओं के पंजीकरण का कार्य तेजी से कराया जा रहा है। माध्यमिक शिक्षा के विशेष सचिव आलोक कुमार ने छह अक्टूबर को आदेश जारी कर जिला विद्यालय निरीक्षक मेरठ द्वितीय सर्वेश कुमार को प्राधिकृत नियंत्रक पदेन नियुक्त किया था।

## तक्षशिला पब्लिक स्कूल ने जीता इंटर स्कूल वॉलीबॉल टूर्नामेंट

**मेरठ,** 7 अक्टूबर (देशबन्धु)। कंकरखेड़ा स्थित तक्षशिला पब्लिक स्कूल में दो दिवसीय सातवें हरनारायण मैमोरियल इंटर स्कूल वॉलीबॉल टूर्नामेंट का समापन किया गया। यह टूर्नामेंट स्कूल के चेयरमैन डा.ओमपाल सिंह के दादाजी स्व. हरनारायण सिंह की स्मृति में आयोजित किया जाता है। टूर्नामेंट में मेरठ के सी.बी.एस.ई से एफीलिएटिड एक दर्जन से अधिक स्कूलों ने हिस्सा लिया। बालिका वर्ग में तक्षशिला पब्लिक स्कूल की टीम विजेता रही तथा द ऐवन्यू पब्लिक स्कूल मेरठ की टीम उपविजेता रही। बालक वर्ग में विजेता सैंट फ्रांसिस स्कूल की टीम तथा उपविजेता तक्षशिला पब्लिक स्कूल की टीम रही। तक्षशिला पब्लिक स्कूल व अन्य स्कूल से आए बच्चों ने दो दिवसीय टूर्नामेंट का भरपूर आनन्द उठाया व अपनी-अपनी टीमों का भरपूर उत्साहवर्धन किया। स्कूल के चेयरमैन डा.ओमपाल सिंह ने सभी स्कूलों से आयी टीमों के खिलाड़ियों व अध्यापकों तथा मैनेजमेंट का धन्यवाद दिया तथा सभी खिलाड़ियों को जीवन में निरंतर प्रयास करने की प्रेरणा दी। स्कूल के प्रधानाचार्य डा. प्रवीन कुमार पथरा ने स्कूल के मैनेजमेंट, विद्यार्थीयों, शिक्षकों तथा अन्य स्कूल से आए सभी विद्यार्थीयों, शिक्षकों एवं रेफरियों का धन्यवाद किया तथा बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए भविष्य में भी इसी तरह के आयोजन जारी रखने का विश्वास दिलाया।



# व्यक्तित्व को निखारने में सकारात्मक सोच करती है सहायता : डा.विक्रांत

**मेरठ,** 7 अक्टूबर (देशबन्धु)। मोदीपुरम स्थित विनायक विद्यापीठ के ट्रेनिंग एंड प्लेसमैंट विभाग द्वारा छात्र-छात्राओं के लिए एक सेमिनार का आयोजन किया गया।

सेमिनार का विषय व्यक्तित्व विकास रहा,जिसमें मुख्य वक्ता करियर लॉन्चर के निदेशक डॉ.विक्रांत जावला रहे, जिनका स्वागत संस्थान की प्राचार्या डॉ.अनुप्रिता शर्मा, निदेशक इंजि. विकास कुमार, डीन एकता सिंधु, ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट ऑफिसर प्रवीन शर्मा द्वारा बुके देकर किया। डॉ. विक्रांत ज्वाला ने छात्र-छात्राओं को व्यक्तित्व विकास के बारे में बताते हुए कहा कि हर व्यक्ति को किसी न किसी चीज से डर जरूर लगता है, लेकिन क्या आप जानते हैं कि आपको जिस चीज से डर लगता है, उस आधार पर आपके व्यक्तित्व के



■ **विनायक विद्यापीठ में सेमिनार का हुआ आयोजन**
■ **व्यक्तित्व विकास रहा कार्यक्रम का विषय**
■ **आपकी बॉडी लैंग्वेज है व्यक्तित्व की शान : डॉ.अनुपिता शर्मा**

राज पता चलते है उन्होंने कहा अगर आप अपनी सोच को सकारात्मक रखोगे तो लोग आपसे जरूर प्रभावित होंगे उन्होंने कहा कि मुसीबत के समय में भी सकारात्मक सोच आपके व्यक्तित्व को निखारने में मदद कर सकती है, इसके साथ ही उन्होंने छात्रों को बॉडी लैंग्वेज, बात-चीत करने का तरीका, बैठने का तरीका, चलने का तरीका, कक्षा में किस प्रकार से बैठना होता है इत्यादि के बारे में बताया। संस्थान के प्राचार्या डॉ. अनुप्रिता शर्मा ने छात्र-छात्राओं संबोधित करते हुए कहा कि आज के समय में व्यक्तित्व पर बहुत कुछ निर्भर करता है यदि आपका व्यक्तित्व व्यक्तित्व सही होगा तो लोग आपको इज्जत देंगे आपकी बॉडी लैंग्वेज ही आपकी शान है, उन्होंने छात्र-छात्राओं को डॉक्टर विक्रंत जावला के द्वारा बताए गए टिप्स को अपने जीवन में अमल करने के लिए प्रेरित किया, वही संस्थान के निदेशक इंजि. विकास कुमार ने इस सेमिनार के लिए डॉ. विक्रांत जावला एवं उनकी टीम का धन्यवाद किया।




## जीटीबी में मनाया गया वर्ल्ड वाइल्ड लाइफ सप्ताह

**मेरठ,** 7 अक्टूबर (देशबन्धु)। कैंट स्थित गुरु तेग बहादुर पब्लिक स्कूल में शनिवार को वर्ल्ड वाइल्ड लाइफ सप्ताह मनाया गया। जिसमें कक्षा 1 से 7 तक के बच्चों ने प्रतिभाग किया। सभी बच्चों ने विभिन्न प्रकार के जानवरों की पोशाक पहन कर अपनी कला का प्रदर्शन किया। सभी ने मिलकर जंगल को न काटो तथा हम सभी जानवरों को चौन से रहने दो जैसी प्रार्थना मानव जाति से की। सभी बच्चों का प्रदर्शन मन को मोहने वाला था। कार्यक्रम के अंत में प्रधानाचार्य डॉ.कर्मेंद्र सिंह ने सभी बच्चों के कार्य की प्रशंसा की तथा जीवन में ऐसे ही आगे बढ़ते रहने के लिए शुभकामनाएं दीं।

# पीडब्ल्यूडी की सड़कों पर अवैध कब्जेदारों से चलना मुश्किल

■ **स्वामीनाथ शुक्ल**

**अमेठी,** 7 अक्टूबर (देशबन्धु)। लोकनिर्माण विभाग की आबादी और बाजार से जुड़ी सड़कों पर अवैध कब्जे से पटरी गायब हो गई है। जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में तीन मीटर की पक्की सड़कें एक मीटर में पगडंडी के बराबर हो गई है। सड़कें छोटी और यातायात ज्यादा होने से सबसे ज्यादा खतरा साइकिल से स्कूल जाने वाले छोटे-छोटे बच्चों को पैदा हो गया है। जबकि सड़कों की निगरानी के लिए बलराम सिंह अमीन की तैनाती की गई है। लेकिन अमीन फील्ड में डियुटी के नाम पर घर बैठकर पगार लेते हैं। लोकनिर्माण विभाग की सड़कों पर जगह-जगह अवैध अतिक्रमण हो गए हैं। विभाग करोड़ों रुपए खर्च करके सड़कों का निर्माण करता है। लेकिन सड़क सुरक्षा के नाम पर कुछ भी नहीं है। सड़कों पर अवैध कब्जे के संबंध में लोकनिर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता शैलेंद्र कुमार ने बताया कि सड़कों पर अवैध कब्जे की शिकायतें रोजाना आती है।

■ **जिम्मेदार अफसर मौन**

लेकिन अमीन बलराम सिंह कभी आता नहीं है। बलराम सिंह सुल्तानपुर जनपद का अमीन है। अतिरिक्त चार्ज अमेठी का है। अमेठी में अमीन का पद बहुत लंबे समय से खाली पड़ा है। जिससे अवैध कब्जेदारों के खिलाफ कार्रवाई नहीं हो पाती है। लिखा पढ़ी बंद होने से सरकारी भय नहीं है। बलराम सिंह अमीन ने फोन पर बताया कि उनकी डियुटी सुल्तानपुर चीफ के अधीन है।

चीफ के आदेश पर ही कही जाते हैं। अमेठी जनपद में लोकनिर्माण विभाग की करीब छह सौ सड़कें है। लेकिन सड़कों की निगरानी के लिए अमीन नहीं है। कहने के लिए कागज पर अमीन है। एक अवर अभियंता ने बताया कि सड़कों पर अवैध कब्जे, अवैध अतिक्रमण को हटवाने और नोटिस जारी करने तथा मुकदमा पंजीकृत कराने के लिए अमीन की तैनाती की गई है।



## अधिकारी प्राप्त शिकायतों का प्राथमिकता पर करें निस्तारण : डीएम

**मेरठ,** 7 अक्टूबर (देशबन्धु)। तहसील सदर में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी दीपक मीणा ने प्राप्त शिकायतों का समय सीमा अंतर्गत गुणवत्तापरक निस्तारण करने के निर्देश अधिकारियों को दिए।

सम्पूर्ण समाधान दिवस पर 130 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिसमें से 10 का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया तथा शेष के समय सीमा के अन्तर्गत निस्तारण के आदेश सम्बंधित अधिकारियों को दिये गये। उन्होने कहा कि आमजन की शिकायतों का निस्तारण मुख्यमंत्री प्राथमिकताओं में है।

# विश्वविद्यालय के संसाधनों का उपयोग करें विद्यार्थी : संगीता शुक्ला

**मेरठ,** 7 अक्टूबर (देशबन्धु)। विश्वविद्यालय में संसाधनों की कमी नहीं है। परिसर के विभिन्न विभागों में जो संसाधन है विद्यार्थी उसका उपयोग करें। विश्वविद्यालय में हो रहे शोध की जानकारी कर अपने ज्ञान में वृद्धि करें। ज्ञान में वृद्धि कर आप अपने लक्ष्य को हासिल कर सकते हैं। अपने मन की जिज्ञासा को कभी समाप्त नहीं करना चाहिए। जो भी चीज समझ नहीं आ रही है उसको शिक्षक से बार-बार पूछे। यह बात चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय यूजी सेल में आयोजित ओरिएंटेशन प्रोग्राम में कुलपति प्रोफेसर संगीता शुक्ला ने कहीं। कुलपति प्रोफेसर संगीता शुक्ला ने कहां की विश्वविद्यालय के हर विभाग में लाइब्रेरी है इसके अलावा सेंट्रल लाइब्रेरी में भी हर विषय से संबंधित लाखों पुस्तकें हैं।



उसका उपयोग आप लोगों को करना चाहिए अपने विषय से संबंधित विभाग में जाकर हो रहे छोड़ो की जानकारी करनी चाहिए।

इस अवसर पर छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रोफेसर भूपेंद्र सिंह ने विश्वविद्यालय में चल रही विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी यू जी सेल के समन्वयक प्रोफेसर अनिल मलिक ने कहा कि सभी छात्रों को नियमित रूप से अपनी क्लास करनी चाहिए विषय से संबंधित यदि कोई बात समझ नहीं आ रही है तो उसे विषय के शिक्षक से पूछनी चाहिए जिससे आपकी समस्या का समाधान हो सके।

■ **शोधों की जानकारी कर बढ़ाएं अपना ज्ञान**
■ **यूजी सेल में ओरेंटेशन प्रोग्राम का आयोजन**

**आयोजन** *न्यूटिमा हॉस्पिटल में लगेगा नि:शुल्क जांच शिविर*

# ब्रेस्ट कैंसर के बारे में किया जाएगा जागरूक : डा.सुधी काम्बोज

**मेरठ,** 7 अक्टूबर (देशबन्धु)। शनिवार को गढ़ रोड स्थित न्यूटिमा हॉस्पिटल में पत्रकार वार्ता का आयोजन किया गया। जिसमें ब्रेस्ट एण्ड एंडोक्रीन सर्जरी डिपार्टमेंट की हेड डा. सुधी काम्बोज ने बताया कि रविवार यानि आज अस्पताल परिसर में ब्रेस्ट कैंसर स्क्रीनिंग तथा बेस्ट कैंसर जागरूकता व् नि:शुल्क जाँच शिविर लगाया जाएगा। इस कैम्प का उद्देश्य महिलाओ को विस्तार से बैस्ट कैंसर के बारे में जानकारी देना रहेगा। शिविर में आने वाली महिलाओं की नि:शुल्क जांच की जाएगी।

वहीं अधिक-अधिक से अधिक लोगों को ब्रेस्ट कैंसर के बारे में जागरूक भी किया जाएगा। पत्रकार वार्ता में डा. संदीप गर्ग, डा. रोहित काम्बोज, डा. मीना बेम्बी, कैप्टन राजीव रस्तौगी, मीडिया प्रभारी सुजीत दास आदि मुख्य रूप से उपस्थित रहे। डा. सुधी काम्बोज ने बताया कि इस कैम्प में महिलाओ को विस्तार से ब्रेस्ट कैंसर के बारे में अवगत कराया जायेगा तथा ब्रेस्ट कैंसर के बारे में जागरूक किया जाएगा तथा उनका नि:शुल्क परिक्षण व सलाह दी जायेगी। इस कार्यक्रम के माध्यम से जिन मरीजों को ब्रेस्ट कैंसर है तथा जो अपनी



■ **महिलाओं की होगी नि:शुल्क स्क्रीनिंग, परामर्श**
■ **बीमारी से लड़ रहे मरीजों को किया जाएगा सम्मानित**
■ **मीरजों की मदद करने वाली टीम को मिलेगा ब्रेस्ट कैंसर सेवियर अवॉर्ड**

बीमारी से लड़ रहे है, उनको ब्रेस्ट कैंसर सुपर हीरोज का दर्जा देते हुए सम्मानित भी किया जाएगा। वहीं सभी स्टाफ, जिन्होंने बड़ी लगन, मेहनत और समर्पण के साथ ब्रेस्ट कैंसर सुपर हीरोज को उनकी बीमारी से लड़ने के दौरान मदद की है उनको ब्रेस्ट कैंसर सेवियर का दर्जा जाएगा व सम्मानित किया जाएगा। इस कैम्प में नामांकित महिलाओ को मेमोग्राफी तथा किसी भी तरह की सर्जरी प्रोसीजर पर आकर्षक डिस्काउंट दिए जाएंगे। आज के दौर में महिलाएं मां बनने के बाद ब्रेस्ट फीडिंग करने से परहेज करती हैं। जिससे ब्रेस्ट में गांठ या टिशू बनने लगते हैं। इसीलिए ब्रेस्ट कैंसर होने की संभावना 30 से 50 वर्ष की उम्र में अधिक होती है। इससे बचने के लिए बच्चे को सही मात्रा में ब्रेस्ट फीडिंग कराएं और समय-समय पर अपनी स्क्रीनिंग कराती रहें। जिससे कैंसर के लक्षणों को समय रहते पहचाना जा सके और सही समय पर इलाज संभव हो सके। हालांकि ये बीमारी कम उम्र में भी हो सकती हैं। उन्होंने बताया कि अब तक सबसे कम उम्र 16 वर्ष की युवती में भी ब्रेस्ट कैंसर का कैस देख चुकी हैं।

वहीं महिलाओं की बढ़ती उम्र यानि 50 वर्ष से अधिक उम्र में भी इसका खतरा कम नहीं होता। इन्हीं मुद्दों को लेकर यह स्क्रीनिंग कैम्प लगाया जा रहा है। जिससे अधिक से अधिक महिलाओं को ब्रेस्ट के कैंसर के बारे में जानकारी हो और उससे बचाव के उपायों को साझा किया जा सके।

## स्वर्ण पदक लेकर लौटी बेटियों का किया स्वागत

**मेरठ,** 7 अक्टूबर (देशबन्धु)। चीन में चल रहे एशियाई खेल में देश को गोल्ड मेडल दिलाने वाली मेरठ की बेटी अन्ना, पारूल व किरण बालियान का मेरठ में पहुंचने पर शानदार तरीके से स्वागत किया गया।

मेरठ के बेटी पारुल चौधरी ने जैसे ही मेरठ की धरती पर कदम रखा बेटी ने अपने दोनो सिल्वर व गोल्ड पदक अपने गले से उतार कर अपने पिता के गले में डाल दिये। यह दृश्य सभी भावुक हो उठे।

पारूल ने कहा दोनों पदक पिता कृष्ण पाल को समर्पित है जिस तरह पिता ने उसकी सेवा करने के साथ उसकी परवरिश की है। यह उसी का नतीजा है कि आज देश को दो मेडल उन्होंने दिलाए है।

### संजय दत्त के साथ फिल्म जन्मस्थान में काम करेंगे सनी देओल

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता सनी देओल फिल्म जन्मस्थान में संजय दत्त के साथ काम करते नजर आएंगे। सनी देओल 'लाहौर 1947' पर काम शुरू करने से पहले फिल्म 'जन्मभूमि' की शूटिंग करेंगे। इस फिल्म में सनी के साथ संजय दत्त भी नजर आएंगे। इस फिल्म में सनी देओल और संजय दत्त 30 साल बाद साथ नजर आएंगे। दोनों इससे पहले क्रोध , योद्धा और क्षत्रिय जैसी फिल्मों में साथ काम कर चुके हैं। दोनों ने साथ में आखिरी बार वर्ष 1993 में प्रदर्शित फिल्म क्षत्रिय में काम किया था। फिल्म 'जन्मस्थान' कोर्ट-रूम ड्रामा है। इसका बैकड्राप राम जन्मभूमि मामले से जुड़ा हुआ है। सनी इसमें वकील के रोल में नजर आएंगे। फिल्म 'जन्मभूमि' के निर्देशक मनोज नौटियाल ने 'सनी फिल्म में वकील के रोल में हैं।

## जया बच्चन से 'डरते' हैं अमिताभ बच्चन

**नई दिल्ली,** 7 अक्टूबर (एजेंसियां)। 'कौन बनेगा करोड़पति' में दिग्गज बॉलीवुड मेगास्टार अमिताभ बच्चन ने बताया कि कैसे उनकी पत्नी और एक्ट्रेस जया बच्चन उनके प्रति सख्त हैं। क्विज-बेस्ड रियलिटी शो के 15वें सीजन के 40वें एपिसोड में, होस्ट बिग बी ने छत्तीसगढ़ के सिमगा से जया पटेल का हॉट सीट पर स्वागत किया। कंटेस्टेंट से बात करते हुए, अमिताभ ने कहा कि आप एक शिक्षक हैं। आप क्या सख्त है या उदार?



कंटेस्टेंट ने जवाब दिया, 'सर, मैं पढ़ाते समय सख्त हूं। लेकिन मेरे दो नाम हैं। मैं जूही और जया हूं, इसलिए, जब मैं जया हूं, मैं सख्त हूं। और जब मैं जूही हूं तो मैं सामान्य हूं। सर, मेरा भी एक सवाल था।'

अभिनेता ने कहा कि मुझे पता है कि आप क्या पूछने जा रहे हैं।

कंटेस्टेंट ने हंसते हुए जया बच्चन का जिक्र करते हुए पूछा, सर, जया नाम के साथ आपका अनुभव कैसा रहा?

इस पर, 'शोले' अभिनेता ने कहा कि ठीक है, मेरा अनुभव... यह जय-जू है। वह सख्त भी है और उदार भी। 80 वर्षीय अभिनेता ने कहा कि मुझे घर भी जाना है। मैं पिटना नहीं चाहता। इसलिए, जब वह सख्त हो तो बेहतर होगा कि आप अंदर ही रहें। अपने कमरे में बंद रहें या कुछ देर के लिए बाहर चले जाएं। जब वह उदार होती है तो बहुत अच्छा होता है। वह अपने बच्चों और बाकी सभी लोगों के प्रति इसी तरह का व्यवहार रखती है। उन्होंने आगे कहा कि वह मेरे प्रति काफी सख्त हैं। आपने मुझसे यह क्यों पूछा? जब मैं उनके साथ यह शो देखूंगा तो वह मुझे डांटेंगी। अमिताभ ने कहा कि इससे मुझे डर लगता है इसलिए मैं अपनी निजी जिंदगी के बारे में ज्यादा बात नहीं करता।

### वैक्सीन को लेकर शोधकर्ताओं का दावा

# रूटीन वैक्सीन से मिलने वाली इम्युनिटी कैंसर से लड़ने में सक्षम

**न्यूयॉर्क,** 7 अक्टूबर (एजेंसियां)। शोधकर्ताओं ने दावा किया है कि बचपन की वैक्सीन से एक प्रोटीन एंटीजन को खतरनाक ट्यूमर की कोशिकाओं में पहुंचाया जा सकता है ताकि शरीर के इम्यून सिस्टम को कैंसर के खिलाफ प्रभावी ढंग से रोका जा सके। बैक्टीरिया-बेस्ड इंट्रासेल्युलर डिलीवरी (आईडी) सिस्टम साल्मोनेला के नॉन-टॉक्सिक फॉर्म का इस्तेमाल करती है, जो सॉलिड ट्यूमर कैंसर सेल के अंदर होने के बाद इस मामले में एक वैक्सीन एंटीजन नामक दवा जारी करता है।



फ्रंटियर्स इन इम्यूनोलॉजी जर्नल में प्रकाशित एक पेपर में मैसाचुसेट्स-एमहर्स्ट विश्वविद्यालय में केमिकल इंजीनियरिंग के प्रोफेसर नील फोर्ब्स ने कहा कि ऑफ-द-शेल्फ इम्यूनोथेरेपी के रूप में यह बैक्टीरियल सिस्टम कैंसर मरीजों की एक विस्तृत रेंज में प्रभावी होने की क्षमता रखती है। यह रिसर्च लीवर, मेटास्टैटिक ब्रेस्ट और अग्न्याशय के ट्यूमर सहित इलाज में मुश्किल कैंसर से निपटने का वादा करता है। टीम ने एक पेटेंट के लिए आवेदन किया है और कुछ सालों के भीतर क्लीनिकल ट्रायल शुरू करने के प्रयास में एफडीए की मंजूरी लेने की योजना बनाई है।

फोर्ब्स ने बताया कि हर किसी को कई चीजों का टीका लगाया जाता है और यदि आप वह टीकाकरण ले सकते हैं और इसे कैंसर की ओर लक्षित कर सकते हैं तो आप इसका उपयोग कैंसर को खत्म करने के लिए कर सकते हैं।

- वैक्सीन से एक प्रोटीन एंटीजन को ट्यूमर की पहुंचाया जा सकता है कोशिकाओं में
- थेरेपी ने 43 प्रतिशत स्थापित अग्नाशयी ट्यूमर को किया साफ

उनकी थ्योरी का टेस्ट करने के लिए कि इम्यून ट्रीटमेंट काम कर सकता है, फोर्ब्स और टीम ने आनुवंशिक रूप से आईडी साल्मोनेला को चूहों के अग्नाशयी ट्यूमर सेल्स में ओवलब्यूमिन (चिकन अंडे प्रोटीन) पहुंचाने के लिए इंजीनियर किया, जिन्हें ओवलब्यूमिन 'वैक्सीन' से प्रतिरक्षित किया गया था।

शोधकर्ताओं ने दिखाया कि ओवलब्यूमिन कल्चर और ट्यूमर दोनों में सेल्स के साइटोप्लाज्म में फैल जाता है। ओवलब्यूमिन ने तब साइटोप्लाज्म में एक एंटीजन-स्पेसिफिक टी-सेल प्रतिक्रिया शुरू की जिसने कैंसर सेल्स पर हमला किया। पेपर में कहा गया है कि थेरेपी ने 43 प्रतिशत स्थापित अग्नाशयी ट्यूमर को साफ कर दिया, जीवित रहने में वृद्धि की और ट्यूमर के रिइंप्लांटेशन को रोका।

फोर्ब्स ने कहा कि हमने अग्न्याशय चूहों के सात मॉडलों में से तीन का पूर्ण इलाज कर लिया है। हम वास्तव में इसके बारे में उत्साहित हैं, इससे नाटकीय रूप से जीवित रहने में वृद्धि हुई है। इसके बाद टीम ने प्रतिरक्षित चूहों में अग्नाशय के ट्यूमर को फिर से पेश करने का प्रयास किया। परिणाम बेहद सकारात्मक थे।

फोर्ब्स ने कहा कि कोई भी ट्यूमर नहीं बढ़ा, जिसका मतलब है कि चूहों ने न केवल ओवलब्यूमिन बल्कि कैंसर के प्रति भी इम्युनिटी विकसित कर ली है।

## केएस अंतरराष्ट्रीय रोबोटिक सर्जरी पुरस्कार की दौड़ में शीर्ष 10 में से 3 भारतीय शामिल

**बेंगलुरु,** 7 अक्टूबर (एजेंसियां)। रोबोटिक सर्जरी के लिए केएस इंटरनेशनल इनोवेशन अवार्ड्स 2023 की दौड़ में शीर्ष दस में तीन भारतीय रोबोटिक सर्जन शामिल हैं। शीर्ष 10 की सूची 14 देशों के सर्जनों की 140 से अधिक प्रविष्टियों से आई। इन्होंने मूत्रविज्ञान, स्त्री रोग, गैस्ट्रो-आंत्र, अंग प्रत्यारोपण और सिर और गर्दन की विशिष्टताओं में प्रक्रियाओं में शीर्ष स्थान के लिए प्रतिस्पर्धा की। शीर्ष दस में शामिल भारत से तीन सर्जनों में डॉ. सोमशेखर एसपी, एस्टर हॉस्पिटल्स, बेंगलुरु; डॉ. संदीप नायक, फोर्टिस कैंसर इंस्टीट्यूट, बेंगलुरु और डॉ. आदित्य कुलकर्णी, रूबी हॉल क्लिनिक, पुणे शामिल हैं।

- रोबोटिक सर्जरी के लिए केएस इंटरनेशनल इनोवेशन अवार्ड्स 2023



आर्थोपेडिक सर्जन डॉ. सुहास मासिलामणि, सनशाइन बोन एंड ज्वाइंट इंस्टीट्यूट और केआईएमएस-सनशाइन हॉस्पिटल, हैदराबाद ने रोबोट की सहायता से घुटने के प्रत्यारोपण पर लोगों की पसंद का पुरस्कार जीता।

अमेरिका स्थित वट्टीकुटी फाउंडेशन ने 6-8 अक्टूबर तक बेल्जियम में अपनी वार्षिक रोबोटिक सर्जरी संगोष्ठी की मेजबानी के लिए बेल्जियम स्थित ओरसी अकादमी के साथ साझेदारी की।

स्टैनफोर्ड विश्वविद्यालय के विशेषज्ञ डॉ. शेरी एम ब्रेन और जॉन्स हॉपकिन्स विश्वविद्यालय के डॉ. अहमद गाजी के साथ वार्षिक संगोष्ठी की शुरुआत हुई, इसमें एशिया, यूरोप और अमेरिका के सर्जनों से सर्जिकल नवाचार में नए दृष्टिकोण अपनाने और सिमुलेशन का उपयोग करने का आग्रह किया गया।

ब्रूसेल्स के उत्तर-पश्चिम में एक बंदरगाह शहर गेन्ट के ओर्सी परिसर में वट्टीकुटी फाउंडेशन के संस्थापक राज वट्टीकुटी ने कहा कि रोबोटिक सर्जन प्रौद्योगिकी पर ध्यान केंद्रित कर, वट्टीकुटी फाउंडेशन ने मरीजों के स्वास्थ्य को पुनर्जीवित करने में नवीन प्रौद्योगिकी की परिवर्तनकारी शक्ति को साबित कर दिया है।

वार्षिक प्रतियोगिता कृष्णास्वामी सुब्रमण्यम की स्मृति में आयोजित की जाती है जिन्हें 'केएस' के नाम से याद किया जाता है। भारत में रोबोटिक सर्जरी की स्थापना और प्रगति में उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए उन्हें जाना जाता है।

वट्टीकुटी फाउंडेशन के सीईओ डॉ. महेंद्र भंडारी ने कहा कि इनोवेशन पुरस्कार कार्यक्रम नई सर्जिकल प्रतिभा को खोजने और पहचानने, निर्देशात्मक रोबोटिक सर्जरी वीडियो के माध्यम से अत्याधुनिक प्रक्रियाओं को उजागर करने और रोगी परिणामों में सुधार करने के लिए सर्जनों की बढ़ती पीढ़ी को लाभ पहुंचाने का प्रयास करता है।

## अपकमिंग वेब शो 'रिवोल्यूशन - पढ़ाई की लड़ाई' उपदेशात्मक न होकर शिक्षाप्रद है : मिमोह चक्रवर्ती

**मुंबई,** 7 अक्टूबर (एजेंसियां)। अभिनेता महाअक्षय चक्रवर्ती, जिन्हें पेशेवर रूप से मिमोह चक्रवर्ती के नाम से जाना जाता है, जल्द ही वेब प्रोजेक्ट 'रिवोल्यूशन- पढ़ाई की लड़ाई' में दिखाई देंगे। एक्टर ने कहा कि यह शो उपदेशात्मक न होकर शैक्षिक है। शो एडटेक इंडस्ट्री में शिक्षकों के विभिन्न घोटालों और कुप्रथाओं के दिलचस्प और शिक्षाप्रद विषय पर आधारित है। इस बारे में बात करते हुए, अभिनेता ने कहा कि युवा हमारे देश का भविष्य हैं। कुछ लोगों के स्वार्थी कारणों से, जो केवल मुनाफाखोरी के बारे में सोचते हैं, उनके भविष्य के साथ खिलवाड़ किया जा सकता है। हर चीज जो फैंसी और आकर्षक होती है वह हमेशा अच्छी नहीं होती और इसका एक स्याह पक्ष भी हो सकता है, जिसके लिए जागरूकता की जरूरत है। मैं व्यक्तिगत रूप से महसूस करता हूं कि इसका हिस्सा बनना एक शानदार अनुभव है। भारतीय दर्शकों के लिए यह विषय न केवल नया है, बल्कि उपदेशात्मक न होकर अच्छे ढंग से शिक्षाप्रद भी है। उन्होंने आगे उल्लेख किया कि एक अभिनेता होने के अलावा मैं इस देश का एक जिम्मेदार नागरिक भी हूं और इसलिए, एक अभिनेता के रूप में एक ऐसे प्रोजेक्ट का हिस्सा बनना शानदार है जो युवाओं को सही मार्गदर्शन देगा। कुछ ऐसा जो इस देश के भविष्य के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। यह उन प्रोजेक्ट्स में से एक है, जहां आप सिर्फ इसलिए खुश नहीं होते हैं क्योंकि आपने अच्छा प्रदर्शन किया है, बल्कि आपको एक अच्छे काम में योगदान देने पर भी खुशी महसूस होती है।



## 'जवान' के शुरू होते ही शाहरुख खान के फैंस ने फोड़े पटाखे, मची अफरा-तफरी

**नासिक,** 7 अक्टूबर (एजेंसियां)। शाहरुख खान के क्रेजी फैंस ने शुक्रवार की रात मालेगांव के कमलदीप थिएटर में लेटेस्ट ब्लॉकबस्टर रिलीज 'जवान' के शुरू होने के तुरंत बाद पटाखे, सुतली-बम फोड़े और कई रॉकेट भी दागे, जिससे कई दर्शक डर गए।

जैसे ही अंदर आतिशबाजी शुरु हुई, थिएटर मैनेजर ने शो रोक दिया और लाइटें चालू कर दी। कई फैंस सिल्वर स्क्रीन पर शाहरुख की हरकतों पर खुशी से नाचते, ताली बजाते और झूमते देखे गए, जिसके अन्य दर्शकों को परेशानियों का सामना करना पड़ा। दर्शकों में से कई लोगों के बीच लड़ाई-झगड़े व हाथापाई शुरू हो गई। कई दर्शक धुएं और दुर्गंध से भरे सिनेमा हॉल से बाहर निकल गए।

सूचना मिलने पर स्थानीय पुलिस सिनेमाघर पहुंची और कुछ को हिरासत में लिया। पुलिस ने उन्हें चेतावनी भी दी कि बंद जगहों पर इस तरह से पटाखे फोड़ना गैरकानूनी है। 20 मिनट के ब्रेक के बाद फिल्म शो दोबारा शुरू हुआ।

7 सितम्बर को दुनिया भर में रिलीज होने के बाद से, शाहरुख की लेटेस्ट फिल्म 'जवान' ने 700 करोड़ रुपए से ज्यादा की कमाई के साथ बॉक्स ऑफिस के पिछले सभी रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं।

## मीडिया एलेवन ने 8 विकेट से जीत हासिल की

### आज कादीपुर क्रिकेट ग्राउंड मे भोरगढ़ नरेला और बवाना के बीच फाइनल खेला जाएगा

**नई दिल्ली,** 7 अक्टूबर (एजेंसियां)। 7 अक्टूबर को नेशन फस्ट फाउंडेशन के बैनर तले आयोजित चौधरी न्यादर सिंह मेमोरियल ग्रामीण खेलकूद प्रतियोगिता के तहत पीएसआर क्रिकेट ग्राउंड नंगलीपूना में क्रिकेट का पहला दोस्ताना मैच मीडिया एलेवन बनाम मेनेजमेंट एलेवन के बीच खेला गया जिसमें मेनेजमेंट ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर मे 6 विकेट के नुकसान पर 177 रन बनाए जिसके जबाब में मीडिया एलेवन ने मैन ऑफ़ द मैच अक्षय शर्मा के शानदार आलराउंडर प्रदर्शन 66 रन और 1 विकेट की बदौलत 17.3 ओवर मे 2 विकेट खोकर 179 रन बनाकर 8 विकेट से जीत हासिल किया।

दूसरा सेमी फाइनल मैच राजे राम स्पोट्स क्लब यादव नगर बनाम बवाना के बीच खेला गया जिसमें मैन ऑफ द मैच प्रियांक सेहरावत के शानदार 90 रनो की बदौलत बवाना ने 6 विकेट से जीतकर फाइनल मे प्रवेश किया!

दूसरा मैच कादीपुर क्रिकेट ग्राउंड में एसएन एलेवन स्वरूप नगर बनाम भोरगढ़ नरेला के बीच खेला गया जिसमें मैन ऑफ द मैच अक्षय सैनी के 90 रनों की बदौलत भोरगढ नरेला ने 6 विकेट से जीतकर फाइनल मे प्रवेश किया। रविवार को कादीपुर क्रिकेट ग्राउंड मे भोरगढ़ नरेला और बवाना के बीच फाइनल खेला जायेगा।



कबड्डी के मैच में हुए खेलों मे नरेला अ, नरेला ब, दादा मालदेव पालम एवं कैर कि टीमो ने सेमीफाइनल मे जगह बनाई!

नेशन फस्ट फाउंडेशन के संस्थापक देवेंद्र यादव ने सभी विजयी टीम के  खिलाड़ियों का हौसला अफजाई की और कहा कि चौ. न्यादर सिंह यादव ग्रामीण खेलकूद प्रतियोगिता मे खेलने वाले लगभग सभी खिलाड़ी ग्रामीण पृष्ठभूमि से हैं जिन्होंने अभी तक के खेल में अपना-अपना बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए सेमी फाइनल मे जगह बनाई है।

## भीलवाडा में बनेगा विश्व की सबसे बडी रोटी बनाने का रिकार्ड

**भीलवाडा,** 7 अक्टूबर (एजेंसियां)। राजस्थान के भीलवाडा में हरिसेवा उदासीन सनातन आश्रम के महामंडलेश्वर स्वामी हंसराम महाराज के सानिध्य में रविवार को विश्व की सबसे बड़ी रोटी बनाने का इतिहास रचा जाएगा।

राजस्थानी जनमंच के अध्यक्ष कैलाश सोनी ने बताया कि रोटी का वजन करीब 151 किलोग्राम होगा। इसे बनाने के लिए राजस्थान, गुजरात और महाराष्ट्र के 12 ट्रेंड हलवाईयों को बुलाया गया है। रोटी को सेकने के लिए लोहे का तवा भी एक हजार किलोग्राम वजन का होगा। वहीं, बेलन 20 फीट लंबे लोहे के पाइप का तैयार किया है। इसकी मोटाई लगभग 70 एम एम की होगी।

उल्लेखनीय है कि इससे पहले जामनगर (गुजरात) का गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड में करीब 145 किलोग्राम की रोटी बनाने रिकॉर्ड है। ये केवल खास मौके जामनगर में जलाराम बापा की जयंती और दगडू सेठ गणपति सार्वजनिक महोत्सव में बनाई जाती है। जलाराम मंदिर की जीर्णोद्धार कमेटी रोटी बनाती है।

अब इससे बड़ी रोटी भीलवाड़ा में बनाई जाएगी। रोटी को बनाने के लिए शुक्रवार से चूल्हा और तवा बनाने की तैयारी शुरू की गई। आज इस कार्य को अंतिम रूप दिया जा रहा है। सोनी ने बताया कि रोटी को लगभग एक हजार से ज्यादा लोगों के लिए प्रसाद के रूप में बनाया जा रहा है। रोटी के साथ पंचकुटे की सब्जी को परोसा जाएगा।

## मधुमेह रोगियों को हृदय रोग से मृत्यु का खतरा दोगुना क्यों होता है?

**सियोल,** 7 अक्टूबर (एजेंसियां)। एक अध्ययन से पता चला है कि मधुमेह से पीड़ित व्यक्तियों में कम मांसपेशी द्रव्यमान हृदय रोग से मृत्यु के दोगुने जोखिम से जुड़ा होता है। अध्ययन से पता चला कि एसोसिएशन कमजोरी, ग्लाइसेमिक नियंत्रण और माइक्रोवैस्कुलर जटिलताओं रेटिनोपैथी (रेटिना की रक्त वाहिकाओं को नुकसान) और नेफ्रोपैथी (गुर्दे की बीमारी) से स्वतंत्र है।



सरकोपेनिया - उम्र से संबंधित मांसपेशियों और ताकत की हानि - को मधुमेह वाले व्यक्तियों में हृदय रोग (सीवीडी) और मृत्यु दर से जुड़ा हुआ माना जाता है। हालांकि, यह स्पष्ट नहीं है कि यह रिश्ता उनके रक्त शर्करा नियंत्रण या उनके मधुमेह की जटिलताओं से किस हद तक प्रभावित हो रहा था।

यूरोपियन एसोसिएशन फॉर द स्टडी ऑफ डायबिटीज (ईएएसडी) की हालिया वार्षिक बैठक में प्रस्तुत शोध से पता चला है कि कम मांसपेशी द्रव्यमान वाले लोगों में सामान्य मांसपेशी द्रव्यमान वाले लोगों की तुलना में फॉलो-अप के दौरान मरने की संभावना 44 प्रतिशत अधिक है।

सामान्य मांसपेशी द्रव्यमान वाले लोगों की तुलना में सीवीडी से मरने की संभावना दोगुनी है। आगे के विश्लेषण से पता चला कि एचबीए1सी (रक्त शर्करा नियंत्रण का एक उपाय) और माइक्रोवैस्कुलर जटिलताओं के बावजूद, कम मांसपेशी द्रव्यमान सर्व-मृत्यु दर और सीवीडी मृत्यु दर से जुड़ा हुआ है।

दक्षिण कोरिया गणराज्य के सियोल में हैलीम विश्वविद्यालय से डॉ. शिंजे मून व डॉ. जे म्युंग यू ने कहा कि हमारे नतीजे बताते हैं कि मधुमेह से पीड़ित जिन लोगों की मांसपेशियां कम होती हैं, उनमें मृत्यु का खतरा कमजोरी, खराब रक्त शर्करा नियंत्रण या माइक्रोवस्कुलर जटिलताओं के कारण नहीं, बल्कि मांसपेशियों के नुकसान के कारण होता है।

उन्होंने यह निर्धारित करने के लिए और अधिक शोध की आवश्यकता पर बल दिया कि सरकोपेनिया मृत्यु के जोखिम को कैसे बढ़ाता है। उन्होंने कहा कि इस बीच, मोटापे का इलाज करते समय और मधुमेह वाले लोगों में वजन का प्रबंधन करते समय शरीर की संरचना पर विचार करना महत्वपूर्ण है।

अध्ययन के लिए, उन्होंने अमेरिका में मधुमेह से पीड़ित 1,514 वयस्कों (20 वर्ष से अधिक उम्र) के डेटा का उपयोग किया। लगभग 55.6 प्रतिशत महिलाओं की मांसपेशियों का द्रव्यमान कम था। कम मांसपेशी द्रव्यमान वाले प्रतिभागियों की औसत आयु 63.5 वर्ष और मधुमेह की औसत अवधि 14.5 वर्ष थी।

लगभग 1,318 प्रतिभागियों (48.3 प्रतिशत महिला) की मांसपेशियों का द्रव्यमान सामान्य था। उनकी औसत आयु 54 वर्ष थी और औसत मधुमेह अवधि 10.4 वर्ष थी। प्रतिभागियों पर औसतन 9.3 वर्षों तक नज़र रखी गई। इस दौरान किसी भी कारण से 413 मौतें हुई (106 कम मांसपेशी द्रव्यमान और 307 सामान्य मांसपेशी द्रव्यमान)। इनमें से लगभग 147 मौतें सीवीडी (42 कम मांसपेशी द्रव्यमान, 105 सामान्य मांसपेशी द्रव्यमान) से हुईं।



## महिलाओं के मस्तिष्क को मातृत्व के लिए तैयार करते हैं गर्भावस्था के हार्मोन

**न्यूयॉर्क,** 7 अक्टूबर (एजेंसियां)। गर्भावस्था के दौरान केवल महिलाओं के शरीर में ही बदलाव नहीं होता है। चूहों पर किए गए एक अध्ययन से पता चला है कि मातृत्व की तैयारी के लिए मस्तिष्क भी 'री-वायर्ड' हो जाता है। जानी-मानी विज्ञान पत्रिका 'साइंस' में प्रकाशित निष्कर्षों से पता चलता है कि एस्ट्रोजेन और प्रोजेस्टेरोन दोनों मस्तिष्क में न्यूरॉन्स की एक छोटी हिस्से पर संतान आने से पहले ही माता के व्यवहार को ऑन करने के लिए कार्य करते हैं। इन अनुकूलन के परिणामस्वरूप बच्चों को मजबूत और अधिक चयनात्मक प्रतिक्रियाएं मिलीं। यह सर्वविदित है कि जबकि मां बनने से पहले मादा चूहिया छोटे बच्चों के साथ ज्यादा घुलती-मिलती नहीं हैं जबकि माताएं अपना अधिकांश समय बच्चों की देखभाल में बिताती हैं। पहले माना जाता था कि बच्चे को जन्म देते समय निकलने वाले हार्मोन मां के व्यवहार की शुरुआत के लिए सबसे महत्वपूर्ण होते हैं। लेकिन पहले के शोध से यह भी पता चला है कि जिन चूहियों ने सिजेरियन सेक्शन द्वारा बच्चे को जन्म दिया है, और कुंवारी चूहिया जो गर्भावस्था के हार्मोन के संपर्क में आ चुकी हैं, वे भी इस मातृ व्यवहार का प्रदर्शन करती हैं। इससे यह संकेत मिलता है कि गर्भावस्था के दौरान प्रसव से पहले के हार्मोन परिवर्तन अधिक महत्वपूर्ण हो सकते हैं।वर्तमान अध्ययन में फ्रांसिस क्रिक इंस्टीट्यूट के शोधकर्ताओं ने पाया कि मादा चूहियों में गर्भावस्था के दौरान बाद के समय में मातृत्व व्यवहार में वृद्धि देखी गई, और व्यवहार में इस बदलाव के लिए बच्चों के संपर्क में आना आवश्यक नहीं था।उन्होंने पाया कि मस्तिष्क के एक क्षेत्र में तंत्रिका कोशिकाओं (व्यक्त करने वाले न्यूरॉन्स गैलानिन) की आबादी, जिसे हाइपोथैलेमस में औसत दर्जे का प्रीऑप्टिक क्षेत्र (एमपीओए) कहा जाता है, जो पालन-पोषण से जुड़ा है, एस्ट्रोजेन और प्रोजेस्टेरोन से प्रभावित था।क्रिक के जॉनी कोल ने कहा कि हम जानते हैं कि गर्भावस्था के दौरान महिलाओं के शरीर में बदलाव आते हैं ताकि बच्चे को बड़ा करने की तैयारी की जा सके। इसका एक उदाहरण दूध का बनना है, जो जन्म देने से बहुत पहले शुरू हो जाता है। हमारे शोध से पता चलता है कि ऐसी तैयारी मस्तिष्क में भी हो रही होती है।उन्होंने कहा कि हमारी समझ से ये परिवर्तन, जिन्हें अक्सर 'बेबी ब्रेन' कहा जाता है, प्राथमिकता में बदलाव का कारण बनते हैं - कुंवारी चूहिया संभोग पर ध्यान केंद्रित करती हैं, इसलिए उन्हें अन्य मादाओं के बच्चों पर प्रतिक्रिया करने की आवश्यकता नहीं होती है, जबकि माताओं को मजबूत अभिभावकीय व्यवहार करने की आवश्यकता होती है जो बच्चों का अस्तित्व सुनिश्चित करने के लिए जरूरी है। दिलचस्प बात यह है कि यह बदलाव जन्म के समय नहीं होता - मस्तिष्क इस बड़े जीवन परिवर्तन के लिए बहुत पहले से ही तैयारी कर रहा होता है।

- मातृत्व की तैयारी के लिए मस्तिष्क भी 'री-वायर्ड'

# [अर्थ जगत]

| सर्वाधिक बढ़ने वाले शेयर | |
|---|---|
| बजाज फाइनेंस | 2.04 प्रतिशत |
| एलटी | 1.68 प्रतिशत |
| टाइटन | 1.50 प्रतिशत |
| बजाज फिनसर्व | 1.30 प्रतिशत |
| एसबीआई | 0.71 प्रतिशत |

| सर्वाधिक घटने वाले शेयर | |
|---|---|
| मारुति | 2.46 प्रतिशत |
| एनटीपीसी | 1.83 प्रतिशत |
| टाटा मोटर्स | 1.59 प्रतिशत |
| सन फार्मा | 1.48 प्रतिशत |
| आईसीआईसीआई बैंक | 1.23 प्रतिशत |

### सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (प्रति दस ग्राम)स्टैंडर्ड | 59900 |
| बिटुर | 59275 |
| गिन्नी (प्रति आठ ग्राम) | 30,345 |
| चांदी (प्रति किलो) टंच हाजिर | 74,700 |
| वायदा | 72,285 |
| चांदी सिक्का लिवाली | 825 |
| बिकवाली | 880 |

### मुद्रा विनिमय

| मुद्रा | क्रय | विक्रय |
|---|---|---|
| अमेरिकी डॉलर | 83.143 | 83.775 |
| पौंड स्टर्लिंग | 103.09 | 105.45 |
| यूरो | 88.51 | 88.80 |
| चीन युआन | 08.24 | 13.38 |

### अनाज

| | |
|---|---|
| देसी गेहूँ एमपी | 2400-3000 |
| गेहूं दड़ा | 2500-2600 |
| आटा | 2800-2900 |
| मैदा | 2900-2950 |
| चोकर | 2000-2100 |

### मोटा आनाज

| | |
|---|---|
| बाजरा | 1300-1305 |
| मक्का | 1350-1500 |
| ज्वार | 3100-3200 |
| जौ | 1430-1440 |
| काबुली चना | 3500-4000 |

### चावल

| | |
|---|---|
| चीनी एस | 3640-3740 |
| चीनी एम | 3800-3900 |
| मिल डिलीवरी | 3520-3620 |
| गुड़ | 4300-4400 |

### दाल-दलहन

| | |
|---|---|
| चना | 6450-6550 |
| दाल चना | 7450-7550 |
| मसूर काली | 7800-7900 |
| उड़द दाल | 10600-10700 |
| मूंग दाल | 9900-10000 |
| अरहर दाल | 10400-10500 |

## पेट्रोल और डीजल की कीमतें यथावत



**नई दिल्ली,** 7 अक्टूबर (एजेंसियां)। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में तेजी के बावजूद घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम आज स्थिर रहे, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 96.72 रुपये प्रति लीटर तथा डीजल 89.62 रुपये प्रति लीटर पर पड़े रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार, देश में आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 106.31 रुपये प्रति लीटर पर और डीजल 94.27 रुपये प्रति लीटर पर रहा।

# 70 प्रतिशत बजारे के आटे के मिश्रण पर शून्य जीएसटी

**नई दिल्ली,** 7 अक्टूबर (एजेंसियां)। माल एवं सेवा कर (जीएसटी) परिषद ने सरकार के मिलेट ( मोटे अनाज) को बढ़ावा देने के तहत 70 प्रतिशत बाजरे के आटे के मिश्रण को खुले बेचने पर शून्य जीएसटी तथा डिब्बाबंद कर बेचने पर पांच प्रतिशत जीएसटी लगाये जाने का निर्णय लिया है।

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की अध्यक्षता में आज यहां हुयी परिषद की 52वीं बैठक में ये निर्णय लिये गये। बैठक के बाद श्रीमती सीतारमण ने संवाददाताओं से कहा कि गन्ना किसानों के हित में तथा पशु आहार के निर्माण की लागत को कम करने के उद्देश्य से मॉलिसिस पर जीएसटी 28 प्रतिशत से घटाकर 5 प्रतिशत कर दिया गया है। इस कदम से मिलों के पास तरलता बढ़ेगी और गन्ना किसानों को गन्ना बकाया का तेजी से भुगतान हो सकेगा। इससे पशु आहार के निर्माण की लागत में भी कमी आएगी क्योंकि इसके निर्माण में यह भी एक घटक है।



उन्होंने कहा कि मानव उपभोग के लिए अल्कोहलिक शराब के निर्माण में इस्तेमाल होने वाले एक्स्ट्रा न्यूट्रल अल्कोहल (ईएनए) को जीएसटी से बाहर रखने का निर्णय लिया गया है। मानव उपभोग के लिए अल्कोहलिक शराब के निर्माण में उपयोग हेतु ईएनए को जीएसटी के दायरे से बाहर करने के लिए कानून में उपयुक्त संशोधन की जायेगी। औद्योगिक उपयोग के लिए रेक्टिफाइड स्पिरिट को कवर करने के लिए सीमा शुल्क टैरिफ अधिनियम में 8 अंकों के स्तर पर एक अलग टैरिफ एचएस कोड बनाया गया है। 18 प्रतिशत जीएसटी वाले औद्योगिक उपयोग के लिए ईएनए के लिए एक प्रविष्टि बनाने के लिए जीएसटी दर अधिसूचना में संशोधन किया जाएगा।

वित्त मंत्री ने कहा कि यदि विदेश जाने वाले जहाज तटीय मार्ग पर परिवर्तित होते हैं तो उन्हें जहाज के मूल्य पर 5 प्रतिशत आईजीएसटी का भुगतान करना पड़ता है। जीएसटी परिषद ने विदेशी ध्वज वाले विदेश जाने वाले जहाज को तटीय मार्ग में परिवर्तित होने पर सशर्त आईजीएसटी छूट की सिफारिश की है, जो छह महीने में विदेश जाने वाले जहाज में परिवर्तित हो जाता है। उन्होंने कहा कि उन्होंन कहा कि यह स्पष्ट करने के लिए कि एचएस 5605 के अंतर्गत आने वाले धातुयुक्त पॉलिएस्टर फिल्म/प्लास्टिक फिल्म से बने नकली ज़री धागे या धागे पर भी 5 प्रतिशत जीएसटी लगेगा। हालाँकि, पॉलिएस्टर फिल्म (धातुकृत)/प्लास्टिक फिल्म पर कोई रिफंड नहीं दिया जाएगा।

बैठक में केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी, वित्त विभाग संभालने वाले गोवा और मेघालय के मुख्यमंत्रियों के अलावा राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के वित्त मंत्री और वित्त मंत्रालय और राज्यों/केंद्रशासित प्रदेशों के वरिष्ठ अधिकारी भी शामिल हुए।

## अक्टूबर के पहले चार दिनों में एफपीआई ने बेचे 9,412 करोड़ रुपये के शेयर




**नई दिल्ली,** 7 अक्टूबर (एजेंसियां)। हाल के हफ्तों में बाजारों में पूंजी प्रवाह को प्रभावित करने वाला एक प्रमुख कारक अमेरिकी बांड यील्ड में लगातार वृद्धि है। ये बात जियोजित फाइनेंशियल सर्विसेज के मुख्य निवेश रणनीतिकार वी.के. विजयकुमार ने कही है। अक्टूबर के शुरुआती दिनों में अमेरिकी बॉन्ड बाजार में गिरावट देखी गई, जिससे 30 साल की बॉन्ड यील्ड कुछ समय के लिए 5 फीसदी पर पहुंच गई। विजयकुमार ने कहा कि बेंचमार्क 10-वर्षीय यील्ड लगातार 4.7 प्रतिशत से अधिक है, जो एफपीआई को उभरते बाजारों में शेयर बेचने के लिए मजबूर कर रही है।

भारत इस साल एफपीआई को आकर्षित करने में उभरती अर्थव्यवस्थाओं में शीर्ष पर बना हुआ है, लेकिन सितंबर में बिकवाली देखी गई और अक्टूबर की शुरुआत भी इसी प्रवृत्ति के साथ हुई है। उन्होंने कहा कि अक्टूबर के पहले चार दिनों में एफपीआई ने नकदी बाजार में 9,412 करोड़ रुपये के शेयर बेचे हैं। एफपीआई वित्तीय, बिजली, आईटी और तेल एवं गैस में बिकवाली कर रहे हैं।

बिकवाली करते हुए भी एफपीआई कैपिटल गुड्स, ऑटो और ऑटो कंपोनेंट्स में खरीदार बने हुए हैं। उन्होंने कहा, ऊंचे डॉलर और अमेरिकी बॉन्ड यील्ड के चलते एफपीआई के हाल फिलहाल में बाजार में खरीदार बनने की संभावना नहीं है। उन्होंने कहा कि दूसरी तिमाही के नतीजे अच्छे रहने की उम्मीद है, जिससे एफपीआई को इस क्षेत्र में बिकवाली करने से रोका जा सकता है।

## एयर इंडिया ने नए लोगो, डिज़ाइन के साथ अपने ए350 विमान का पहला लुक जारी किया




**नई दिल्ली,** 7 अक्टूबर (एजेंसियां)। टाटा समूह के मालिकाना हक वाली एयरलाइन कंपनी एयर इंडिया ने शनिवार को लोगो और लिवरी (आउटफिट) बदलने के बाद अपने विमान ए350 का पहला लुक जारी कर दिया है। एयर इंडिया ने एक्स हैंडल से विमान की तस्वीरें पोस्ट की और लिखा, यहां टूलूज़ में पेंट की शॉप पर हमारी नई पोशाक (न्यू लिवरी) में राजसी ए350 का पहला लुक है। हमारे विमान ए350 विंटर सीजन में घर आने शुरू हो जाएंगे।

फ्रांस के टूलूज़ में एयर इंडिया की वर्कशॉप की पेंट शॉप में लेटेस्ट तस्वीरें ली गईं। ए350 इस सर्दी में आना शुरू हो जाएंगे। अगस्त में, टाटा संस के मालिकाना हक वाली एयर इंडिया ने अपने अपडेटेड लोगो और लिवरी का खुलासा किया, जो दिसंबर 2023 में बिल्कुल नए ए350 विमान की डिलीवरी के साथ मेल खाएगा। दिल्ली में एक कार्यक्रम के दौरान, एयरलाइन ने बताया कि उसका नया लोगो, जिसे द विस्टा कहा जाता है, यह एक सुनहरी खिड़की के फ्रेम के शीर्ष से प्रेरणा लेता है, जो असीमित अवसरों, दूरदर्शी सोच और भविष्य के लिए एयरलाइन की मुखर और आशावादी दृष्टि का प्रतीक है।

## अबू धाबी इन्वेस्टमेंट अथॉरिटी रिलायंस रिटेल में करेगी 4,967 करोड़ का निवेश

**मुंबई,** 7 अक्टूबर (एजेंसियां)। रिलायंस रिटेल वेंचर्स लिमिटेड (आरआरवीएल) ने शुक्रवार को घोषणा की कि अबू धाबी इन्वेस्टमेंट अथॉरिटी (एडीआईए) की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड की सहायक कंपनी आरआरवीएल में 4,966.80 करोड़ का निवेश करेगी। एडीआईए इस पूंजी से आरआरवीएल में 0.59 प्रतिशत शेयर प्राप्त करेगी। कंपनी ने कहा है कि इस निवेश के लिए आरआरवीएल का मूल्यांकन शेयर के हिसाब से 8.381 लाख करोड़ रुपये किया गया है। इससे यह देश में शेयर मूल्य के हिसाब से शीर्ष चार कंपनियों में से एक बन गयी है। एडीआईए इस पूंजी से आरआरवीएल में 0.59 प्रतिशत शेयर प्राप्त करेगी ।




आरआरवीएल किराना, उपभोक्ता इलेक्ट्रॉनिक्स, फैशन और जीवन शैली में 18,500 से अधिक स्टोर और डिजिटल वाणिज्य प्लेटफार्मों के एकीकृत ओमनी-चैनल नेटवर्क के साथ 26.7 ग्राहकों को सेवा प्रदान करती है।

रिलायंस रिटेल वेंचर्स के निदेशक ईशा मुकेश अंबानी ने कहा, रिलायंस रिटेल वेंचर्स लिमिटेड में एक निवेशक के रूप में एडीआईए के निरंतर समर्थन से हम उनके साथ अपने संबंधों को और गहरा करने में प्रसन्न हैं।''

एडीआईए के निजी इक्विटी विभाग के कार्यकारी निदेशक हमाद शाहवान अल्धाहेरी ने कहा, रिलायंस रिटेल ने एक ऐसे बाजार में मजबूत विकास और अनुकूलन क्षमता का प्रदर्शन किया है जो अभूतपूर्व गति से विकसित हो रहा है। यह निवेश हमारी पोर्टफोलियो कंपनियों को समर्थन देने की हमारी रणनीति के अनुरूप है जो अपने-अपने अंतिम बाजारों में बदलाव ला रही हैं।''

## कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों से इंडियन ऑयल, बीपीसीएल, एचपीसीएल को होगा नुकसान : मूडीज

भारतीय बाजार में नया धमाका, 27 हजार से कम में खरीदें पावर-पैक्ड स्मार्टफोन

नई दिल्ली, 7 अक्टूबर (एजेंसियां)। भारत में ऑनर 90 ने स्मार्टफोन के बाजार में नई क्रांति लाई है। इस फोन ने भारतीय बाजार में नए स्टैंडर्ड भी सेट कर दिए हैं। एआई व्लॉग मास्टर और 3840 हर्ट्ज पीडब्लूएम डिमिंग तकनीक के साथ उद्योग के अग्रणी क्वाड-कर्व्ड फ्लोटिंग डिस्प्ले वाले शानदार 200एमपी मुख्य कैमरे से लैस, ऑनर 90 5जी एक डिवाइस में अभूतपूर्व हार्डवेयर और सॉफ्टवेयर पेश कर रहा है। ऑनर 90 5जी डिवाइस दो वेरिएंट में आता है - 12जीबी + 512जीबी और 8+256 जीबी, जो रैम टर्बो के साथ मिलकर 8 जीबी रैम वेरिएंट पर 5 जीबी और 12 जीबी वेरिएंट पर 7 जीबी तक देता है।

सबसे पहले, बिल्कुल नए ट्रिपल कैमरा सिस्टम में 1/1.4-इंच सेंसर के साथ 200 एमपी का मुख्य कैमरा है, जो स्पष्टता, एचडीआर क्षमताओं और कम रोशनी में प्रदर्शन में उत्कृष्टता को प्राथमिकता देकर, उत्कृष्ट फोटोग्राफिक परिणाम प्रदान करता है। ट्रिपल कैमरे में 112-डिग्री क्षेत्र के दृश्य के साथ 12 एमपी अल्ट्रा-वाइड और मैक्रो कैमरा और 2 एमपी डेप्थ कैमरा है, जो कैमरे को दूरी को सटीक रूप से मापने में




मदद करता है।

यह कैमरा लाइट-कैप्चरिंग प्रदर्शन देने के लिए मल्टी-फ्रेम फ्यूज़न, शोर कटौती एल्गोरिदम और पिक्सेल बिनिंग के साथ समर्थित है जो बड़े 2.24 माइक्रोमीटर पिक्सेल (16-इन-1) के बराबर है। 200 एमपी के मुख्य कैमरे के परिणामस्वरूप कम रोशनी में भी उत्कृष्ट उच्च गतिशील रेंज (एचडीआर) तस्वीरें और विस्तृत, उज्ज्वल छवियां प्राप्त हुईं। सेल्फी प्रेमियों के लिए, ऑनर 90 में 50 एमपी का कैमरा है, जो अच्छी तस्वीरें खींचने में मदद करता है। पोर्ट्रेट मोड के साथ, आप आसानी से असाधारण पोर्ट्रेट बना सकते हैं, जिसमें अच्छी तरह से परिभाषित चेहरे की विशेषताएं, सटीक स्किन टोन और एक प्रामाणिक बोके प्रभाव उत्पन्न होता है, जो स्वाभाविक रूप से मुख्य विषय के साथ पृष्ठभूमि को मिश्रित करता है।

फोटोग्राफर्स को अधिक फ्लेक्सिबिलिटी प्रदान करने के लिए पोर्ट्रेट मोड यूजर्स को फ्रेम में विषयों को बेहतर ढंग से हाइलाइट करने वाले परिणाम देने के लिए 2 एक्स जूम पर फ़ोटो कैप्चर करने देता है। इसके अतिरिक्त, स्मार्टफोन तीनों कैमरों - 200 एमपी मुख्य कैमरा, 12 एमपी अल्ट्रावाइड कैमरा और 50 एमपी सेल्फी कैमरा से 30 एफपीएस पर 4के वीडियो रिकॉर्डिंग देने के लिए प्रोसेसर की जबरदस्त ताकत उपयोग करता है। 4के में शूटिंग करते समय एक सिंगल टेक में उपयोगकर्ता 4के रिकॉर्डिंग को रोके बिना मेन, अल्ट्रावाइड और फ्रंट कैमरे के बीच आसानी से ट्रांजिशन कर सकते हैं।

व्लॉगर्स के लिए, डिवाइस ऑडियो को बेहतर बनाने में मदद करता है, वीडियो मोड की अनुशंसा करता है, और एआई व्लॉग असिस्टेंट के साथ आता है जो उपयोगकर्ताओं को केवल कुछ टैप के साथ सोशल मीडिया के लिए तैयार 15-सेकंड का वीडियो बनाने की सुविधा देता है। इसके अलावा, 20डीबी के सिग्नल-टू-शोर अनुपात वाले सर्वदिशात्मक शोर में कमी के साथ, आप ठोस और स्पष्ट मानवीय आवाज और आसपास के शून्य शोर को कैप्चर कर सकते हैं, जो एक पेशेवर रिकॉर्डर के करीब है।

## कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों से इंडियन ऑयल, बीपीसीएल, एचपीसीएल को होगा नुकसान : मूडीज

**नई दिल्ली,** 7 अक्टूबर (एजेंसियां)। कच्चे तेल की ऊंची कीमतों से देश की तीन सरकारी स्वामित्व वाली तेल विपणन कंपनियों - इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड, हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (एचपीसीएल) और भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (बीपीसीएल) का लाभ घटेगा। मूडीज की एक रिपोर्ट के अनुसार, मई 2024 में लोकसभा चुनावों के कारण कच्चे माल की ऊंची लागत का भार उपभोक्ताओं पर डालने के लिए उनके पास सीमित अवसर है। रिपोर्ट के मुताबिक तीन तेल कंपनियों का बाजार मार्जिन - उनकी शुद्ध वास्तविक कीमतों और अंतरराष्ट्रीय कीमतों के बीच का अंतर चालू वित्त वर्ष की अप्रैल-जून तिमाही के उच्च स्तर से काफी कमजोर हो गया है।



अगस्त के बाद से डीजल पर विपणन मार्जिन नकारात्मक हो गया है, जबकि पेट्रोल पर मार्जिन उसी अवधि में काफी कम हो गया है। यदि तेल की कीमतें 85 डॉलर/बैरल (बीबीएल) - 90 डॉलर/बीबीएल के मौजूदा स्तर पर बनी रहती हैं, तो तीन ओएमसी की कमाई, जिनमें से सभी को बीएए3 स्थिर रेटिंग प्राप्त है, वित्त वर्ष 2024 की दूसरी छमाही में कमजोर हो जाएगी। मूडीज की रिपोर्ट में कहा गया है कि फिर भी, इस मूल्य सीमा पर पूरे साल की कमाई ऐतिहासिक स्तरों के साथ तुलनीय रहेगी।

लेकिन, यदि कच्चे तेल की कीमतें लगभग 100 डॉलर/बीबीएल तक बढ़ जाती हैं, तो वित्त वर्ष 2024 की दूसरी छमाही में घाटा शुरू हो जाएगा। रिपोर्ट में कहा गया है कि बहरहाल, हमारा मानना है कि वैश्विक विकास कमजोर होने के कारण तेल की ऊंची कीमतें लंबे समय तक कायम रहने की संभावना नहीं है। कच्चे माल की लागत में वृद्धि सितंबर में कच्चे तेल की कीमत लगभग 17 प्रतिशत बढ़कर 90 डॉलर/बीबीएल से अधिक हो जाने के बाद आई है, जो वित्त वर्ष 2024 की पहली तिमाही में औसतन 78 डॉलर/बीबीएल थी।

## सार संक्षेप

### मिंत्रा का बिग फैशन फेस्टिवल, : 23 लाख उत्पादों पर शीर्ष ब्रांडों से अनूठे ऑफर प्राप्त करें

**बेंगलुरु।** साल का बहुप्रतीक्षित फेस्टिव फैशन बोनस, मिंत्रा का बिग फैशन फेस्टिवल, अब 6,000 से अधिक प्रमुख अंतर्राष्ट्रीय, घरेलू और डी2सी ब्रांडों के 23 लाख से अधिक फैशन, सौंदर्य और जीवन शैली उत्पादों के साथ लाइव है। यह संस्करण आपके उत्सव को और अधिक आनंदमय बनाने के लिए रोमांचक नए और अनूठे संग्रह के साथ खरीदारों को लुभाने का वादा करता है। यहां एक झलक है कि आपको किस चीज का इंतजार है। मिंत्रा अंतर्राष्ट्रीय ब्रांडों के लिए भारत के फैशन फॉरवर्ड ग्राहकों से जुड़ने के लिए अग्रणी प्लेटफार्मों में से एक है। वैश्विक चयन पसंद करने वाले उपभोक्ताओं के लिए मैंगो, एच एंड एम, बूहू, मैकीज, सौकनी, एंको, जिमशार्क, चैंपियन और ऐनी क्लेन और कई अन्य लोकप्रिय ब्रांड मौजूद हैं। इस बीएफएफ में ग्राहक कुछ प्रमुख अंतर्राष्ट्रीय ब्रांडों पर एमआरपी पर 60 प्रतिशत तक की छूट का आनंद ले सकते हैं, जिससे यह वैश्विक फैशन रुझानों के साथ अपनी अलमारी को अपग्रेड करने का एक सही अवसर बन जाता है। मिंत्रा ने आपकी अलमारी की ज़रूरतों को सुलझा लिया है, चाहे आप आरामदायक टी-शर्ट और शॉर्ट्स या सुरुचिपूर्ण साड़ी, कुर्ता और स्टाइलिश जैकेट की तलाश में हों। कैज़ुअल, एथनिक और वेस्टर्न पहनावे की बढ़ती लोकप्रियता के साथ, रेयर रैबिट, जैक एंड जोन्स, लेवीज़, बोहूमैन, एचएंडएम, तस्वा, हाउस ऑफ़ पटौदी, रणवीर एक्स अर्बन रेसर, द कुर्ता कंपनी, बेयोर्स, जनास्या, हाउस ऑफ़ जैसे प्रसिद्ध ब्रांड डेयान और अन्य कंपनियां एमआरपी पर 70 प्रतिशत तक की छूट की पेशकश कर रही हैं। यह सुनिश्चित करता है कि आप अपने उत्सव के परिधान खोज सकें। मिंत्रा के सौंदर्य और व्यक्तिगत देखभाल वस्तुओं के व्यापक चयन के साथ अपने सौंदर्य आहार को उन्नत करें।

### वैश्विक नौकरी घोटाले से 1,000 से अधिक कंपनियों को 100 मिलियन डॉलर का नुकसान : रिपोर्ट

**नई दिल्ली।** साइबर सुरक्षा शोधकर्ताओं के अनुसार, चल रहे वैश्विक नौकरी घोटाले से दुनिया भर के 50 से अधिक देशों में 100,000 से ज्यादा पीड़ितों के प्रभावित होने की संभावना है, जिससे 1,000 से अधिक कंपनियों को 100 मिलियन डॉलर से अधिक का सामूहिक व्यक्तिगत नुकसान होने की संभावना है। पीड़ितों की शिकायतों और रिपोर्ट की गई मौद्रिक हानियों के आधार पर, एक ही कंपनी के प्रतिरूपण से रिपोर्ट की गई हानि 200,000 डॉलर से अधिक है। साइबर-सुरक्षा कंपनी क्लाउडएसईके की टीम के अनुसार, वैश्विक स्तर पर नौकरी घोटाले में उपनाम वेबविर्म हैकरों ने ब्लू व्हेल चैलेंज के समान कॉम्बो टास्क योजना के लिए 10 उद्योगों में 1,000 से अधिक कंपनियों का प्रतिरूपण किया है। शोधकर्ताओं ने कहा, पैमाना और परिष्कार, एक अत्यधिक कुशल और लगातार खतरा पैदा करने वाले (टीए) समूह का संकेत देता है, जिसके लिए तत्काल जागरूकता की आवश्यकता है। उनके अनुसार, 6,000 से ज्यादा फर्जी वेबसाइटें, लगभग 200 यूनिक व्हाट्सएप नंबर साझा करने वाली 600 से अधिक वेबसाइटें और 230 टेलीग्राम हैंडल 50 से अधिक देशों में लोगों को निशाना बना रहे हैं।

## जिंसों में टिकाव



**नई दिल्ली,** 7 अक्टूबर (एजेंसियां)। स्थानीय स्तर पर मांग कमजोर रहने से आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेल समेत सभी जिंसों में टिकाव रहा।

**तेल-तिलहन :** इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा। सरसों तेल, मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड, पाम ऑयल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ।

**गुड़-चीनी :** मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और के भाव पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर पड़े रहे।

**दाल-दलहन :** दाल-दलहन बाजार में टिकाव रहा। इस दौरान चना, दाल चना, मसूर दाल, मूंग दाल, उड़द दाल और अरहर दाल में कोई बदलाव नहीं हुआ और वे पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टीके रहे।

**अनाज :** अनाज मंडी में भाव स्थिर रहे। इस दौरान चावल और गेहूं के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ।

**दाल-दलहन :** चना 6200-6300, दाल चना 7200-7300, मसूर काली 7550-7650, मूंग दाल 9750-9850, उड़द दाल 10000-10100, अरहर दाल 10000-10100 रुपये प्रति क्विंटल रहे।

**अनाज :** (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2600-2700 रुपये और चावल : 2900-3000 रुपये प्रति क्विंटल रहा।

**चीनी-गुड़ :** चीनी एस 3640-3740, चीनी एम. 3900-4000, मिल डिलीवरी 3520-3620 और गुड़ 4400-4500 रुपये प्रति क्विंटल बोले गये।

## टियर दो के शहर देंगे रियल एस्टेट को गति

**नई दिल्ली,** 7 अक्टूबर (एजेंसियां)। रियल एस्टेट की अगली विकास यात्रा को गति देने के लिए रियल एस्टेट डेवलपमेंट, संगठित रिटेल पहुंच और परिपक्व रिहायशी बाजार में मजबूत लेनदेन के आधार पर भारत के 17 शहरों की पहचान की गयी जिसमें से भुवनेश्वर, कोयंबटूर, इंदौर, जयपुर, कोच्चि, लखनऊ, नागपुर, सूरत, तिरुवनंतपुरम, विशाखापत्तनम को 10 उभरते शहरों के रूप में पहचाना गया है, जिनमें निकट भविष्य में विकास की सबसे अधिक संभावना है।

कन्फेडरेशन ऑफ रियल एस्टेट डेवलपर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया (क्रेडाई) ने मिस्र में 21वें नैटकॉन के दौरान अपने नॉलेज पार्टनर कुशमैन एंड वेकफील्ड के साथ इंडिया के नेक्स्ट 10 इमर्जिंग मार्केट्स- इंजन्स फॉर फ्यूचर ग्रोथ ऑफ कमर्शियल रियल एस्टेट रिपोर्ट को जारी किया है जिसमें यह बात कही गयी है।

दिल्ली एनसीआर, मुंबई, बेंगलुरु, पुणे, हैदराबाद, चेन्नई, कोलकाता और अहमदाबाद प्रमुख 8 रियल एस्टेट बाजार बने हुए हैं। रिपोर्ट का अनुमान है कि ये 10 टियर- 2 शहर जल्द ही भारत की विकास की कहानी को और अधिक गति देने वाले साबित होंगे। शहरों का चयन जनसंख्या, बुनियादी ढांचा,



प्रतिभा पूल, आय, रहने में आसानी और किफायती आवास उपलब्धता से जुड़े संकेतकों के आधार पर किया गया है।

रिपोर्ट में कहा गया है कि शहरीकरण टियर-एक शहरों में मौजूदा बुनियादी ढांचे पर दबाव डाल रहा है क्योंकि वे गुणवत्ता वाले स्थानों की बढ़ती मांग को पूरा करने की कोशिश कर रहे हैं। देश में शहरीकरण की रफ्तार तेज हो रही है। 2013 में शहरीकरण दर 32 प्रतिशत थी जो 2023 में बढ़कर 36 प्रतिशत हो गई है और यह उन बाजारों की ओर ध्यान केंद्रित कर रहा है जिनमें रियल एस्टेट क्षेत्र के लिए अगला आशाजनक ठिकाना बनने की क्षमता है।

बढ़ती आय और खपत ने टियर 2 शहरों को खुदरा निवेश के आकर्षण का केंद्र बना दिया है। बड़े ग्रेड-ए मॉल और प्रमुख हाईस्ट्रीट के विकसित होने के साथ ही भारत के टियर-2 शहर प्रमुख उपभोग केंद्रों के रूप में विकसित हो रहे हैं। आने वाले वर्षों में इसकी रफ्तार और बढ़ने की उम्मीद है। इनमें से कई शहरों में आवासीय क्षेत्र में भी जबरदस्त वृद्धि देखी गई है, जो किफायती मानकों पर अच्छा प्रदर्शन करते हैं।

यह रिपोर्ट उभरते शहरों की पहचान करने के लिए जनसंख्या, आर्थिक शक्ति और व्यावसायिक अचल संपत्ति से शहरों के संभावित आकर्षण जैसे मानकों को आधार बनाती है। इसके अलावा शिक्षा , जनसंख्या आकार और जीवनयापन में आसानी जैसे मापदंडों को दूसरों की तुलना में सबसे अधिक महत्व दिया गया है क्योंकि ये बड़े पैमाने पर कॉरपोरेट्स को अपने ऑफिस को नई जगह स्थानांतरित करने के लिए प्रेरित करते हैं। समग्र तौर पर यह रिपोर्ट बुनियादी ढांचे और कनेक्टिविटी के उन मानकों पर ध्यान केंद्रित करती है जो आज व्यावसायिक गतिविधि को गति देने वाले अहम कारक हैं।

# खेल जगत

## गिल बीमार हैं, लेकिन टीम के बाहर नहीं : रोहित शर्मा

**चेन्नई,** 7 अक्टूबर (एजेंसियां)। भारत के कप्तान रोहित शर्मा ने शनिवार को कहा कि ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ रविवार को यहां खेले जाने वाले मैच सलामी बल्लेबाज शुभमन गिल को अभी बाहर नहीं किया गया है। एमए चिदम्बरम स्टेडियम में भारत रविवार को आईसीसी विश्व कप के अपने पहले मैच में आस्ट्रेलिया से टक्कर लेगा। मैच की पूर्व संध्या पर आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में रोहित ने कहा गिल की तबीयत ठीक नहीं है। हम उनके स्वास्थ्य की निगरानी कर रहे हैं। हम उन्हें ठीक होने का हर मौका देंगे। देखतें है कि मैच से पहले वह कैसा महसूस करते हैं। उन्हे अभी तक बाहर नहीं किया गया है। गिल की खराब सेहत से भारतीय खेमे में चिंता के सवाल पर उन्होने कहा ''नहीं, चिंता की बात नहीं है। मेरा मतलब है कि जाहिर तौर पर वह बीमार हैं। मैं चाहता हूं कि वह ठीक हो जाएं। वह युवा हैं। उनका शरीर फिट है इसलिए वह जल्दी ठीक हो जायेंगे।



# भारत ने कबड्डी के दोनों वर्गों में जीता स्वर्ण





**हांगझोउ,** 7 अक्टूबर (एजेंसियां)। एशियाई खेलों में कबड्डी स्पर्धा आज भारत ने महिला और पुरुष दोनों ही वर्ग में स्वर्ण पदक जीत लिया। पुरुषों के फाइनल में भारत ने ईरान को करीबी मुकाबले में 33-29 से परास्त कर आठवीं बार खिताब अपने नाम किया। 2018 में जकार्ता एशियाई खेल में भारत सेमीफाइनल में ईरान से हार गया था। इससे पहले बीजिंग 1990 में एशियन गेम्स में कबड्डी की शुरुआत के बाद से भारत ने सभी सात स्वर्ण पदक जीते थे। कप्तान फज़ल अत्राचली के नेतृत्व में मजबूत ईरानी डिफेंस ने जबरदस्त टैकल से भारत पर शुरुआत में दबाव बनाए रखा, हालांकि भारतीय कबड्डी कप्तान पवन सहरावत और रेडर नवीन कुमार ने लगातार अंक हासिल करिते भारत को मैच में बनाए रखा। उप-कप्तान सुनील कुमार के नेतृत्व में भारतीय डिफेंस ने ईरान को ऑल-आउट करने में मदद की और ब्रेक होने तक 17-13 के स्कोर के साथ चार अंकों की बढ़त हासिल कर ली। इस दौरान असलम इनामदार और नवीन कुमार ने भी महत्वपूर्ण रेडिंग अंक हासिल किए। भारत ने दूसरे हाफ की शुरुआत में ही कुछ अंक हासिल किए, लेकिन ईरान ने भारत को ऑल-आउट कर दिया और फुल टाइम के 10 मिनट पहले स्कोर 25-ऑल से बराबर कर लिया। इसके बाद पवन सहरावत ने भारत को आगे बढ़ाया और कप्तान फज़ल अत्राचली को रेड में आउट कर दिया। इसी के साथ भारत 28-25 से आगे हो गया। ईरान ने लगातार तीन अंकों के साथ वापसी की और सीटी बजने से केवल एक मिनट पहले स्कोर 28 की बराबरी पर था। डू या डाई की रेड में पवन सहरावत ने तीन अंक जीतकर अपनी टीम को फिर से बढ़त दिला दी। हालांकि, मैच को निलंबित कर दिया गया क्योंकि रेफरी और टीमों ने पवन सहरावत की रेड पर हासिल किए अंकों पर स्पष्टीकरण मांगा। इसके बाद ईरान की ओर से अलीरेज़ा मिज़ेइयन रेड के लिए गए लेकिन भारतीय डिफेंस ने उन्हें आउट कर दिया। अंतिम कुछ सेकेंड में नवीन कुमार अपनी रेड के साथ एक अंक जीतने में सफल रहे और इसी के साथ भारत ने जीत हासिल कर ली। इससे पहले भारत ने ग्रुप चरण में चार मैचों में से चार जीत के साथ अजेय रहते हुए सेमीफाइनल में जगह बनाई थी। उन्होंने सेमीफाइनल में पाकिस्तान को हराया।

## महिलाओं ने चीनी ताइपे को दी मात

भारतीय महिला कबड्डी टीम ने शनिवार को रोमांचक मुक़ाबले में चीनी ताइपे को 26-25 से हराकर स्वर्ण पदक हासिल किया। एशियाई खेलों के 72 साल के इतिहास में यह पहला मौका है जब भारत ने पदकों की सेंचुरी पूरी की है। इसमें 25 स्वर्ण, 35 रजत और 40 कांस्य पदक शामिल है। इस बार एथलेटिक्स में प्रदर्शन सबसे शानदार रहा है जिसमें अकेले भारत को 29 पदक मिले हैं जबकि शूटिंग में भारत के खाते में 22 पदक आये हैं। महाद्वीपीय प्रतियोगिता में भारत का तीसरा महिला कबड्डी खिताब था, जबकि चीनी ताइपे ने हांगझोउ में अपने 2018 के कांस्य को रजत में प्रोन्नत किया। स्वर्ण पदक मैच शुरुआती मैच की तरह ही कड़ा मुकाबला था। दूसरे हाफ में चीनी ताइपे ने भारतीय टीम को ऑलआउट कर दिया, हालांकि रेडिंग विभाग में भारत ने उन्हें पछाड़ दिया। भारतीय महिला कबड्डी टीम ने इससे पहले हांगझोउ 2010 और इंचियोन 2014 में गोल्ड मेडल जीता था जबकि जकार्ता 2018 एशियन गेम्स में टीम को ईरान के ख़िलाफ़ हारकर रजत पदक से संतोष करना पड़ा था। पुष्पा राणा और पूजा हाथवाला ने भारत के लिए रेड की शुरुआत की। एशियन गेम्स 2023 कबड्डी के ग्रुप स्टेज मुक़ाबलों में भारत ने चीनी ताइपे के ख़िलाफ़ पहला मैच ड्रॉ (34-34) खेला, और उसके बाद दक्षिण कोरिया (56-23) और थाईलैंड (54-22) को हराया था।

### कुश्ती में पूनिया ने भारत के लिये जीता रजत

राष्ट्रमंडल खेलों के विजेता दीपक पूनिया को एशियाई खेल में 86 किग्रा फ्रीस्टाइल कुश्ती वर्ग के खिताबी मुकाबले में शनिवार को ईरान के हसन यज़दानी से हार कर रजत पदक पर संतोष करना पड़ा। इस जीत के साथ भारत ने कुश्ती में एक रजत और पांच कांस्य पदकों के साथ अपने अभियान का समापन किया।

रियो 2016 ओलंपिक चैंपियन और टोक्यो 2020 के रजत पदक विजेता ईरान के हसन यज़दानी ने पहले चरण में ही आठ अंक की बढ़त बना ली थी। पूनिया ने दूसरे राउंड में कड़ी चुनौती पेश की लेकिन ईरानी पहलवान अपने एशियन गेम्स के खिताब का बचाव करने में सफल रहे।

दीपक पूनिया ने इससे पहले राउंड ऑफ 16 में अपने अभियान की शुरुआत तकनीकी श्रेष्ठता के आधार पर इंडोनेशिया के रैंडा रियानडेस्टा पर जीत हासिल करते हुए की थी। उन्होंने क्वार्टरफाइनल में जापान के शोता शिराई को 7-3 से हराया और फाइनल में जगह बनाने के लिए बहरीन के मैगोमेद शारिपोव को 4-3 से मात दी।

# भारत की महिला हॉकी टीम ने जापान को 2-1 से हरा एशियाई खेलों में जीता कांसा

नई दिल्ली, 7 अक्टूबर (देशबन्धु)। दीपिका और अनुभवी सुशीला चानू के एक-एक गोल की बदौलत पिछली उपविजेता भारत की महिला हॉकी टीम ने पिछले चैंपियन जापान को हंगजू(चीन) में शनिवार को रोमांचक संघर्ष में 2-1 से हरा कर कांसा जीत लिया। पराजित जापान के लिए एकमात्र गोल दूसरा क्वॉर्टर खत्म होने से ठीक पहले यूरी नगई ने पेनल्टी कॉर्नर पर दागा। भारत की महिला हॉकी टीम ने मेजबान चीन से सेमीफाइनल में 0-4 से हार के साथ सीधे 2024 के पेरिस ओलंपिक के क्वॉलिफाई करने का सपना टूटने के बाद शनिवार को एक पायदान नीचे खिसकने के बावजूद कांसा जीत का सम्मान बचा लिया।

भारत की लड़कियों की तारीफ करनी होगी कि चीन के हाथों सेमीफाइनल में हार के सदमे को दरकिनार जापान के खिलाफ कांस्य पदक के लिए खेले मैच में उन्होंने गेंद को कब्जेश में रख आक्रामक हॉकी खेलने पर ध्यान दिया। दीपिका ने मैच के पांचवें मिनट में मिले पेनल्टी स्ट्रोक को गोल में तब्दील कर भारत को 1-0 से आगे कर दिया। भारत को इसके साथ ही पहले क्वॉर्टर में तीन पेनल्टी कॉर्नर भी मिले लेकिन वह एक को भी गोल में नहीं पाया। जापान ने बराबरी पाने की कोशिश में अपने हमले तेज कर दिए। भारत ने अपनी रणनीति बदल कर गेंद को कब्जे में रखने और जवाबी हमले बोलने की कोशिश की |कप्तान यूरी नगई ने मैच के 30 वें मिनट में मिले पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदल जापान को एक-एक की बराबरी दिला दी।



■ भारत के लिए दीपिका व सुशीला चानू ने किया एक-एक गोल

जापान ने हाफ तक एक की बराबरी पाने के बाद तीसरे क्वॉर्टर में हमलों का तांता बांध दिया लेकिन भारत की रक्षापंक्ति ने मुस्तैदी से अपने किले की चौकसी उसकी गोल करने की हर कोशिश को नाकाम कर दिया। भारत ने चौथे और आखिरी क्वॉर्टर में बढ़त लेने के लिए अपने हमले तेज कर दिए । भारत ने चौथे क्वॉर्टर के शुरू में पेनल्टी कॉर्नर हासिल किया लेकिन इस पर उपकप्तान ड्रैग फ्लिकर दीप ग्रेस एक्का के शॉट को जापान की गोलरक्षक इका नकामुरा ने रोक बेकार कर दिया। भारत को खेल खत्म होने से तीन मिनट पहले एक और पेनल्टी कॉर्नर मिला और इस दीप ग्रेस एक्का ने सीधा शॉट लेने की बजाय गेंद को सुशीला की ओर बढ़ाई और उन्होंने चतुराई से गेंद को गोल में डाल भारत को 2-1 से आगे कर दिया। भारतीय महिला टीम ने बढ़त लेने के बाद अपने हमले जारी रखे और लगातार पेनल्टी कॉर्नर हासिल किए लेकिन इनका लाभ नहीं उठा सके। जापान ने बराबरी पाने की जुगत में जवाबी हमले बोले लेकिन भारत की रक्षापंक्ति ने उनकी हर कोशिश नाकाम कर दी। भारत ने अपनी 2-1 की बढ़त को आखिर तक बरकरार रख जीत के साथ कांसा अपने नाम किया।

हॉकी इंडिया ने एशियाई खेलों में कांसा जीतने पर वाली भारतीय महिला हॉकी टीम की हर सदस्य को तीन-तीन लाख रुपये तथा सपोर्ट स्टाफ की हर सदस्य को डेढ़-डेढ़ लाख रुपये के इनाम की घोषणा की।

# तीरंदाजी में भारत ने कंपाउंड स्पर्धा में किया क्लीन स्वीप

**हांगझोउ** 7 अक्टूबर (एजेंसियां)। ज्योति सुरेखा वेन्नम और ओजस प्रवीण देवताले ने एशियन गेम्स की तीरंदाजी स्पर्धा में भारत के लिये महिला और पुरुष व्यक्तिगत कंपाउंड स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीते जबकि अभिषेक वर्मा ने रजत और अदिति गोपीचंद स्वामी महिलाओं की कंपाउंड स्पर्धा में कांस्य पदक अपने नाम किया।

तीरंदाजी में भारत के खाते में अब तक नौ पदक आये है जिसमें से सात पदक कंपाउंड तीरंदाजों ने अपने नाम किए हैं। इसके साथ ही भारत ने इस कैटेगरी को सभी पांच स्वर्ण पदकों के साथ क्लीन स्वीप किया।




ज्योति सुरेखा ने महिलाओं की व्यक्तिगत कंपाउंड स्पर्धा के फाइनल में दक्षिण कोरिया की चेवोन सो को 149-145 से हराकर तीसरा स्वर्ण पदक हासिल किया। इससे पहले वह महिला और मिश्रित टीम स्पर्धाओं में भी स्वर्ण पदक जीतने वाली टीम का हिस्सा थीं।

पुरुष कंपाउंड व्यक्तिगत फाइनल में ओजस प्रवीण देवताले ने हमवतन अभिषेक वर्मा को 149-147 से हराकर स्वर्ण पदक जीता, जबकि अभिषेक को रजत पदक से संतोष करना पड़ा, वहीं अदिति गोपीचंद स्वामी ने महिलाओं के व्यक्तिगत कंपाउंड स्पर्धा में इंडोनेशिया की रतिह ज़िलीज़ाती फादली को 146-140 से हराकर कांस्य पदक अपने नाम किया।

# सात्विक-चिराग ने भारत को दिलाया ऐतिहासिक स्वर्ण

**हांगझोउ** 7 अक्टूबर (एजेंसियां)। चीन के हांगझोउ में खेले जा रहे 19वे एशियाई खेलों में भारत का स्वर्णिम सफर जारी है। भारत ने शनिवार को न सिर्फ पदक तालिका में पहली बार 100 के पार पहुंचने का रिकार्ड बनाया बल्कि एशियाई खेलों में पहली बार बैडमिंटन का स्वर्ण पदक अपने नाम किया।

बैडमिंटन के पुरुष युगल फाइनल में सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी-चिराग शेट्टी ने दक्षिण कोरिया के चोई सोल्यू और किम वोन्हू को 21-18, 21-16 से हराकर एशियाई खेलों में भारत के लिये पहला बैडमिंटन स्वर्ण पदक जीता। ज्ञातव्य है कि इससे पहले भारत ने एशियाई खेलों की बैडमिंटन प्रतियोगिता में कभी स्वर्ण पदक नहीं जीता था। भारत की स्टार शटलर पीवी सिंधु ने जकार्ता 2018 एशियन गेम्स में महिला एकल स्पर्धा में रजत पदक जीता था।

दुनिया की तीसरे नंबर की भारतीय जोड़ी ने दक्षिण कोरियाई जोड़ी को 56 मिनट के खेल में 21-18, 21-16 से हरा कर ऐतिहासिक उपलब्धि अपने नाम कर ली। चोई और किम ने भारत की शीर्ष वरीय जोड़ी का साहस के साथ मुकाबला किया। इस बीच सात्विक और चिराग ने कुछ अच्छे ड्रॉप शॉट, स्मैश और बैकहैंड शॉट लगाते हुए पहला गेम 29 मिनट का समय लेकर 21-18 से अपने नाम किया। दूसरा गेम भी बेहद रोमांचक रहा और दोनों ही टीमों ने लगातार बेहतरीन प्रयास किए लेकिन भारतीय खिलाड़ियों ने विरोधी जोड़ी के ख़िलाफ़ ब्रेक तक 11-8 की बढ़त बनाए रखी। भारतीय जोड़ी ने इसके बाद लगातार कई शानदार शॉट लगाते हुए विरोधी टीम को ग़लती करने के लिए मज़बूर किया। चोई सोल्यू और किम वोन्हू ने ब्रेक के बाद अपने स्कोर में 8 अंक का इज़ाफ़ा ज़रूर किया लेकिन सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी ने भारत को ऐतिहासिक स्वर्ण पदक दिलाने के लिए दूसरे गेम को 21-16 से जीत लिया।



# अफगानिस्तान के खिलाफ बांग्लादेश को मिली आसान जीत



**धर्मशाला** 7 अक्टूबर (एजेंसियां)। मेहदी हसन मिराज (57 रन और 25 रन पर तीन विकेट) के हरफनमौला प्रदर्शन की मदद से बांग्लादेश ने शनिवार को यहां आईसीसी विश्व कप मुकाबले में अफगानिस्तान को 92 गेंद शेष रहते छह विकेट से हरा दिया। हिमाचल प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन स्टेडियम पर अफगानिस्तान की टीम पहले बल्लेबाजी करते हुये 37.2 ओवरों में 156 रन पर सिमट गयी। बांग्लादेश ने जीत का आसान लक्ष्य 34.4 ओवर में चार विकेट के नुकसान पर हासिल कर लिया। बांग्लादेश की आसान जीत के नायक मेहदी हसन मिराज बने जिन्होने पहले अफगानिस्तान के कप्तान हशमतउल्लाह शहीदी (18),राशिद खान (9) और मुजीब उर रहमान (1) का विकेट लिया और बाद में अर्धशतकीय पारी खेल कर अपनी टीम की जीत को और आसान बना दिया। उन्हे प्लेयर आफ द मैच चुना गया। नजमुल शान्तो 59 रन बना कर नाबाद लौटे। उन्होने मिराज के साथ 97 रन की महत्वपूर्ण भागीदारी की जब टीम 27 रन पर दो अहम विकेट गंवा कर कुछ मुश्किल में फंस चुकी थी। इससे पहले इब्राहम जरदान (22) और रहमत शाह (18) ने अफगानिस्तान को संतुलित शुरूआत दी थी। जरदान के आउट होने के बाद कप्तान हशमतउल्लाह शहीदी (18) ने शाह के साथ मिलकर टीम के स्कोर को एक विकेट पर 83 तक पहुंचा दिया था।

# भारत की क्रिकेट टीम ने बेहतर वरीयता के आधार पर जीता स्वर्ण

**नई दिल्ली,** 7 अक्टूबर (देशबन्धु)। भारत और अफगानिस्तान के बीच हंगजू(चीन) में एशियाई खेलों में पुरुष क्रिकेट टीम के बीच फाइनल को बारिश के चलते बेनतीजा अधूरा समाप्त कर दिया। ऋतुराज गायकवाड़ की अगुआई वाली भारतीय क्रिकेट टीम ने बारिश के चलते फाइनल के बेनतीजा अधूरा समाप्त होने पर अपनी बेहतर वरीयता के आधार पर स्वर्ण जीत लिया। हरमनप्रीत कौर की अगुआई में भारत की महिला क्रिकेट टीम ने भी एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक जीता था,।

अफगानिस्तान को रजत पदक पर संतोष करना पड़ा। बारिश के कारण फाइनल अधूरा खत्म नहीं किया जाता तो जिस तरह भारत जिस तरह रंग में था उससे यदि उसके खिलाफ शनिवार को फाइनल बारिश के कारण 18.2 ओवर में अफगानिस्तान को पांच विकेट पर 112 रन पर रोका था वह बेशक मैदान पर फाइनल में भी अपने दमदार प्रदर्शन को जीत का हकदार था। भारत की अनुशासित गेंदबाजी के सामने पहले बल्लेबाजी के लिए बुलाए जाने पर अफगानिस्तान ने 10.5 ओवर में पांच मात्र 52 रन पर खो दिए । शाहिदुल्लाह (अविजित 49 रन दो छक्के, तीन चौके) और कप्तान गुलाबदीन नायक (अविजित 27 रन, 24 गेंद, दो छक्के, एक चौके) की छठे विकेट की 60 रन की असमाप्त भागीदारी से 18.2 ओवर में खेल रोके जाने के समय पांच विकेट पर 112 रन बनाए थे। भारत के ऑलराउंडर तेज गेंदबाज शिवम दुबे की तेजी से उछली गेंद को सलामी बल्लेबाज जुबैद अकबरी(5) को उड़ाने के फेर में मिड ऑन पर अर्शदीप को कैच थमाया जबकि मोहम्मद शाहजाद(4) ने अर्शदीप की ऑफ स्टंप के बाहर जाती गेंद पर बल्ला चला विकेटकीपर जितेश शर्मा को कैच थमा दिया।




■ भारत व अफगानिस्तान में बाारिश के चलते फाइनल बेनतीजा अधूरा समाप्त

■ बारिश से खेल रोके जाने पर अफगानिस्तान ने बनाए 18.2 ओवर में 5 विकेट पर 112

# भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच चेपॉक में बेहद रोमांचक मुकाबले की उम्मीद

■ सत्येन्द्र पाल सिंह

नई दिल्ली, 7 अक्टूबर (देशबन्धु)। पूरे रंग में चल रहे सलामी बल्लेबाज शुभमन गिल का डेंगू की चपेट में आने के कारण दुनिया की नंबर वन टीम मेजबान भारत के लिए इतिहास में सबसे ज्यादा पांच बार खिताब जीतने वाली ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ चेन्नै में रविवार को 2023 के आईसीसी वन डे क्रिकेट विश्व कप के पहले मैच में बाहर होना लगभग तय है। भारत के चीफ कोच राहुल द्रविड़ भले ही यह कहे कि शुभमन गिल बेहतर महसूस कर रहे हैं %मेडिकल टीम उनके बाबत फैसला लेगी' बहुत कुछ बयां कर देता है। सच तो यही है कि शुभमन के रविवार को खेलने की संभावना न के ही बराबर है। शुभमन नेइस साल वन डे अंतर्राष्ट्रीय में पांच शतक सहित सबसे ज्यादा 1230 रन बनाए ही हैं पिछले चार मैचों में उनके दो शतक और दो अर्द्धशतक इस बात का सुबूत है कि वह टीम इंडिया के लिए वाकई बेहद अहम हैँ। शुभमन अपने सलामी जोड़ीदार कप्तान रोहित शर्मा, विराट कोहली के साथ बल्लेबाजी में शीर्ष क्रम में भारत की धुरी हैं और बतौर टीम संतुलन और संयोजन के लिहाज से बेहद अहम हैं। भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच चेपॉक में बेहद रोमांचक मुकाबले की उम्मीद है। भारत को अपने दर्शकों और चेन्नै की पिच से बेहतर वाकिफ होने का लाभ मिलेगा। भारत को अपना ध्यान बदकिस्मती से शुभमन गिल के अस्वस्थ होने के कारण ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ रविवार के मैच के लिए उपलब्धता की बजाय मैच के मिजाज के मुताबिक बेहतरीन एकादश चुनने पर लगाना चाहिए।

मेजबान भारत खुशकिस्मत है कि शीर्ष क्रम में रोहित के सलामी जोड़ीदार के रूप में शुभमन गिल की तरह ही अपने छोटे वन डे अंतर्राष्ट्रीय करियर में दोहरा शतक जडने वाले इशान किशन तो हैं ही विकेटकीपर बल्लेबाज केएल राहुल के रूप में दो बेहतरीन विकल्प हैं। इशान किशन का शुभमन की जगहकप्तान रोहित शर्मा के साथ पारी का आगाज करने और भारतीय एकादश में जगह पाने का इसलिए सबसे मजबूत है कि क्योंकि उन्होंने वन डे अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में भारत के लिए 210 रन का सर्वाधिक स्कोर बतौर सलामी बल्लेबाज ही बनाया है। खासतौर पर ऑस्ट्रेलिया के डेविड वॉर्नर, मिचेल मार्श, कप्तान पैट कमिंस, ग्लेन मैक्सवेल और लेग स्पिनर एडम जम्पा भारत में आईपीएल में लंबे समय से खेलने के कारण इसके मिजाज से खासे वाकिफ हैं।




■ भारत के पास इशान व केएल राहुल के रूप में हैं बेहतरीन विकल्प

■ भारत को ध्यान बेहतरीन एकादश चुनने पर लगाना चाहिए

मनिंदर सिंह ने मौजूदा वन डे विश्व कप के शुरू होने से ठीक पहले मुझे दिए इंटरव्यू में कहा था कि टीम इंडिया हर लिहाज से बेहद संतुलित है बस वह कामना करते हैं कि चोट से उबरने वाले खिलाडियों की चोट इस दौरान न उबरे और टीम का हर क्रिकेटर एकदम फिट रहे अन्यथा दीवार में एक ईंट के निकलने की स्थिति में पूरी दीवार के भरभरा कर गिरने की आशंका बन जाती है। मनिंदर चेन्नै में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 1986 में भारत %टाई' रहे टेस्ट और 1987 में उससे रिलायंस वन डे विश्व कप में मात्र एक रन से हारने वाली टीम में अंतिम बल्लेबाज के रूप में आउट हुए। मनिंदर सिंह का भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच 2023 के वन डे विश्व कप का मैच पिछले मैचों की तरह रोमांचक रहने की उम्मीद है। ऑस्ट्रेलिया ने पहली बार एलन बॉर्डर की कप्तानी में वन डे विश्व कप जीता था।

## सार संक्षेप

### तीन दशक बाद जम्मू में दिखेगा दिग्गज क्रिकेटरों का जमावड़ा

**श्रीनगर।** तीन दशक से भी ज्यादा समय के बाद जम्मू के क्रिकेट प्रेमी लीजेंड लीग के जरिये दिग्गज क्रिकेटरों के प्रदर्शन के गवाह बनेंगे। मौलाना आज़ाद स्टेडियम पर लीग के तीन मुकाबले खेले जायेंगे। लीजेंड लीग के अधिकारियों ने एक विज्ञप्ति में बताया कि आगामी 18 नवंबर से नौ दिसंबर के बीच खेली जाने वाली प्रतियोगिता के सभी 19 मैच जम्मू,रांची,देहरादून,विजाग और सूरत में होंगे जबकि फाइनल सूरत के लालभाई कॉन्ट्रैक्टर स्टेडियम में आयोजित किया जाएगा। तवी नदी के किनारे स्थित मौलाना आज़ाद स्टेडियम की दर्शक क्षमता 20 हजार है। यहां आखिरी अंतरराष्ट्रीय मैच 19 दिसंबर 1988 को भारत और न्यूजीलैंड के बीच खेला गया था। यह स्टेडियम जम्मू और कश्मीर क्रिकेट टीम के घरेलू मैदानों में से एक है। लीजेंड्स लीग क्रिकेट के सह-संस्थापक और सीईओ रमन रहेजा ने कहा, मुझे यह कहते हुए खुशी हो रही है कि लीजेंड्स लीग क्रिकेट आगामी सीज़न के लिए जम्मू शहर में अपने पैर फैला रहा है। जम्मू में यह कदम क्रिकेट को देश के हर कोने तक ले जाने की हमारी प्रतिबद्धता का प्रमाण है।

### अमित रोहिदास को 1.5 करोड़ रुपये देंगे नवीन पटनायक

**भुवनेश्वर।** एशियाई खेल में हॉकी में स्वर्ण पदक विजेता भारतीय टीम के सदस्य अमित रोहिदास को ओडिशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने डेढ़ करोड़ रुपये का नकद पुरस्कार देने की घोषणा की है। मुख्यमंत्री ने ओडिशा के सुंदरगढ़ के निवासी डिफेंडर-ड्रैगफ्लिकर अमित रोहिदास को बधाई देते हुए उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन की सराहना की और उन्हें न केवल ओडिशा बल्कि पूरे देश के युवाओं के लिए प्रेरणाश्रोत बताया। उन्होने कहा अमित रोहिदास की उल्लेखनीय उपलब्धि दृढ़ता और उत्कृष्टता की भावना का उदाहरण हैं। वह हमारे राज्य और उससे बाहर के महत्वाकांक्षी एथलीटों के लिए आशा और गर्व का प्रतीक बन गए हैं। उनकी सफलता की कहानी महानता हासिल करने के प्रयास कर रहे हर व्यक्ति के साथ मेल खाती है। उनकी उपलब्धियों पर हमे बेहद गर्व है। अमित रोहिदास ने टोक्यो ओलंपिक 2020 में कांस्य पदक अर्जित किया था। अमित ने राउरकेला के पानपोश स्पोर्ट्स हॉस्टल में अपने असाधारण कौशल को निखारा। मौजूदा एशियाई खेल में कोरिया के खिलाफ सेमीफाइनल में उनके निर्णायक गोल ने भारतीय टीम को फाइनल और स्वर्ण पदक की ओर प्रेरित किया।